जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें



आयुष म्हात्रे के नाम अनचाहा रिकॉर्ड
पेज 11



# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
www.jagruktimes.co.in

वर्ष 21 | अंक-277 | मुंबई, सोमवार, 5 मई 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य ₹4






NICE
INSURANCE LANDMARK

विशेष सूचना !
एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री' में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।

- मेडीक्लेम केशलेस
- ज्वेलर्स इंश्योरंस
- लाईफ इंश्योरंस
- म्युचल फंड

41 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता

गणपत डागलिया — Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया — M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com


# भारत ने 'चिनाब नदी' का पानी रोका

## सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बाद उठाया कदम

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत का लगातार एक्शन जारी है। पाकिस्तान को दंडित करने के लिए सिंधु जल संधि को स्थगित करने के कुछ दिनों बाद भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बांध के माध्यम से पानी के प्रवाह को कम कर दिया है और झेलम नदी पर किशनगंगा बांध पर भी इसी तरह के उपायों की योजना बना रहा है। ये जल विद्युत बांध जम्मू के रामबन में बगलिहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता प्रदान करते हैं।



बगलिहार बांध को लेकर पाकिस्तान ने अतीत में विश्व बैंक से मध्यस्थता की मांग की है। झेलम की सहायक नदी नीलम नदी पर इसके प्रभाव के संबंध में किशनगंगा बांध को कानूनी और कूटनीतिक जांच का सामना करना पड़ा है। भारत से पाकिस्तान में बहने वाली ये नदियां देश की जीवन रेखाएं मानी जाती हैं क्योंकि यह सिंचाई और पीने योग्य पानी की आपूर्ति के लिए इन पर निर्भर है। भारत सरकार ने प्रतिक्रिया स्वरूप सिंधु जल संधि को स्थगित करने की घोषणा की है और पाकिस्तान में बहने वाली नदियों खासकर चिनाब और झेलम के प्रवाह को नियंत्रित करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। अधिकारियों के अनुसार बगलिहार बांध (चिनाब नदी पर) से पानी की आपूर्ति में कटौती शुरू कर दी गई है, जबकि किशनगंगा बांध (झेलम की सहायक नीलम नदी पर) पर भी इसी प्रकार के उपायों की योजना बनाई जा रही है।

## तूफान से पहले की खामोशी



पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी हो चुकी है। भारत सरकार ने एक के बाद एक राजनीतिक एवं कूटनीतिक स्तर पर कई कदम उठाए हैं। सबसे बड़ा और सख्त कदम है सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला। इसका तत्काल प्रभाव तो यह होगा कि भारत अब पाकिस्तान से नदियों के जल प्रवाह का डाटा शेयर नहीं करेगा। इससे पाकिस्तान को जल प्रबंधन की जानकारी नहीं मिल सकेगी। जहां तक पानी रोकने का सवाल है, उसमें तो समय लगेगा, क्योंकि उसके लिए जलाशय बनाने होंगे, हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट खड़े करने होंगे। जब ये योजनाएं कार्यान्वित हो जाएंगी और भारत पानी के प्रवाह को रोकेगा तो पाकिस्तान में यकीनन हाहाकार मचेगा। अतीत में हम सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर चुके हैं, परंतु उनके कोई दूरगामी परिणाम नहीं निकले। कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रही। हमें यह समझना होगा कि जब तक पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआई पर चोट नहीं की जाती, तब तक पाकिस्तान आतंकवाद का धंधा करता करता रहेगा और भारत को यूं ही तंग करता रहेगा। जरूरत इसकी है कि पाकिस्तान सेना की कमर तोड़ दी जाए और आइएसआई को ध्वस्त कर दिया जाए। जब तक ऐसा नहीं होगा, पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आएगा। हमें अपने सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ करना होगा। सीमा की सुरक्षा, गोपनीय सूचनाओं को एकत्र करने और खतरा होने पर सुरक्षा बलों द्वारा तात्कालिक कार्रवाई, इन सभी में भी सुधार अपेक्षित है। अब हमें हर स्तर पर चेत जाना चाहिए, क्योंकि पानी सिर के ऊपर चला गया है। उम्मीद है कि इस बार भारत सही मायने में पराक्रम दिखाएगा-कागज पर नहीं, संसद में भाषण देकर नहीं, बल्कि वास्तव में। अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भी वापस लेने का समय आ गया है। पाकिस्तान के कुछ नेता बार-बार परमाणु बम के इस्तेमाल की धमकी देते हैं। पाकिस्तान को पता होना चाहिए कि भारत तो परमाणु बम की विभीषिका झेल लेगा, परंतु उसका अस्तित्व ही मिट जाएगा। हाल के दिनों में सरहद के आर-पार जो खामोशी तारी है, लगता है तूफान से पहले की खामोशी है।

**– गोविन्द पुरोहित**
**समूह संपादक**

## मोदी से मिले एयर चीफ मार्शल



**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रविवार को मुलाकात की। ये बैठक करीब 40 मिनट तक चली। दोनों नेताओं के बीच सुरक्षा और रक्षा तैयारियों से संबंधित मामलों पर चर्चा हुई। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात कर चुके है और उन्हें अरब सागर के अहम समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत करा चुके हैं। बैठक से पहले पीएम मोदी से जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मुलाकात की और पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए आतंकी हमले समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच यह बैठक करीब आधे घंटे चली।

- 40 मिनट तक रक्षा मामलों पर चर्चा

## भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना मेरी जिम्मेदारी : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पहलगाम हमले को लेकर कहा कि रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी सशस्त्र बलों के साथ काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। आप हमारे प्रधानमंत्री को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और दृढ़ संकल्प से परिचित हैं। संस्कृति जागरण महोत्सव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, 'राजनीति' शब्द 'राज' और 'नीति' से मिलकर बना है, लेकिन विडंबना यह है कि राजनीति शब्द अपना अर्थ खो चुका है। मुझे पूज्य संतों का आशीर्वाद चाहिए। मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए ताकि हम इसे भारत की राजनीति में पुनः स्थापित कर सकें। राजनाथ सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में हमारे वीर सैनिकों ने हमेशा भारत के भौतिक स्वरूप की रक्षा की है, जबकि दूसरी ओर हमारे ऋषियों और मनीषियों ने भारत के आध्यात्मिक स्वरूप की रक्षा की है। एक ओर जहां हमारे सैनिक रणभूमि पर लड़ते हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे संत जीवनभूमि पर लड़ते हैं।



### यूरोपीय देशों के बयान पर भड़का भारत

## भारत को साथ चाहिए, उपदेश नहीं : एस. जयशंकर



**नई दिल्ली।** जिओ पॉलिटिक्स मुद्दों पर भारत के रुख को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे यूरोपीय देशों पर कटाक्ष करते हुए विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि भारत भागीदारों की तलाश करता है, उपदेशकों की नहीं और यूरोप का कुछ हिस्सा अभी भी उस समस्या से जूझ रहा है। विदेश मंत्री से पूछा गया कि भारत यूरोप से क्या अपेक्षा करता है, इसके जवाब में उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब हम दुनिया को देखते हैं तो हम भागीदारों की तलाश करते हैं, हम उपदेशकों की तलाश नहीं करते। खास तौर से ऐसे उपदेशकों की, जो विदेश में उपदेश देते हैं। उसका पालन अपने देश में नहीं करते और मुझे लगता है कि यूरोप का कुछ हिस्सा अभी भी उस समस्या से जूझ रहा है।

### पाक सांसद को भारत का खौफ

## मोदी नहीं रुकेंगे, भाग जाऊंगा इंग्लैंड : मारवात

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान पर शिकंजा कस रहा है। पाकिस्तानी नेशनल असेंबली के सदस्य शेर अफजल खान मारवात से एक पत्रकार ने सवाल किया कि यदि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ जाता है, तो क्या वह लड़ेंगे? उन्होंने कहा, यदि युद्ध छिड़ता है तो मैं इंग्लैंड भाग जाऊंगा। मारवात का यह जवाब अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया यूजर्स ने यहां तक कहा दिया कि पाकिस्तानी राजनेताओं को भी अपनी सेना पर भरोसा नहीं है। उनसे दूसरा सवाल किया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए कहां संयम बरतना चाहिए?

### भारतीय सेना की ताकत में इजाफा

## रूस ने भेजी इग्ला-एस मिसाइल



**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच भारत ने अपनी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने को लेकर एक और कदम बढ़ाया है। इस बीच रूस ने भारतीय सेना को इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति प्रदान की है। बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली भारतीय सेना की वायु रक्षा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति केंद्र द्वारा बलों को दी गई आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत किए गए अनुबंध के हिस्से के रूप में प्राप्त हुई है।

- ड्रोन का पता लगा कर सकती नष्ट

### क्या है इग्ला-एस मिसाइल

- इग्ला-एस, इग्ला मिसाइलों का ही एक उन्नत संस्करण है। इग्ला मिसाइलें 1990 के दशक से उपयोग में हैं। पुराने संस्करण की मिसाइलों की मौजूदा सूची को भी देश में ही एक भारतीय फर्म द्वारा नवीनीकृत किया गया है। पाकिस्तानी सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सभी प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों से खतरे को देखते हुए भारतीय सेना को बड़ी संख्या में मिसाइलों के साथ उन्नत ड्रोन को नष्ट करने की क्षमताओं की आवश्यकता है।

### न्यूज BRIEF

## कश्मीर में तीन जवानों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिर जाने से सेना के तीन जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था, जब बैटरी चश्मा के पास सुबह करीब 11.30 बजे यह दुर्घटना हुई।

## महाराष्ट्र बोर्ड का रिजल्ट आज

**मुंबई।** महाराष्ट्र बोर्ड ने घोषणा कर दी है कि 12वीं के रिजल्ट पांच मई यानी सोमवार दोपहर एक बजे जारी किए जाएंगे। जो छात्र परीक्षा में शामिल हुए हैं, वो रिजल्ट जारी होने के बाद बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट्स पर उसे देख सकते हैं। छात्रों को अपना रिजल्ट देखने के लिए अपने रोल नंबर और मां का नाम दर्ज करना होगा।

## पद्मश्री शिवानंद बाबा का निधन

**वाराणसी।** वाराणसी के पद्मश्री बाबा शिवानंद महाराज (129) का 30 अप्रैल को वाराणसी के सर सुंदरलाल अस्पताल में निधन हो गया। वह अपने योग और दैनिक दिनचर्या के साथ लंबी आयु के लिए पूरे देश में जाने जाते थे। पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने के दौरान उनका पीएम को झुककर प्रणाम करने का वीडियो वायरल हुआ था। पीएम मोदी ने उनके निधन पर दुख जताया है।



### जापान के एयरस्पेस में घुसा चीनी हेलीकॉप्टर

## टोक्यो ने लड़ाकू विमान को खदेड़ा

- चीन का जियाओयू द्वीप पर दावा

**टोक्यो।** जापान और चीन ने आपस में एक दूसरे पर पूर्वी चीन सागर द्वीपों के आसपास हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। चीन ने जापान के जिस हवाई क्षेत्र में अपना हेलीकॉप्टर भेजा था, उस पर बीजिंग अधिकार जताता है। चीन इन द्वीपों को दियाओयू कहता है। बताया जा रहा है कि पहले एक चीनी हेलीकॉप्टर ने जापान के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया, जिसका टोक्यो की ओर से विरोध दर्ज कराया गया। मगर चीन के नहीं मानने पर टोक्यो ने भी बीजिंग के हवाई क्षेत्र में घुसकर जवाब दिया। इससे दोनों देशों के बीच तनाव का आलम व्याप्त हो गया है। जापान और चीन ने पूर्वी चीन सागर में जापानी नियंत्रण वाले उन द्वीपों के आसपास के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का एक-दूसरे पर आरोप लगाया है, जिन पर बीजिंग भी अपना दावा करता है। जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि शनिवार को चीन की चार तटरक्षक नौकाओं में से एक से उड़ान भरने वाले एक चीनी हेलीकॉप्टर ने सेनकाकू द्वीप के आसपास जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था तथा लगभग 15 मिनट तक क्षेत्र का उल्लंघन किया था, जिसे लेकर उसने बीजिंग के समक्ष विरोध दर्ज कराया है।



### मध्य-प्रदेश 'कृषि उद्योग समागम-2025'

## निवेशकों को सरकार के दरवाजे हमेशा खुले : सीएम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंदसौर जिले के सीतामऊ में आयोजित 'कृषि उद्योग समागम-2025' में 'खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों से संवाद' कार्यक्रम में कहा कि खुशहाल कृषक और उन्नत कृषि मध्य प्रदेश की पहचान है। खाद्य प्रसंस्करण से जहां उद्योगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, वहीं किसान भी आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संचालित राज्य सरकार का संकल्प भी यही है। कृषि आधारित उद्योगों के लिए हमारी सरकार सरल व अनुकूल नीतियों का निर्माण कर उद्यमियों को बढ़ावा दे रही है।



### औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि रविवार को 3812 करोड़ की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ है। इससे स्थानीय स्तर पर 6850 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कृषि संबंधी उद्योगों की संभावनाओं पर निवेशकों से चर्चा की। साथ ही नीमच-मंदसौर जिले में नवीन उद्योग स्थापित करने वाले निवेशकों को आशय प्रमाण पत्र (लेटर ऑफ इंटरेस्ट) भी प्रदान किए गए हैं।

- ईज ऑफ डुइंग बिजनेस प्राथमिकता
- 6850 युवाओं को मिलेगा रोजगार

### डबल इंजन सरकार में बढ़े रोजगार के अवसर

मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार रोजगार के अवसर बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले इस तरह के आयोजन बड़े शहरों में ही होते थे, परंतु अब हमने संभाग एवं जिला स्तर पर भी इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने का निर्णय लिया है और इसकी शुरुआत आज मंदसौर जिले से हुई है।

### 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि सरकार के दरवाजे निवेशकों के लिए हमेशा खुले हैं। सरकार हरसंभव सहयोग के लिए निवेशकों के साथ खड़ी है। भोपाल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्यानिकी क्षेत्र में 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार सभी प्रकार के निवेशकों को समान रूप से निवेश के अवसर उपलब्ध करा रही है।

## केदारनाथ यात्रा की बुकिंग 7 से

**नई दिल्ली।** जून माह में केदारनाथ की हेली सेवा के लिए टिकट की ऑनलाइन बुकिंग सात मई को शुरू होगी। आईआरसीटीसी ने इसकी सूचना जारी कर दी है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.heliyatra.irctc.co.in के माध्यम से केदारनाथ हेली सेवा के टिकट बुक किए जा सकते हैं। सात मई को ऑनलाइन बुकिंग दोपहर 12 बजे शुरू होगी। फिलहाल एक से 30 जून के लिए बुकिंग खोली जा रही है। इससे पहले 31 मई तक की बुकिंग खोली गई थी, जो कि पांच मिनट के भीतर फुल हो गई थी।



- एक से 30 जून तक होगी बुकिंग
- मई की बुकिंग पांच मिनट में फुल

**इन बातों का रखें ध्यान**–केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट heliyatra.irctc.co.in से ही बुकिंग की जाएगी। बुकिंग के लिए कोई अन्य पोर्टल या एजेंसी को जिम्मेदारी नहीं दी गई है। किसी भी मोबाइल नंबर पर बात न करें। भुगतान भी आईआरसीटीसी की वेबसाइट से ही किया जाएगा। किसी के भी क्यूआर कोड या यूपीआई आईडी पर भुगतान न करें। ठगी की आशंका होने पर 1930 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बताएं।

## बिहार में नाटे हो गए बच्चे !

**पटना।** बिहार में बच्चों की हाईट एंड वेट को लेकर एक हैरान करने वाली रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बिहार में बच्चों की औसत हाईट कम हो गई है। राज्य में बच्चे नाटे हो रहे हैं। यह रिपोर्ट सामने आते ही बवाल मच गया है। इसके बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए है। जांच के बाद अब असली वजह सामने आई है। इसमें पाया गया है कि बच्चे नाटे नहीं हो रहे, बल्कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बनाई गई रिपोर्ट ही गलत है।

- आंगनबाड़ी सेविकाओं की गलती
- एक्शन में समाज कल्याण मंत्रालय
- बच्चों की हाईट-वेट की रिपोर्ट गलत

### सर्वे में गड़बड़ी

इसमें पता चला कि यह गड़बड़ी रिपोर्ट को तैयार करने में हुई लापरवाही की वजह से है। यह खुलासा होने के बाद सरकार ने नए सिरे से रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए हैं। सभी राज्य सरकारें अपने क्षेत्राधिकार में बच्चों के पोषण पर रिपोर्ट तैयार कराती है। यह जिम्मेदारी राज्य के बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के पास है। विभाग भी आंगनबाड़ी सेविकाओं के जरिए सर्वे कराता है और समग्र रिपोर्ट दाखिल करता है।

### जांच के आदेश

इसमें बच्चों की कद-काठी से लेकर उनके पोषण आदि मुद्दों को शामिल किया जाता है। इस रिपोर्ट को स्टंटिंग स्टेटस कहा जाता है। इसी के आधार पर बच्चों के सर्वांगीण विकास की योजनाएं बनाई जाती हैं। इस साल जब बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने अपनी रिपोर्ट अन्य विभागों में भेजी तो इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ। इसके बाद हरकत में आए समाज कल्याण मंत्रालय ने जांच के आदेश दिए हैं।



### घर बैठे बना दी रिपोर्ट

- जांच में पाया गया है कि आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बच्चों की ना तो हाईट नापी और ना ही उनका वजन कराया। बल्कि घर में बैठकर अंदाजे पर ही रिपोर्ट बना दी। यह स्थिति केवल एक जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य भर में है।

### लखनऊ में धर्म संसद का आयोजन

## हिंदू राष्ट्र समेत सात प्रस्ताव पास

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में धर्म संसद का आयोजन किया गया। जिसमें अयोध्या, काशी और मथुरा समेत पूरे देशभर के साधु-संतों के साथ उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी शामिल हुए। धर्म संसद में देश के हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न मसलों पर प्रस्ताव पारित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने बताया कि धर्म संसद में देश के हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मसलों पर प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिए गए हैं। पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर लोगों की हत्या की, ऐसी कायराना हरकत दोबारा न हो, इसके लिए हिंदू राष्ट्र का प्रस्ताव है।



- देश भर के साधु-संत हुए शामिल

मुस्लिम इलाकों में विश्व हिंदू रक्षा दल अपना सनातन कवच बनाएगा। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जून में सनातन यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही मुर्शिदाबाद में हेल्पलाइन खोली जाएगी।

# 'ईट राइट स्ट्रीट फूड हब' मुंबई में शुरू: योगेश कदम

## ▸▸ देश का पहला संपूर्ण रूप से महिलाओं द्वारा संचालित हब (एफडीए-बीएमसी) के सहयोग से शुरू
## ▸▸ माहिम सीफूड प्लाजा बेहतरीन उदाहरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** "उपयुक्त अवसर और प्रशिक्षण के माध्यम से, जमीनी स्तर के सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों को नया रूप दे सकती हैं। माहिम सीफूड प्लाजा इसका एक बेहतरीन उदाहरण है," यह कहना है अन्न व औषध प्रशासन के राज्यमंत्री योगेश कदम का। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र इस परिवर्तनकारी 'ईट राइट स्ट्रीट फूड हब' उपक्रम में देश का नेतृत्व कर रहा है। देश का पहला पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित 'ईट राइट स्ट्रीट फूड हब' मुंबई में माहिम रेतीबंदर पर शुरू किया गया है। यह उपक्रम बृहन्मुंबई विभाग के अन्न व औषध प्रशासन (एफडीए) द्वारा बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के सहयोग से शुरू किया गया है, जिसमें स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी है।



### प्रमुख व्यक्तियों को किया सम्मानित

राज्यमंत्री कदम ने इस अवसर पर इस हब को प्रमाणित करने में योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तियों को भी सम्मानित किया, जिनमें शामिल हैं। दक्षिता पवार और अनिकेत पाटेरे – समुदाय संघटक, बीएमसी जी-उत्तर वॉर्ड। अनिकेत पाच्छरकर और अजिंक्य पाच्छरकर – समुदाय विकास अधिकारी। अनुपमा बाळासाहेब पाटील – सहाय्यक आयुक्त (अन्न)।

### 153 महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित

इस उपक्रम के तहत 2 मई को माहिम में प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जहां राज्यमंत्री कदम ने 153 महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस कार्यक्रम में एफडीए आयुक्त राजेश नार्वेकर और संयुक्त आयुक्त (अन्न), बृहन्मुंबई विभाग के मंगेश माने भी उपस्थित थे। राज्यमंत्री कदम ने कहा कि माहिम सीफूड प्लाजा में परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थ सिर्फ स्वच्छ और स्वादिष्ट ही नहीं हैं, बल्कि उनमें कोकण क्षेत्र की पारंपरिक खाद्य संस्कृति भी गहराई से रची-बसी है। उन्होंने स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए महिलाओं की प्रशंसा की और असली कोली व्यंजन का स्वाद लेते हुए महिलाओं से संवाद किया।

### स्वच्छता का पालन करता माहिम सीफूड

माहिम सीफूड प्लाजा हर बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहता है।
यह पूरा हब 153 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा प्रबंधित किया जाता है, और हर स्टॉल पर कड़े स्वच्छता मानकों का पालन किया जाता है। यहां की महिलाओं ने ईट राइट इंडिया अभियान के तहत फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया है, जिससे ऑडिट और निरीक्षण के माध्यम से पूर्ण खाद्य सुरक्षा अनुपालन सुनिश्चित किया गया है।

# पहलगाम अटैक पर उद्धव ठाकरे चुप क्यों : देवड़ा

**मुंबई।** शिवसेना शिंदे गुट से राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने उद्धव ठाकरे पर तंज कसा है। देवड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा कि 'देश के बेटों से लेकर भारत के पर्यटकों तक' ठाकरे कितने गिर गए हैं। जब पहलगाम में गोलियां चल रही थीं, तब वे यूरोप में छुट्टियां मना रहे थे। साथ ही महाराष्ट्र दिवस पर वे बिना कुछ कहे गायब हो गए। हालांकि, मिलिंद देवड़ा के इस तंज पर अभी उद्धव ठाकरे का कोई बयान नहीं आया है। दरअसल, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे बीते दिनों यूरोप में छुट्टियां मनाने गए थे। इसी बीच उद्धव ठाकरे भी अपने परिवार के साथ यूरोप चले गए। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों के बीच यूरोप में एक साथ आने की बातचीत हो सकती है। महाराष्ट्र के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर शिवसेना प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का अपने परिवार के साथ विदेश यात्रा पर जाने का निर्णय राजनीतिक विवाद का विषय बन गया है। सत्तारूढ़ महायुति ने भी मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में उनकी अनुपस्थिति पर सवाल उठाया था। जबकि राज्य के बाकी राजनीतिक दल संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए पूरी ताकत से जुटे और ठाकरे अनुपस्थित रहे।



▸▸ मिलिंदे के तंज पर उद्धव ने नहीं दी प्रतिक्रिया

# एयर होस्टेस के साथ छेड़खानी

■ पुलिस हिरासत में आरोपी

**मुंबई।** दिल्ली-शिरडी उड़ान में नशे में धुत यात्री ने एयर होस्टेस से कथित तौर पर छेड़छाड़ की। पुलिस ने रविवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर इंडिगो विमान के शिरडी एयरपोर्ट पर उतरने के बाद आरोपित को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यात्री ने विमान के शौचालय के पास एयर होस्टेस को अनुचित तरीके से छुआ। एयर होस्टेस ने अपने क्रू मैनेजर को इसकी जानकारी दी, जिसने विमान के शिरडी एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सुरक्षाकर्मियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद यात्री को हिरासत में लिया गया। आरोपित पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया। उसकी मेडिकल जांच में पुष्टि हुई कि उसने शराब पी रखी थी।

## रयान इंटरनेशनल स्कूल ने रचे शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए प्रतिमान

# अदिति, अवनी और रोहन को मिले सर्वाधिक अंक

## ▸▸ 2024-25 की दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** रयान इंटरनेशनल स्कूल, चेंबूर ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए आईसीएसई परीक्षा में अपने विद्यार्थियों की असाधारण उपलब्धियों की बदौलत शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए प्रतिमान रचते हुए शानदार सफलता का परचम लहराया है।
रयान इंटरनेशनल स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका तथा मुंबई की सुपरिचित साहित्यकार श्रीमती प्रमिला शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 की दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में रयान इंटर नेशनल स्कूल, चेंबूर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परिणाम घोषित होने पर विद्यालय में समारोहपूर्वक ख़ुशियाँ मनाईं गईं। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से, शीर्ष अंक प्राप्तकर्ताओं अदिति शाह, अवनी फोकमारे और रोहन सिंह ने क्रमशः 99.2%, 98.4% और 97.8% के प्रभावशाली अंक प्राप्त करते हुए असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया है।
कुल 153 विद्यार्थियों के बीच में से, 28 छात्रों ने 95% और उससे अधिक अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जबकि 32 छात्रों ने 90% से 94% तक अंक प्राप्त किये हैं। 48 छात्रों ने 80% से 89% के बीच, 32 छात्रों ने 70% से 79% के बीच और 13 छात्रों ने 60% से 69% के बीच अंक प्राप्त किए हैं, जो शैक्षणिक दक्षता के एक उत्कृष्ट स्पेक्ट्रम को दर्शाता है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को पोषित करने में दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट समर्थन के लिए अध्यक्ष डा. ए. एफ. पिंटो और प्रबंध निदेशक ग्रेस पिंटो का योगदान अतुलनीय रहा है। विद्यालय के चेयरमैन ने सभी विद्यार्थियों को बधाइयां दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रकट की हैं।




# पालघर में दो मजदूरों की मौत

**मुंबई।** पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) प्लांट में गड्ढे में गिरने से दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम को सासुपाड़ा इलाके में प्लांट में हुई इस घटना में एक मजदूर घायल भी हुआ है।
मजदूर विश्वजीत हरिश्चंद्र राजभर (20) और राजन सुरेंद्र राजभर (24) फिसलकर 30 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए, जिसमें कुछ अवशिष्ट रसायन या कंक्रीट सामग्री थी और उनका दम घुटने लगा। मदद के लिए उनकी चीखें सुनकर एक अन्य मजदूर सलमान खान दोनों को बचाने के लिए गड्ढे में उतरा, लेकिन उसका दम घुटने लगा।
आखिरकार तीनों को हाइड्रा क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। विश्वजीत और राजन बेहोशी की हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाए गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सुरक्षा उपायों और प्रोटोकॉल के संबंध में प्लांट मालिक या प्रबंधन द्वारा संभावित लापरवाही की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि प्लांट ने मानक सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन किया था या नहीं और क्या गड्ढे को सुरक्षित रखा गया था या हवादार था?'दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली गई है।

## सीबीडी बेलापुर में अमृत 2.0 योजना

# टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य जल्द पूरा हो : आयुक्त



▸▸ नवी मुंबई मनपा आयुक्त ने निरीक्षण के बाद दिए निर्देश

**नवी मुंबई।** केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत सीबीडी बेलापुर सेक्टर-12 में 7.50 एमएलडी क्षमता वाले टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। डॉ. कैलास शिंदे ने इस स्थल का दौरा कर निर्माण को गति देने और कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शहर अभियंता शिरीष आरदवाड, अतिरिक्त शहर अभियंता अरविंद शिंदे एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस परियोजना से उत्पादित पुनर्प्रक्रियाकृत जल का उपयोग बेलापुर विभाग के उद्यानों, ट्री बेल्ट और सड़क के डिवाइडरों में किया जाएगा। इसके अलावा, सार्वजनिक हाउसिंग सोसायटियों में वाहनों, उद्यान, साज-सज्जा वाली जगहों और निर्माण कार्यों के लिए भी आवश्यकता अनुसार इस पुनर्प्रक्रियाकृत जल की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए बेलापुर विभाग में 23 किमी लंबी पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिसमें से 21 किमी का कार्य पूर्ण हो चुका है। आयुक्त ने निर्देश दिए कि 31 मई तक निर्माण पूर्ण कर ट्रायल रन शुरू किया जाए और 31 जुलाई तक परियोजना कार्य पूर्ण कर लिया जाए। इसके साथ ही आयुक्त ने पूरे परियोजना क्षेत्र का सीमांकन कर उसके चारों ओर सुरक्षा दीवार निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही, परियोजना क्षेत्र के पास सड़क किनारे वृक्षारोपण करने के भी निर्देश दिए गए। इस परियोजना से पेयजल के अतिरिक्त कार्यों के लिए पुनर्प्रक्रियाकृत जल का उपयोग किया जा सकेगा, जिससे पेयजल की बचत होगी। इस दृष्टि से अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत निर्मित यह परियोजना नवी मुंबई की पर्यावरणीय सोच के अनुरूप मानी जा रही है।

# डिजिटल प्रचार अभियानों को सटीक डेटा आवश्यक : पार्थसारथी

■ विज्ञापन प्रक्रिया में डेटा ही मुख्य केंद्र होता है

**मुंबई।** डिजिटल माध्यम से प्रभावी प्रचार और विज्ञापन अभियानों के लिए सटीक और उपयुक्त डेटा (जानकारी) होना अत्यंत आवश्यक है। विज्ञापन प्रक्रिया में डेटा ही मुख्य केंद्र होता है। किसी भी प्रचार अभियान की सफलता के लिए सही डेटा प्राप्त करना जरूरी है, और इसके लिए शोध, उचित योजना, रणनीतिक कार्यान्वयन और मूल्यांकन आवश्यक होता है, ऐसा मत ग्रुप एम साउथ एशिया के मुख्य रणनीति अधिकारी एम. ए. पार्थसारथी ने व्यक्त किया। वे वेव्ज 2025 दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन के अंतर्गत "डाटा-ड्रिवन इनसाइट और विज्ञापन में मापन" विषय पर आयोजित परिसंवाद में बोल रहे थे। यह सत्र जिओ वर्ल्ड सेंटर, मुंबई में आयोजित किया गया था। पार्थसारथी ने बताया कि सामाजिक अनुसंधान के माध्यम से जानकारी इकट्ठा करते समय नमूना चयन पद्धति, जनगणना, सर्वेक्षण, संभाव्यता आधारित तरीके, प्रमाणिक जानकारी और चयनित ग्राहकों पर आधारित जानकारी आवश्यक होती है। इन सूचनाओं के आधार पर डिजिटल माध्यम से उचित लक्षित वर्ग तक पहुँचना सरल और प्रभावी बनता है। आज डेटा का उपयोग केवल जानकारी एकत्र करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विज्ञापन की पूरी प्रक्रिया – अनुसंधान, योजना, क्रियान्वयन और मूल्यांकन – के हर चरण में किया जाता है।

## चंद्रपुर में युवक ने पेश की मिशाल

# शादी के पैसे से बनवा दी सड़क

■ ज्योतिराव फुले की 'सत्यशोधक समाज' की प्रेरणा से प्रभावित युवक

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के एक युवक ने अनोखी मिसाल पेश की है। वरोरा तहसील के सुसा गांव निवासी श्रीकांत एकुड़े ने शादी की रस्मों पर खर्च करने की बजाय उसी धन से गांव के लिए सड़क बनवाई। श्रीकांत की शादी 28 अप्रैल को अंजली से एक बेहद साधारण तरीके से हुई। वह ज्योतिराव फुले की 'सत्यशोधक समाज' की प्रेरणा से प्रभावित हैं, जिसमें दिखावे से परहेज और समाजसेवा को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने बताया कि शादी पर होने वाले पारंपरिक खर्चों और उपहारों को पूरी तरह त्याग दिया और केवल 50 हजार की राशि जुटाकर ग्रामीणों व ग्राम पंचायत की मदद से 600 मीटर लंबी सड़क बनवाई। श्रीकांत ने बताया, लोगों के लिए अपने खेतों तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाता था। स्थानीय लोगों और ग्राम पंचायत की मदद से हमने सड़क बनवाई। लोग उपकरण, बर्तन और फर्नीचर जैसे उपहारों पर पैसा खर्च करते हैं। लेकिन वे अपने मेहमानों से कहते हैं कि वे उनके लिए ऐसी कोई चीज न खरीदें। हमने सुसा गांव में पौधे लगाने के लिए धन जुटाया, जहां 36 अलग-अलग प्रकार के फलों के पेड़ लगाए गए। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि ग्रामीण विकास का भी शानदार उदाहरण है। श्रीकांत की सोच आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है।



महाराष्ट्र शासन

**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**

**कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, अमळनेर**

दूरध्वनी क्रमांक 02587-224112

e-mail : amalner.ee@mahapwd.gov.in

ई-निविदा सुचना क्रमांक - 03 सन 2025-2026

कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, अमळनेर हे कुठलेही सक्षम कंत्राटदार जे निविदेतील अटी व शर्ती पूर्ण करतील अशा कंत्राटदारांकडून खालील कामाकरिता ब-1 नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) मागवीत आहेत. निविदा कागदपत्रे महाराष्ट्र शासनाचे संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावी. कोणतीही किंवा सर्व निविदा स्वीकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार अधीक्षक अभियंता / कार्यकारी अभियंता, यांनी राखून ठेवलेला आहे. तसेच अट असलेली कोणतीही निविदा स्विकारली जाणार नाही.

वरील निविदा सुचनेत एकूण 01 (एक) कामे असून त्या रस्ते कामे समाविष्ट असून कामांच्या निविदांची संपूर्ण माहिती दिनांक 05/05/2025 ते 16/05/2025 रोजी संध्याकाळी 17.00 वाजेपर्यंत डाऊनलोडिंगसाठी http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सदरची विस्तृत निविदा सुचना http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर व सार्वजनिक बांधकाम विभागाच्या www.mahapwd.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे. तसेच कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, अमळनेर यांचे कार्यालयातील नोटीस बोर्डावर उपलब्ध आहे.

सही/-
कार्यकारी अभियंता
सार्वजनिक बांधकाम विभाग अमळनेर

D.G.I.P.R/2025/2026/483

# सूक्ष्म से विशाल की ओर जाने का विज्ञान अध्यात्म: श्री श्री आनंदमूर्ति

क्या जीवात्मा और परमात्मा दो अलग-अलग तत्व हैं? नहीं, वे अलग नहीं हैं। लेकिन जब तक जीवात्मा बंधनों में जकड़ी रहती है, वह सृष्टि के चक्र में जन्म और मरण के खेल के कारण घूमती रहती है। जब विषयमय मन निरंतर साधना द्वारा अपने सभी संचित संस्कारों (क्रियात्मक प्रवृत्तियों) को समाप्त कर देता है, तब वह परम चेतना में एकाकार हो जाता है। वास्तव में, जीवात्मा और परमात्मा के बीच अंतर केवल दो चीजों से होता है-संस्कार (संचित क्रियात्मक प्रवृत्तियां) और उपाधि (अतिरिक्त योग्यता)। परमात्मा एकमात्र अपरिवर्तनीय सत्ता है। सत्य वह है जो समय, स्थान और व्यक्ति के परिवर्तन से नहीं बदलता। प्रत्येक सीमित वस्तु निरंतर परिवर्तनशील है, लेकिन ब्रह्म अथवा सत्य अनंत, सतत और शाश्वत है। वह सभी भौगोलिक, कालिक और वैयक्तिक भेदों से परे है। मनुष्य को साधना के माध्यम से इन भेदों से ऊपर उठकर परम सत्य की स्थिति को प्राप्त करना होगा। जब वे सीमित वस्तुओं को अपने मानसिक लक्ष्य के रूप में लेना बंद कर देते हैं, और अपनी संपूर्ण मानसिक शक्ति को परम ब्रह्म की ओर निर्देशित करते हैं, तब वे उसकी कृपा से एक ऐसी उच्च मानसिक स्थिति प्राप्त कर लेते हैं, जहां वे कुछ भी सुन या अनुभव नहीं कर पाते-वे परम स्थिति को प्राप्त करते हैं। इस स्थिति को प्राप्त करने के लिए अभेद ज्ञान (अद्वैत विज्ञान) अनिवार्य है, और यह केवल आपकी कृपा से ही संभव है। कोई भी कार्य- चाहे वह आत्म-संरक्षण के लिए हो या साधना के लिए- परमात्मा की कृपा के बिना संभव नहीं है। लेकिन यह कृपा अपने आप नहीं मिलती। इसे प्राप्त करने के लिए मनुष्यों को सद्कर्म करने होते हैं। केवल सरल, सुंदर और निष्कलंक कर्म ही उसे प्रसन्न कर सकते हैं, जिससे वह साधकों पर अपनी आनंदमयी कृपा की वर्षा करता है। हम अपने दैनिक जीवन में देखते हैं कि एक मां अक्सर अपने बच्चे को खिलौने या कुछ खाने को देकर अपने घरेलू कामों में लग जाती है। थोड़ी देर खेलने के बाद जब बच्चा अपनी मां को याद करता है, तो वह जोर से रोता है ताकि मां का ध्यान उसकी ओर जाए। मां चाहे कितनी भी व्यस्त हो, जब वह अपने बच्चे की पुकार सुनती है, तो वह अपने काम छोड़कर बच्चे के पास जाती है। अगर बच्चा मां की उपस्थिति की जिद करता है, तो वह उसे गोद में उठाकर प्यार करती है। ठीक इसी प्रकार, जब कोई साधक परम पुरुष को अत्यंत प्रेम और समर्पण से पुकारता है, तो उसकी पुकार परम पुरुष तक अवश्य पहुंचती है। और उसकी कृपा से साधक मुक्ति को प्राप्त करता है। परम पुरुष निरपेक्ष हैं– वह पापी और पुण्यात्मा में कोई भेद नहीं करता। यह तो समाज है जो ऐसा भेद करता है। पापी और पुण्यात्मा दोनों ही परमात्मा की संतान हैं, अतः दोनों ही उसे प्रिय हैं। पुण्य और पाप की संकल्पनाएं मानव मन की उपज हैं। कुछ विशेष प्रवृत्तियों के प्रभाव के कारण जब मन में पाप की भावना उत्पन्न होती है, तो व्यक्ति बाह्य संसार में पाप कर्म करता है। लेकिन जब इन नकारात्मक प्रवृत्तियों का प्रभाव मन से हट जाता है, तो मन में कई पुण्य विचार-दूसरों की भलाई की सच्ची इच्छा-उत्पन्न होने लगती है। जब तथाकथित पापी सच्चे भाव से परम पुरुष को पुकारते हैं और भक्ति से उसके चरणों में समर्पण करते हैं, तो वे पापी नहीं रह जाते। पापी और पुण्यात्मा, दोनों ही मुक्ति के समान अधिकारी हैं। दयालु परम पुरुष ने स्पष्ट आश्वासन दिया है कि उसका आश्रय तथाकथित पापियों के लिए भी है।



# सीमा हैदर को पाक भेजे सरकार : अबू आजमी



**मुंबई।** पहलगाम हमले के बाद एक ओर जहां भारत सरकार ने पाकिस्तान के नागरिकों को देश छोड़ने का संकेत दे दिया है,वहीं दूसरी ओर सबसे चर्चित पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर की भारत में मौजूदगी पर भी सवाल उठने लगे हैं। सीमा हैदर, जो एक ऑनलाइन गेम के ज़रिए सचिन के संपर्क में आई थीं और फिर किसी तरह नेपाल के रास्ते भारत पहुंच गईं। अब इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के नेता अबू आज़मी ने भी सरकार को घेरते हुए कड़े सवाल उठाए हैं। अबू आजमी ने सख्त लहजे में कहा कि अगर सभी पाकिस्तानियों को वापस भेजा जा रहा है तो सीमा हैदर को क्यों छोड़ा गया है? हमारी मांग है कि उसे भी जल्द से जल्द पाकिस्तान वापस भेजा जाए। उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि अगर बाकी लोगों के वीजा रद्द किए जा रहे हैं।

**पुणे महानगरपालिका**

जाहिरात क्र. 2/82 दि. 02/05/2025

अद्धितीय & Unique

**निविदा प्रक्रिया कक्ष प्रकल्प विभाग**

**निविदा जाहिरात नवीन कामे**

विक्री कालावधी दिनांक :- 06/05/2025 10.00 सकाळी ते 13/05/2025 03.00 दुपारी पर्यंत

स्विकृती दिनांक :- 06/05/2025 10.00 सकाळी ते 13/05/2025 03.00 दुपारी पर्यंत पर्यंत तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक : 14/05/2025 03.00 दुपारी.

| निविदा क्र. | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किंमत रू | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम रू | बयाणा रक्कम रू | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दुरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC /chiefEngrProject/ 2025/09 | प्रकल्प | पुणे मनपाचे विविध वाहनतळामध्ये देखभाल दुरुस्ती, विद्युत विषयक व शौचालय उभारणी इ. कामे करणे. (भाग-1) | 1359/- | 2773190/- | 27732/- | 12 | हिमानी नरेंद्र पटले 7997076038 |
| PMC /chiefEngrProject/ 2025/10 | प्रकल्प | निगमनाच्या ठिकाणी थर्माप्लास्ट पेंटचे पट्टे मारणे. (भाग-1) | 6079/- | 5557161/- | 55572/- | 9 | संभाजी नेताजी कावडे 9322266934 |
| PMC /chiefEngrProject/ 2025/11 | प्रकल्प | पुणे शहरातील विविध पुलांची दैनंदिन देखभाल दुरुस्ती विषयक कामे करणे. (भाग 1) | 6079/- | 14044170/- | 140442/- | 12 | संभाजी नेताजी कावडे 9322266934 |
| PMC /chiefEngrProject/ 2025/12 | प्रकल्प | पुणे मनपाच्या फुटओव्हर ब्रिज,, भुयारी मार्ग व वाहनतळ सबवे येथे देखभाल व दुरुस्तीची कामे, सुरक्षा व्यवस्था करणे, तसेच विविध प्रकारची कामे करणे, बीआरटी सुरक्षा व्यवस्था करणे. (भाग-1) | 6079/- | 13915761/- | 139158/- | 12 | हिमानी नरेंद्र पटले 7997076038 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यसाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेबसाईटवरून फक्त ऑनलाईन पधतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पधतीने मागविण्यात येत आहेत.
ब) निविदा प्रकियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न झाल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.
क) ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न.पा. येथे मिळेल.
ड) ठेकेदाराने बयाणा रक्कम (ईएमडी) रक्कम ऑनलाईन भरल्यास त्याची पावती 'अ' पाकिटात जोडावी.
कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि) / 32 दिनाक 22/04/2016 नुसार बयाना रक्कम इ.सी एस./ आर.टी.जी.एस./एन. एफ. टी सुविधेमार्फतच स्वीकारनेत येणार आहे.

Abhijeet Arun Ambekar
कार्यकारी अभियंता (प्रकल्प)
पुणे महानगरपालिका

# तीस हजार रुपए जुर्माना वसूला, 36.300 किलो प्लास्टिक जब्त



## ▸▸ नवी मुंबई मनपा की चार दिनों से जारी कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** एकल उपयोग प्लास्टिक, विशेष रूप से प्लास्टिक थैलियों के उपयोग को नागरिकों द्वारा रोका जाए, इस उद्देश्य से मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में नवी मुंबई मनपा की ओर से बड़े पैमाने पर जनजागरण किया जा रहा है। साथ ही वैकल्पिक कपड़े और कागज की थैलियों के उपयोग पर बल दिया जा रहा है। इसी क्रम में परिमंडल 2 विभाग के उपायुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़ के नियंत्रण में परिमंडल 2 की उड़नदस्ता टीम द्वारा पिछले 4 दिनों में की गई विशेष जांच मुहिम में 6 व्यापारियों के पास प्लास्टिक थैलियों का उपयोग पाए जाने पर प्रत्येक से रु. 5,000 के हिसाब से कुल रु. 30,000 जुर्माना वसूला गया तथा 36 किलो 300 ग्राम प्लास्टिक थैलियों का भंडार जब्त किया गया है। इसमें परिमंडल 2 की प्लास्टिक प्रतिबंधक उड़नदस्ता टीम ने 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के दिन मुलुंड-ऐरोली टोल नाके पर मुंबई से नवी मुंबई लाए जा रहे प्लास्टिक थैलियों के 30 किलो भंडार को जब्त किया, तथा राजेश गुप्ता से रु.5,000 जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार, 30 अप्रैल को इस टीम ने घणसोलीगांव स्थित शिवशक्ति स्टोर्स के पास प्लास्टिक थैलियों का उपयोग पाए जाने पर 1 किलो प्लास्टिक थैलियों का भंडार जब्त किया तथा रु.5,000 का जुर्माना वसूला गया। साथ ही घणसोली के पूजा ट्रेडर्स से भी रु. 5,000 जुर्माना वसूला गया तथा 500 ग्राम प्लास्टिक थैलियां जब्त की गईं। 3 मई को भी सेक्टर 1 कोपरखैरणे स्थित डी.आर. भानुशाली एंड सन्स के पास प्लास्टिक थैलियों का उपयोग पाया गया, जिससे रु.5,000 जुर्माना वसूला गया और 1 किलो प्लास्टिक थैलियां जब्त की गईं। इसी परिमंडल 2 की उड़नदस्ता टीम ने सेक्टर 1 के थोरात बंधू किराना स्टोर्स तथा सेक्टर 6 ऐरोली के महालक्ष्मी मार्ट से भी प्लास्टिक थैलियों का उपयोग करते हुए पाया, जिससे दोनों से रु.5,000-रु.5,000 जुर्माना तथा क्रमशः 3 किलो और 800 ग्राम प्लास्टिक थैलियां जब्त की गईं।

# कई दिग्गज 17वें न्यूज़मेकर्स अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सभागार में आफ्टरनून वॉइस प्रेजेंट 17वें न्यूज़मेकर्स अचीवर्स अवार्ड का आयोजन किया गया। डॉ। वैदेही तमान द्वारा आयोजित इस समारोह में पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामलाल, मंत्री श्री उदय सामंत, मंत्री योगेश कदम, अनु अग्रवाल आशिकी अभिनेत्री, नायरा एम बनर्जी, पंकज बेरी, स्मिता जयकर, अप्पा परब जी, जे वी पवार,मास्टर अयान खान, सहित कई आईएएस,आईपीएस अधिकारी और कई मीडिया प्रमुख को इस सम्मान से नवाजा गया।




▸▸ पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, उदय सामंत, अनु अग्रवाल, नायरा एम बनर्जी, पंकज बेरी को मिला अवॉर्ड

▸▸ महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में यशवंतराव चव्हाण सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

### स्मिता जयकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

हम दिल दे चुके सनम फेम अदाकारा स्मिता जयकर ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल करने के बाद कहा कि कितने दिग्गज लोग स्टेज पर हैं। मैं एक बार फिर वैदेही को दिल से धन्यवाद देती हूँ। सोशल केटेगरी मे यह अवॉर्ड बेस्ट आईपीएस अधिकारी के लिए संदीप तमगडगे, डिफेंस सर्विस में योगदान के लिए कर्नल प्रभात सूद (रिटायर्ड), बेस्ट सोशल वर्कर महामंडलेश्वर पायल नंदगिरी जी, बेस्ट डॉक्टर डॉ वेणु गोपाल राम राव, बेस्ट वैदिक आचार्य पंडित विद्याधर मिश्रा, सर्वश्रेष्ठ हिन्दी साहित्यकार यतींद्र कटारिया को दिया गया।



### ▸▸ पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

पहलगाम हमले में हुए शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभी ने मौन धारण किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

### सामंत -कदम को बेस्ट पॉलिटिशियन सम्मान

महाराष्ट्र सरकार में उद्योग मंत्री उदय सामंत को बेस्ट वर्किंग पॉलिटिशियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उदय सामंत ने कहा कि उषा ताई, रामलाल जी, योगेश कदम, डॉ वैदेही सहित यहां उपस्थित सबको पहले महाराष्ट्र दिवस, मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सौभाग्यशाली मानता हूं कि स्टेज पर ऐसी ऐसी हस्तियां बैठी हैं और मुझे सम्मानित किया गया। योगेश कदम को भी सम्मानित किया गया।

महाबलेश्वर में आयोजित महापर्यटन उत्सव-2025

# पर्यटन को बढ़ावा देने को पूरे वर्ष का पर्यटन कैलेंडर बनाएं : सीएम

▸▸ पर्यटकों को सुविधाओं की जानकारी देने को नई तकनीक का उपयोग करने का आह्वान

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सातारा।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग को पूरे वर्ष का पर्यटन कैलेंडर तैयार करना चाहिए, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले त्योहारों और आयोजनों को शामिल किया जाए। देश के टूर ऑपरेटरों के साथ कार्यशालाएं आयोजित कर उन्हें महाराष्ट्र की पर्यटन सुविधाओं की जानकारी दी जानी चाहिए। आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सभी पर्यटन सुविधाओं की जानकारी एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए, यह आह्वान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। वे महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल (एमटीडीसी) द्वारा महाबलेश्वर में आयोजित महापर्यटन उत्सव-2025 के समापन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे विधान परिषद के सभापति प्रा. राम शिंदे, पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई, उद्योग मंत्री उदय सामंत, सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्रसिंह भोसले, ग्रामविकास व पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे, मदद व पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव (पाटील), विधायक डॉ. अतुल भोसले, सचिन पाटील आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने महोत्सव को मिले अच्छे प्रतिसाद पर आयोजकों को बधाई दी और कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नागरिक सुविधाएं और पर्यटन संस्कृति का विकास जरूरी है। स्थानीय लोगों का सहयोग पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए अहम है। महाबलेश्वर में शौर्य और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। हमें प्रकृति ने पश्चिमी घाट, 720 किमी लंबा समुद्र तट और कई सुंदर तीर्थस्थल दिए हैं। इन स्थलों की सुंदरता को देश-विदेश तक पहुंचाने का कार्य हमें करना है और यह महोत्सव इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



### हर विभाग में हर साल पर्यटन महोत्सव होंगे: शंभूराज देसाई

पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने अपने प्रास्ताविक भाषण में कहा कि यह महापर्यटन उत्सव का पहला प्रयास था। इस उत्सव को मिला भारी प्रतिसाद देखते हुए, अब हर वर्ष राज्य के प्रत्येक विभाग में पर्यटन महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। इन महोत्सवों के माध्यम से स्थानीय पर्यटन स्थलों और विशेषताओं का ब्रांडिंग किया जाएगा। पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं।

### महाबलेश्वर में पर्यटन की अपार संभावनाएं : शिंदे

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाबलेश्वर प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है और यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। मुनावळे में जल पर्यटन को भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पर्यटक यहां के प्रकृति सौंदर्य के साथ-साथ कला, संस्कृति, इतिहास और खाद्य पदार्थों का भी आनंद ले सकते हैं। इस क्षेत्र के स्थानीय युवाओं को पर्यटन के माध्यम से रोजगार मिलेगा।

### महोत्सव का विस्तार करें और अंतरराष्ट्रीय अवधारणाएं अपनाएं : राम शिंदे

विधान परिषद के सभापति प्रा. राम शिंदे ने कहा कि महाबलेश्वर पर्यटकों का पसंदीदा स्थान है। महापर्यटन उत्सव को मिला सकारात्मक प्रतिसाद देखते हुए इसका आगामी वर्षों में विस्तार होना चाहिए, जिससे और अधिक पर्यटक आकर्षित हों। इस उत्सव में पर्यटन की कई अभिनव अवधारणाएं देखने को मिलीं और सुझाव दिया कि पर्यटन विभाग को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की सफल योजनाएं भी अपनानी चाहिए।

# रक्षा उत्पादक कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

▪ सेना के लिए गोला-बारूद बनाने वाली कंपनी ने दिए निर्देश

**मुंबई।** भारतीय सेना के लिए गोला-बारूद बनाने वाली रक्षा मंत्रालय की मुख्य कंपनी म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) ने अपनी सभी इकाइयों के लिए कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। यह फैसला 2 मई को राष्ट्रीय सुरक्षा और परिचालन संबंधी तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में स्थित चांदा आयुध संयंत्र, जो रक्षा उत्पादों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, ने परिपत्र जारी कर शुक्रवार (2 मई) को अपने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दीं। संयंत्र के उप महाप्रबंधक ने कहा है कि 'म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल)' के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुसार, "सभी प्रकार की छुट्टियां" तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। सभी कर्मचारियों को बिना चूके ड्यूटी पर आना चाहिए और "इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान" राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप निर्बाध उपस्थिति एवं योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। यह आदेश "राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में और परिचालन संबंधी तात्कालिकता" के मद्देनजर जारी किया गया है, ताकि संयंत्र की कार्यक्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही, केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही किसी भी कर्मचारी को छुट्टी दी जाएगी। इस कदम के माध्यम से आयुध संयंत्र ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी देश की सुरक्षा में कोई बाधा उत्पन्न न करे। यह आदेश संयंत्र के कर्मचारियों को एक चुनौतीपूर्ण स्थिति में डालता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक तैयारी के संदर्भ में यह कदम बेहद आवश्यक माना गया है।

# वॉटर हार्वेस्टिंग में 'जनभागीदारी' का आह्वान

**मुंबई।** मुंबई में शनिवार को आयोजित उद्योगपतियों की एक सभा में जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने जल प्रदूषण पर सरकार का नया दृष्टिकोण पेश करते हुए उद्योग जगत की ढाल बनते हुए कहा, "अगर फैक्ट्रियों का रसायनिक पानी जमीन में रिसता हैं तो किसानों के खेतों से भी कीटनाशक और यूरिया जमीन के नीचे जाकर वही काम करते हैं।

वही पानी नदियों के माध्यम तालाबों में जाता हैं और हम सब उसे नलों से पीते हैं, फिर उद्योगों को अलग से दोष क्यों?" वहीं वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के नाम पर उन्होंने दानदाताओं को सलाह दी कि "बांध बनाने में पच्चीस साल लग जाएंगे, लेकिन पच्चीस साल किसने देखे हैं? इस साल जून से पहले अपने-अपने गांवों में बोरवेल खुदवाइए, गंदा पानी भी जमीन में डालिए,अगले साल जल स्तर बढ़ा हुआ मिलेगा और जमीन भी उपजाऊ हो जाएगी।

# अजित गुट में शामिल गुलाबराव देवकर

▸▸ अजित पवार की मौजूदगी में पार्टी ने किया स्वागत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव से पहले शरद पवार गुट को बड़ा झटका लगा है। एनसीपी (एसपी) के नेता गुलाबराव देवकर तीन मई को अजित पवार की पार्टी एनसीपी में शामिल हो गए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की मौजूदगी में गुलाबराव देवकर ने एनसीपी का दामन थाम लिया। इस दौरान कुछ और नेता भी एनसीपी में शामिल हुए। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने गुलाबराव देवकर और अन्य नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान अजित पवार गुट के कई और नेता भी मौजूद रहे। लंबे समय से एनसीपी शरद पवार के वफादार माने जाने वाले पूर्व मंत्री गुलाबराव देवकर के अजित पवार गुट के साथ आने से एनसीपी को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। गुलाबराव देवकर ने शरद पवार की पार्टी से जलगांव ग्रामीण सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। ऐसा माना कहा गया कि जलगांव जिले में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शरद पवार गुट को झटका लगने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में दरार पड़ गई।



# एमआरजेसीटीयू ने दी आंदोलन की चेतावनी

▪ आजाद मैदान में 150 से अधिक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**मुंबई।** मुंबई विभागीय कनिष्ठ महाविद्यालयीन शिक्षक संगठन (एमआरजेसीटीयू) ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विभागीय उपसंचालक के कार्यालय पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन की ओर से अध्यक्ष प्रा. श्रीप्रकाश दीक्षित और प्रधान सचिव प्रा. मुकुंद आंधलकर द्वारा हस्ताक्षरित निवेदन में कहा गया है कि शिक्षक लंबे समय से नियुक्ति में हो रही अनियमितताओं, समस्याओं के निराकरण में देरी और वेतन से जुड़ी परेशानियों से त्रस्त हैं।

निवेदन में कहा गया है कि दो मई 2025 को मुंबई विभागीय उपसंचालक के कार्यालय में भ्रष्टाचार के विरोध में एमआरजेसीटीयू के पदाधिकारी मुंबई के आजाद मैदान में 150 से अधिक शिक्षकों के साथ धरना देकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारी शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के प्रति उदासीन हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती और समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन चलते रहेंगे ,तथा भविष्य में और बड़े आंदोलन किए जाएंगे।




### संगठन की मुख्य मांगें

1. मुंबई विभागीय उपसंचालक कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की व्यवस्था की जाए।
2. नियुक्ति प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को दूर कर नियमित कार्यप्रणाली लागू की जाए।
3. नियुक्ति से संबंधित सभी मामलों में त्वरित निर्णय लिया जाए।
4. विभागीय आदेशों को सुसंगत एवं स्पष्ट रूप से अमल में लाया जाए।
5. सभी शिक्षकों का वेतन हर महीने की एक तारीख को दिया जाए।
6. वर्ष 2012 में नियुक्त शिक्षकों को 2013के स्थान पर 2012 में नियुक्ति तिथि से मान्यता दी जाए।

# फर्जी निकला धमकी भरा कॉल

▸▸ आरोपी युवक ऑटिस्टिक से पीड़ित

▸▸ पुलिस ने परिवार को दी चेतावनी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को शनिवार को एक धमकी भरा कॉल आया। कॉलर ने कहा कि अंधेरी ईस्ट के एक रिहायशी अपार्टमेंट में बम से भरा बैग पड़ा हुआ है। उसे जल्दी वहां से उठा लो, कहीं और ले जाओ। इसके बाद कॉलर ने कॉल काट दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंट्रोल रूम से तुरंत सहार पुलिस स्टेशन को सूचना दी गई। मुंबई की सहार पुलिस की टीम तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंची और इलाके की गहन तलाशी ली, लेकिन उन्हें वहां कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। तलाशी अभियान के बाद यह स्पष्ट हो गया कि कॉल झूठा था, लेकिन इससे पहले यह एक संभावित सुरक्षा खतरे के तौर पर देखा जा रहा था। पुलिस ने कॉलर को ट्रेस किया। इस क्रम में पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि युवक ऑटिस्टिक से पीड़ित है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उसके पिता ने पुलिस को यह जानकारी दी। बेटे की मानसिक स्थिति से जुड़े मेडिकल दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। इसके बाद सहार पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए युवक के परिवार को चेतावनी देते हुए मामले को रफा-दफा कर दिया। साथ ही ये भी कहा कि इस बार मामला दर्ज नहीं कर रहा हूं।

# ठाणे में 17वीं मंजिल से गिरी महिला की मौत

**ठाणे।** ठाणे में एक महिला की मौत से हड़कंप मच गया। ठाणे में शनिवार को एक महिला की संदिग्ध आत्महत्या के मामले में ऊंची इमारत से गिरकर मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी है। खड़कपाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना कल्याण इलाके में हुई। माना जा रहा है कि करीब 30 साल की एक महिला दोपहर करीब तीन बजे एक रिहायशी इमारत की 17वीं मंजिल पर स्थित रिफ्यूज एरिया में पहुंची और वहां से कूद गई। चौकीदार और इमारत में रहने वाले कुछ लोगों ने तेज आवाज सुनी और मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को जमीन पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया। महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

# जितना ईमानदारी से अभिनय करोगे, उतना ही बेहतर होगा : आमिर खान

▸▸ वेव्हज 2025 में 'अभिनय की कला' विषय पर विचार मंच

**मुंबई।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक के कारण फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव आ रहा है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे बिना अभिनेता के भी दृश्य शूट किए जा सकते हैं। 'अभिनय की कला' विषय पर अपने बेहद सहज, सरल और उपयोगी सुझावों के साथ अभिनेता आमिर खान ने वेव्हज 2025 में उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि आपका काम जितना ईमानदारी से किया जाएगा, वह उतना ही बेहतर होगा। आमिर खान ने कहा, "मैं प्रशिक्षित अभिनेता नहीं हूं। मेरा नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में जाने का मन था, लेकिन वह संभव नहीं हुआ। मैंने अपने अभिनय सफर में छोटी-छोटी बातें सीखी हैं, जो मेरे लिए बहुत उपयोगी साबित हुईं। फिल्म निर्माण के भविष्य के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "अब एआई तकनीक से बिना अभिनेता के दृश्य शूट किए जा सकते हैं। बाद में तकनीक से अभिनेता को दृश्य में जोड़ा जा सकता है। किसी अभिनेता का सबसे पहला और सबसे जरूरी काम होता है – उस किरदार के मन में प्रवेश करना। आमिर ने बताया कि "मैं स्क्रिप्ट के साथ बहुत समय बिताता हूं। उसे बार-बार पढ़ता हूं।



अगर स्क्रिप्ट अच्छी हो, तो आप किरदार को समझ सकते हैं। उसका बाहरी स्वरूप, व्यवहार, सोच सब कुछ स्क्रिप्ट से निकलकर आता है। निर्देशक के साथ कहानी और किरदार को लेकर बातचीत करने से भी कई बातें स्पष्ट होती हैं। मेरी याददाश्त कमजोर है, इसलिए मैं संवादों को हाथ से लिखता हूं। सबसे पहले मैं मुश्किल दृश्य करना शुरू करता हूं। संवाद याद करना जरूरी है। पहले दिन मैं केवल संवादों पर काम करता हूं।

### अग्रबंधु सेवा समिति (महिला समिति) मुंबई

# जरूरतमंदों को खाने-पीने की वस्तुओं का वितरण



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▪ मालाड के चिंचोली हनुमान मंदिर परिसर में दिखा सेवा का मंजर

**मुंबई।** अग्रबंधु सेवा समिति, मुंबई सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यों सदैव अग्रणी भूमिका निभाती रही है। जरूरतमंद लोगों की मदद करना, त्योहारों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करना और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना संस्था की मुख्य गतिविधियों में शामिल रहा है। इसी क्रम में अग्रबंधु सेवा समिति (महिला समिति), मुंबई द्वारा संस्थाध्यक्ष अमरीशचंद अग्रवाल, ट्रस्टी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल की प्रेरणा, मानद मंत्री उदेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गोपाल दास गोयल के मार्गदर्शन, महिला समिति अध्यक्षा सुधा अग्रवाल व उपाध्यक्षा ज्योति अग्रवाल, स्नेह लता अग्रवाल और प्रेम लता अग्रवाल के निर्देशन में तीन मई को मालाड स्थित चिंचोली हनुमान मंदिर परिसर में जरूरतमंद लोगों को खाने-पीने की वस्तुओं का मुफ्त वितरण किया गया। संस्था की महिला समिति की कोषाध्यक्ष अनीता अग्रवाल, संयुक्त मंत्री बबीता गोयल, सविता अग्रवाल और सभी कार्यकारिणी सदस्याओं ने इस गर्म मौसम में सड़क चलते लोगों को राहत देने के लिए फ्रूटी, पानी की बोतल के साथ वड़ा पाव और फल का बड़ी मात्रा में वितरण करने के बाद सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नूतन अग्रवाल, जयश्री अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सीमा गुप्ता, जया गोयल, नीता जैन और विनीता अग्रवाल ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। सड़क पर चलने वाले लोगों, वाहन में सामान ढोने वाले ड्राइवरों व मजदूरों, ऑटो रिक्शा चालकों व अन्य मेहनतकश लोगों के पास जा-जाकर संस्था की सभी सदस्याओं ने खाद्य एवं पेय पदार्थों का वितरण किया। भरी गर्मी और रिसते पसीने के बीच उनका उत्साह व जोश देखने लायक था।



# एमपीए के साथ वैश्विक स्तर पर सह-निर्माण को लेकर भारत उत्सुक : मुरुगन

**मुंबई।** भारत, मोशन पिक्चर एसोसिएशन (एमपीए) के साथ साझेदारी को और मजबूत करते हुए वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और रचनात्मक उद्योग के सह-निर्माण के लिए उत्सुक है, ऐसा वक्तव्य केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने दिया। मुंबई में चल रहे वैश्विक दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 'वेव्हज 2025' के तीसरे दिन, एमपीए ने भारतीय फिल्म, टेलीविजन और ओटीटी क्षेत्रों द्वारा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर डाले जा रहे परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाने वाली एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट के विमोचन कार्यक्रम में डॉ. एल. मुरुगन और एमपीए के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चार्ल्स रिव्किन उपस्थित थे। डॉ. मुरुगन ने एमपीए के वैश्विक नेतृत्व की सराहना की और भारतीय सिनेमा के अंतरराष्ट्रीय दर्शकों पर बढ़ते प्रभाव को स्वीकार किया।

# बविआ शिष्टमंडल ने की मनपा आयुक्त के साथ बैठक

▸▸ कई समस्याओं पर की गई विशेष चर्चा



**विरार।** वसई-विरार शहर के विभिन्न गंभीर मुद्दों को लेकर बुधवार को, वसई विरार शहर महानगरपालिका के पूर्व महापौर रूपेश जाधव,पूर्व सभापति नीलेश देशमुख, किशोर पाटील तथा पूर्व नगरसेवकों एवं पूर्व नगरसेविकाओ ने नागरिकों के लिए विकास कार्यों तथा मानसून सीजन से पहले किए जाने वाले उपायों के लिए वसई विरार शहर महानगरपालिका आयुक्त अनिल कुमार पवार से मुलाकात की। आयुक्त ने नालासोपारा स्टेशन से पेल्हार राजमार्ग तक सड़क को चौड़ा करने तथा आचोले में नाट्यगृह को जल्द से जल्द लोगों की सेवा में लाने पर अपना सकारात्मक विचार व्यक्त किया। साथ ही इस बैठक में आयुक्त एवं सभी विभागीय प्रमुख अधिकारियों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की गई। जिसमें **1.** अनाधिकृत निर्माण,**2.** स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं,**3.** प्रकाश (दिवा बत्ती) संबंधी समस्याएं,4. जल संबंधी समस्याएं,**5.** पार्कों की खराब स्थिति, **6.** नगर रचना विभाग, **7.** कोरोना काल से लंबित कार्य, **8.** वार्ड समिति स्तर पर 5 लाख तक के कार्यों की अनुमति और **9.** हस्तांतरित आरक्षणों पर कब्जा लेकर उन्हें उपयोग में लाना।

# छात्रवृत्ति योजनाओं की अंतिम तिथि बढ़ाई

**31 मई को पोर्टल बंद, ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने छात्र-छात्राओं की सुविधा और मांग के आधार पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की है। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु समुदाय, मिरासी एवं भिश्ती समुदाय और मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं शामिल हैं।




**पोर्टल अथवा ऐप से मिलेगी आवेदन करने की सुविधा**

निदेशक ने बताया कि अभ्यर्थी विभाग के वेब पोर्टल www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/ scholarship अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाइल ऐप एसजेईडी एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पेपरलेस छात्रवृति आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर के बाद किसी भी स्थिति में तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी।

**28 को अपडेट करने की अंतिम तिथि**

अग्रवाल ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन, नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठय क्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि को अपडेट करने के लिए अंतिम तिथि 28 मई, निर्धारित की गई है। साथ ही उत्तर मैट्रिक छात्रवृति के लिए विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम तिथि, पोर्टल बंद करने की तिथि को बढ़ाकर 31 मई, किया गया है।

## जोधपुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन आज से

**जोधपुर।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा भगत की कोठी (जोधपुर) से पुणे के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04102 का परिचालन पांच मई (सोमवार) से शुरू होगा। ट्रेन का समय और कोच विवरण - प्रस्थानः भगत की कोठी से सुबह 7:15 बजे-आगमनः पुणे में अगले दिन सुबह 10:20 बजे - कुल कोचः 16 (चार थर्ड एसी, एक सेकंड एसी, पांच स्लीपर, चार जनरल, एक गार्ड कोच, एक पावर कार) प्रमुख स्टेशन ट्रेन मार्ग में जोधपुर, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर, डकनिया तलाब, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, कल्याण, लोनावला और चिंचवड स्टेशनों पर रुकेगी।

▪ एक दिन में सफर पूरा, 23 स्टेशनों पर ठहराव

# शगुन देखकर निकलता था 40 हजार का इनामी, गिरफ्तार

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उज्जैन में तांत्रिक से बनवाया था जादुई कड़ा**



**ऐसे देखता था शगुन**

आरोपी जब घर से तस्करी के लिए निकलता तो रास्ते में कोई पानी से भरी मटकी मिल जाती तो आगे बढ़ता, कोई पक्षी की आवाज आती तो वह आगे बढ़ता था।

**जोधपुर।** जोधपुर रेंज की स्पेशल साइक्लोनर सेल ने मादक पदार्थ तस्करी के 40 हजार के इनामी आरोपी हनुमान राम पुत्र जावरा राम निवासी गिड़ा जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी शगुन देखकर घर से निकलता था, लेकिन पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग जगह पर फरारी काट रहा था। आरोपी को पकड़ने के लिए करीब चार महीने से पुलिस टीम पीछे लगी थी। गिरफ्तार हनुमानराम सरकारी टीचर का बेटा है, जबकि उसका भाई मुंबई में एक कंपनी में इंजीनियर है। आईजी विकास कुमार ने बताया कि टीम की ओर से ऑपरेशन कपिल शर्मा चलकर सरगना हनुमान राम और उसके साथी जुगताराम को गिरफ्तार किया है। हनुमान राम शगुन देखकर ही घर से निकलता था। आरोपी ने करीब डेढ़ साल पहले एक बाबा से उज्जैन में कड़ा बनवाया था। जिसे तांत्रिक ने यह कह कर दिया कि इसे पहनने से उसे पुलिस पकड़ नहीं पाएगी। एक साल पूरा होने पर आरोपी कड़े को सिद्ध करवाने के लिए पांच दिन पहले दोबारा उज्जैन बाबा के पास पहुंचा, लेकिन वहां उसे पता चला कि उस बाबा की मौत हो चुकी है। इस पर आरोपी ने उसके शिष्यों से बात की, तो शिष्यों ने बताया कि कुछ दिनों की पूजा के बाद कड़ा सिद्ध करके दिया जाएगा। ऐसे में आरोपी को डर लगने लगा कि अब पुलिस उसे पकड़ लेगी। इसलिए वह अपने एक साथी के साथ दो दिन पहले कोटा की एक कोचिंग सेंटर में नीट की तैयारी कर रही बेटी से मिलने गया और उसके बाद जोधपुर में एक शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए आ रहा था। इसकी भनक लगने पर साइक्लोनर सेल ने उसे जोधपुर सीमा कापरड़ा थाने के पास पास दबोच लिया। आरोपी ने कोरोना काल में चार महीने में तस्करी कर 40 लाख रुपए कमाए। आरोपी राजस्थान के हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर में डोडा-पोस्त की सप्लाई करता था। इसके लिए जुगताराम के साथी के साथ तस्करी का काम करता था। आरोपी ने उज्जैन में एक बाबा से हाथ का कड़ा बनवाया था। जिसे एक साल की वैद्यता के साथ सिद्ध करवाया गया था। इसी कड़े को वापस बनवाने के लिए आरोपी उज्जैन गया था। जब आरोपी बेटी से मिलने कोटा गया तो पुलिस टीम को इसका पता चला। टीम कोटा पहुंची तो उसके जोधपुर की तरफ आने की सूचना मिली।

## पायलट बोले-सरकार को नौकरशाह चला रहे, मंत्री-विधायक रो रहे

**जोधपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को जोधपुर में एसआई भर्ती घोटाले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में नैतिकता के आधार पर मंत्रियों से इस्तीफा ले लिया जाता था, लेकिन भाजपा सरकार में कोई जवाब देने को भर्तियों में हो रही गड़बड़ियों को लेकर पायलट ने आरपीएससी का पुनर्गठन करने की मांग की। पायलट ने कहा कि सरकार के मंत्री खुद कह रहे हैं कि एसआई भर्ती रद्द होनी चाहिए और कमेटी बनाई जाए, फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसी क्या मजबूरी है, क्या व्यवस्था है जो आप कुछ नहीं करना चाहते? जो युवा ईमानदारी से पढ़ाई करते हैं, उनके साथ धोखा न हो, इसलिए सभी एसआई भर्ती रद्द करने के पक्ष में हैं। लेकिन सरकार की अनदेखी समझ से परे है। पायलट ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार को सिर्फ नौकरशाह चला रहे हैं। मंत्री और विधायक रोते फिर रहे हैं, कोई नहीं सुन रहा। आपस में इतना खिंचाव है कि कौन नेतृत्व कर रहा है, कैसे संचालन हो रहा है, समझ नहीं आ रहा। नैतिकता पर कांग्रेस-बीजेपी का फर्क राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि यूपीए सरकार में सोनिया गांधी के निर्देश पर मंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देते थे। बंसल हों या शशि थरूर, कॉमनवेल्थ गेम्स में कोर्ट ने आरोप खारिज किए, फिर भी इस्तीफे दिए। लेकिन बीजेपी सरकार में एसआई भर्ती पर मंत्री पर आरोप हैं, कोई जवाब नहीं। जातिगत जनगणना का मुद्दा सचिन पायलट ने कहा कि सवा साल बीत गया, लेकिन वादे पूरे नहीं हुए। जिन मुद्दों पर बीजेपी सत्ता में आई, उन पर कहां खड़ी है? समझ नहीं आ रहा। कांग्रेस और राहुल गांधी वर्षों से जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे। बीजेपी के नेता उन्हें 'अर्बन नक्सली' कहते थे। 'एक है तो सेफ है, बटोगे तो कटोगे' जैसी बातें करते थे।



▪ सचिन पायलट ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

## चंचल नाथ महाराज की 42वीं बरसी पर निकाली शोभायात्रा

**बाड़मेर।** बाड़मेर शहर के ढाणी बाजार स्थित चंचल प्राग मठ के ब्रह्मलीन महंत चंचलनाथ महाराज की 42 वीं बरसी पर दो दिवसीय मेला रविवार को शुरू हुआ। गादीपति महंत शंभूनाथ सैलानी के सानिध्य में मठ प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु संत के जयकारे लगाते हुए साथ में चले। डीजे के पीछे रथ पर चंचलनाथ महाराज की तस्वीर, इसके बाद कलश धारण किए सैकड़ों महिलाएं ढोल पर नाचते गाते सैकड़ों श्रद्धालु शोभा बढ़ा रहे थे। साधु संत रथों और घोड़ों पर सवार होकर शामिल हुए। हाथों में धर्म ध्वजा लिए जयकारें लगाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा चंचल प्राग मठ से रवाना होकर जवाहर चौक, पुरानी सब्जी मंडी, सदर बाजार, कोतवाली, स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, हमीरपुरा, प्रतापजी की प्रोल होते हुए दुबारा मठ पहुंची। शोभायात्रा का विभिन्न समाज व संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। शोभायात्रा के बाद सत्संग का आयोजन हुआ। कलाकारों ने चंचल नाथ महाराज के जीवन से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दी।

▪ नाचते गाते शामिल श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा बाड़मेर शहर



**समाधि पूजन व प्रसाद वितरण कल**

सोमवार को सुबह नौ बजे चंचल नाथ महाराज की समाधि का पूजन किया जाएगा। इसके बाद महाप्रसाद का आयोजन होगा। संध्या आरती के बाद मेले का समापन होगा।

## बालोतरा : तेज हवा और बारिश से गर्मी में राहत

**बिजली गिरने से पांच बकरियों और करंट से तीन गायों की मौत**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा में शनिवार देर रात मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। इस बदलाव से लोग खुश नजर आए। बारिश ने बालोतरा शहर और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में तापमान को कम कर दिया। कई दिनों से चल रही गर्मी ने आमजन का जीवन मुश्किल कर रखा था। मौसम में इस बदलाव के दौरान गिड़ा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में चर रही पांच बकरियों की मौत हो गई। बालोतरा शहर की पुरानी सब्जी मंडी में करंट लगने से तीन गायों की मौत हुई। स्थानीय प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। नागरिकों से सतर्क रहने और खुले स्थानों में बिजली गिरने के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है।



**जोधपुर :NEET परीक्षा**

## 42 केंद्रों पर 14,880 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम

**कड़ी सुरक्षा के बीच दो बजे से शुरू परीक्षा, 25 शहरों में आयोजन**

**जोधपुर।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2025 का आयोजन रविवार को जोधपुर के 42 परीक्षा केंद्रों पर हुआ। परीक्षा में 14,880 अभ्यर्थी शामिल हुए। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होने वाली इस परीक्षा के लिए सुबह 11 बजे से प्रवेश शुरू कर दिया गया। नकल रोकने और पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा इंतजाम किए गए। सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की जा रही है और अभ्यर्थियों की कड़ी चेकिंग की जा रही है। राजस्थान में यह परीक्षा 25 शहरों में आयोजित की जा रही है, जिनमें जयपुर, अलवर, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, धौलपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, झुंझुनूं, करौली, नागौर, पाली, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, श्रीगंगानगर, अजमेर, बीकानेर, कोटा और उदयपुर शामिल हैं। इस परीक्षा के माध्यम से देशभर के मेडिकल कॉलेजों में करीब ढाई लाख सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। MBBS और BDS के अलावा आयुर्वेद, पशु चिकित्सा और नर्सिंग कॉलेजों में भी इसी परीक्षा के आधार पर दाखिला होगा।



## एमएलए ने विधायक कोष से बांटी 20 लाख की साइकिलें

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और बायतु विधायक हरीश चौधरी ने गिड़ा पंचायत समिति के खोखसर गांव में अपने इलाके की होनहार खेल प्रतिभाओं को लाखों रुपए की पांच साइकिलें वितरित की। चौधरी ने अपने विधायक कोष से साइकिलों का वितरण किया। दरअसल,गिड़ा क्षेत्र की लड़कियों को 20 लाख की पांच मॉडर्न साइकिल दी हैं। यह पहल विशेष रूप से उन बेटियों के लिए की गई है जो साइकिलिंग जैसे प्रतिस्पर्धा खेल में आगे बढ़ना चाहती है। इलाके में मंजू पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर साइकिलिंग में सफलता हासिल कर चुकी है। विधायक कोर्ट से दी गई साइकिलों में चार की कीमत ढाई-ढाई लाख और एक विशेष साइकिल की कीमत 10 लाख रुपए है जो इंटरनेशनल मानकों के अनुरूप है। बायतु विधायक हरीश चौधरी शनिवार शाम को खोखसर गांव में साइकिलिंग की पांच प्रतिभाओं को 20 लाख रुपए की लागत से पांच मार्डन साइकिलें दी गई। हरीश चौधरी ने बताया कि बढ़ते बायतु की हमारी बेटियां जिन्होंने साइक्लिंग में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनके इस खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए विधायक कोटे से बीस लाख की राशि देकर अति आधुनिक तकनीकी युक्त चार साइकिल स्कूल परिवार को सुपुर्द की। उन्होंने कहा कि बढ़ते बायतु की प्रत्येक प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए हम कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बायतु हर क्षेत्र में गति करे और क्षेत्र में शिक्षा और प्रगति की यह यात्रा निरंतर जारी रखने का संदेश दिया। वहीं इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियां हैं तो कल है, सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने स्कूल का नाम रोशन करें।



▪ हरीश चौधरी ने खिलाड़ियों के साथ की साइकिलिंग, बोले-बेटियां हैं तो कल है

# व्यापार जगत

**जेफरीज ने जारी की रिपोर्ट**

## भारत को मिल सकती अमेरिका से बेहतर ट्रेड डील !



**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच चल रहा ट्रेड वार सुर्खियों में बना हुआ है। इससे विश्व अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि कुछ देशों को इनके ट्रेड वार से फायदा भी हो सकता है।

जेफरीफ की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ट्रेड वार के चलते भारत और जापान दोनों को ही अमेरिका से बेहतर डील मिल सकती है। जिससे यहां के कारोबारियों को बड़ा फायदा होगा। जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और चीन के बीच चल रहे ट्रेड वार से भारत और जापान, अमेरिका के साथ बेहतर तरीके से डील कर सकता है। हालांकि ये दोनों ही देश कोई ऐसा कदम नहीं उठाएंगे, जिससे उनका चीन के साथ ट्रेडिंग पर कोई असर पड़े।

ट्रेड वार के बीच अमेरिका ये पूरी कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है कि वे बाकी देशों के साथ अच्छे ट्रेडिंग रिश्ते बनाकर चीन को अलग कर दें। लेकिन क्या ऐसा हो पाएगा?

**बफे ने की ट्रंप के नीतियों की आलोचना**

## व्यापार को हथियार न बनाएं

**अमेरिका का दुनिया पर टैरिफ लगाना ट्रंम की बड़ी गलती**

**वॉशिंगटन।** दुनिया की जानी-मानी कंपनी बर्कशायर हैथवे के सीईओ वॉरेन बफे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सख्त कारोबारी नीतियों की आलोचना की है। कंपनी के शेयरधारकों की सालाना बैठक (एजीएम) में 94 वर्षीय बफे ने ट्रम्प को सलाह दी कि व्यापार को हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। बाकी दुनिया पर दंडात्मक टैरिफ लगाना बड़ी गलती है। टैरिफ से अंतरराष्ट्रीय कारोबार को नुकसान पहुंचने के मुद्दे पर बफे ने कहा कि मेरे विचार से यह बड़ी गलती है। जब आपके पास साढ़े सात अरब लोग हैं, जो आपको बहुत पसंद नहीं करते हैं और आपके पास तीस करोड़ लोग हैं, जो इस बात पर गर्व कर रहे हैं कि उन्होंने कितना अच्छा किया है।



**दुनिया के पांचवें सबसे अमीर वॉरेन बफे**

फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक वॉरेन बफे की पर्सनल नेटवर्थ 14.16 लाख करोड़ रुपए है। बफे 94 साल के हैं और दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में से एक हैं। अमीरों की लिस्ट में टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क 19.05 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ टॉप पर हैं।

## विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में किए 4,223 करोड़ का निवेश

**टैरिफ पर 90 दिनों की रोक के बाद खरीदारी**

**मुंबई।** विदेशी निवेशकों (FII) ने अप्रैल में भारतीय शेयर बाजारों में 4,223 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस खरीदारी के साथ विदेशी निवेशक 2025 में पहली बार नेट बायर्स बने हैं। इससे पहले साल के शुरूआती तीन महीनों में FII ने 1.4 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली की थी। FII ने पहले दो महीनों जनवरी और फरवरी में FII ने 78,027 और 34,574 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे थे। मार्च में 3,973 करोड़ रुपए की बिकवाली हुई थी। वहीं अप्रैल के दो कारोबारी हफ्तों में FII ने 25,897 करोड़ रुपए की खरीदारी का रिकार्ड बनाया था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप की नई टैरिफ नीति से बाजार में अनिश्चिता, वैश्विक मंदी, भारतीय शेयरों की हाई वैल्यूएशन और कॉरपोरेट इनकम में ग्रोथ को लेकर चिंताओं के कारण FII लगातार पैसे निकाल रहे थे। पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को FII नेट बायर्स बने रहे। वहीं डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स यानी DII भी नेट बायर्स बने रहे। प्रोविजनल डेटा के अनुसार, दो मई को FII ने 2,769.81 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे, जबकि DII ने 3,290.49 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं।



## भारत की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ इस्पात : जी. किशन रेड्डी

**बनियादी ढांचा परियोजनाओं में नए मानक स्थापित कर रहा देश**

**नई दिल्ली।** 'इंडिया स्टील 2025' मंच पर, केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने वैश्विक इस्पात महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षाओं को सुरक्षित करने के लिए एक एकीकृत और दूरदर्शी कच्चे माल की रणनीति की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। 'कच्चे माल की रणनीति और कच्चे माल के मिश्रण में बदलाव' पर सत्र में मुख्य भाषण देते हुए मंत्री ने उद्योग के हितधारकों से नवाचार, स्थिरता और रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "इस्पात भारत की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ है और हमारे सामूहिक दृष्टिकोण 'विकसित भारत' का मुख्य चालक है। दुनिया के सबसे ऊंचे पुल-चेनाब पुल से लेकर पंबन पुल तक, भारत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में नए मानक स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, इस्पात क्षेत्र ने जबरदस्त वृद्धि दिखाई है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक बन गया है।



## भारत सरकार ने कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन को बुलाया

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद पर अपनी सेवा दे रहे अर्थशास्त्री कृष्णमूर्ति वी सुब्रमण्यन को सरकार ने टेन्योर पूरा होने से छह महीने पहले ही बुला लिया है। उनका कार्यकाल तीन साल के लिए था जिसे पूरा होने में अभी छह महीने बचा था। हालांकि, सरकार ने कार्यकाल पूरा होने से पहले बुलाने की वजह नहीं बताई है। सुब्रमण्यन को अगस्त 2022 में आईएमएफ में नियुक्त किया गया था। एक नवंबर, 2022 को उन्होंने कार्यभार संभाला था, जिसमें उन्होंने फंड के कार्यकारी बोर्ड में भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले, उन्होंने 2018 से 2021 तक भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्य किया था। सरकार ने आधिकारिक तौर पर सुब्रमण्यन को पहले बुलाने की कोई कारण नहीं बताया है। हालांकि, जानकारों और मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि डेटा मुद्दों पर आईएमएफ के साथ तनाव के बाद यह फैसला लिया गय है। सुब्रमण्यन ने आईएमएफ डेटासेट की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के बारे में चिंता जताई थी।



▪ आईएमएफ से नौ मई को रिटायर होने वाले थे सुब्रमण्यन

**आईएमएफ की बैठक नौ को**

सुब्रमण्यन की यह विदाई नौ मई को आईएमएफ की बैठक से पहले हो गई है। नौ मई को आईएमएफ की अहम बैठक होने वाली थी, जिसमें पाकिस्तान को अतिरिक्त वित्तीय सहायता पर फैसला होने वाला था। माना जा रहा है कि आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान की संलिप्ता के कराण भारत पाकिस्तान को और वित्तीय सहायता देने का विरोध करेगा। पाकिस्तान पहले से इस मुद्दे को उठा रहा है। वहीं, सुब्रमण्यन को अचानक से बुलाने के फैसले के बाद से रणनीतिक और राजनीतिक वजहों को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

## आप का राशिफल 5 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक 2 4 6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह) — आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक 3 6 8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक 4 7 8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक 1 4 7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक 3 5 6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा हो जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

www.jagruktimes.co.in epaper.jagruktimes.co.in @jagruktimes @jagruktv

# आधी रात बाद आई धूलभरी तेज आंधी से जनजीवन अस्त व्यस्त

## » सौलर प्लेट और टीन शेड उड़े, बिजली आपूर्ति बाधित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर समेत क्षेत्र में रविवार तड़के करीब ढाई बजे आई तेज आंधी और गरज-चमक के साथ हुई हल्की बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। अचानक बदले मौसम के मिजाज ने न सिर्फ लोगों की नींद उड़ा दी, बल्कि भारी नुकसान भी पहुंचाया। तेज हवाओं के चलते खेतों में लगे कई सौर ऊर्जा संयंत्र उखड़ गए, तो वहीं घरों के टीन शेड उड़कर दूर जा गिरे। शादियों की सीजन में लगाए गए शामियाने और पंडाल भी तेज आंधी की भेंट चढ़ गए, जिससे आयोजनों में भारी परेशानी हुई। शहर की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आवाजाही में दिक्कतें आई। बिजली के तार जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति घंटों तक ठप रही। इससे आम लोगों को खासकर सुबह के समय पानी और अन्य आवश्यक सेवाओं में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, हल्की बारिश से क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन आंधी और अव्यवस्था ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन किया जा रहा है, और बिजली बहाली के प्रयास किए जा रहे है।



## ओलावृष्टि के साथ हुई 29 एमएम बारिश

**रानीवाड़ा।** कस्बे सहित क्षेत्र में शनिवार देर रात को मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही तेज आंधी एवं ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। पहली बारिश ने रानीवाड़ा प्रशासन की पोल खोल दी। बारिश के पानी की निकासी सुचारू नहीं होने से राजकीय अस्पताल के ओपीडी परिसर में पानी भर गया। जिससे रविवार को मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। साथ ही छोटे आकार के ओले भी गिरे। मौसम में इस बदलाव से तापमान में गिरावट आई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। क्षेत्र के मालवाड़ा, बड़गांव, सेवाड़ा, करड़ा, जाखड़ी और धानोल सहित पूरे इलाके में पहले तेज हवाएं चलीं। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। ओलावृष्टि से घरों के आंगन में सफेद चादर बिछी होने जैसा नजारा दिखा। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। कई जगहों पर सड़कों पर पानी बहता हुआ भी देखा गया।

## जीएसटी इंस्पेक्टर संजयसिंह का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** नवनियुक्त जीएसटी इंस्पेक्टर राव संजयसिंह बगेड़िया का चैन्नई में राजपूत समाज मद्रास द्वारा आयोजित समारोह में प्रवासी व्यापारियों ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी। भीनमाल राजस्थान राजपूत समाज चैन्नई द्वारा आयोजित समारोह में प्रवासी व्यापारियों व समाजजनों ने माला पहनाकर उनका सम्मान किया। राव संजयसिंह जालौर निवासी व दी जालौर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक महेन्द्रसिंह बगेड़िया के पुत्र हैं। संजयसिंह की पहली नियुक्ति मद्रास (चेन्नई) में हुई है जिससे प्रवासी समाजजनों में उत्साह का माहौल है। समारोह की अध्यक्षता लालसिंह ने की। इस अवसर पर बसंत व्यास फलोदी, धीरज जैन धानसा, खुशाल जैन केशवना, सौरभ जैन, कांतिलाल राजपुरोहित भीनमाल, नूतनसिंह राठौड़ मोदरा, भीमसिंह ओटवाला, शैतानसिंह ओटवाला, नरपतसिंह नून, महेन्द्रसिंह नून, मदनसिंह, भरतसिंह व उत्तमसिंह आसाना सहित बड़ी संख्या में प्रवासी व्यापारी उपस्थित रहे।

## उत्साह से मनाया आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** सुंधामाता आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव मंडवारिया महंत तीर्थगिरी महाराज के सानिध्य में मनाया गया। मुख्य अतिथि रानीवाड़ा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल मौजूद रहे। कार्यं म की शुरुआत में एआइ टेक्नोलॉजी से सुज्जित बोर्ड के कक्ष का अतिथियों द्वारा फीता काटा गया। इसके बाद कार्यकम का शुभारंभ बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगा रंग कार्यं म प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। लोगों ने बच्चों की हौंसला अफजाई की। पूर्व विधायक देवल ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर दिया। महंत तीर्थगिरी ने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र था और आने वाले समय में फिर से हिन्दू राष्ट्र बनेगा। विद्यालय समिति द्वारा अतिथियों व भामाशाहों का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया। कार्यं म के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भीनमाल के जिला कार्यवाह प्रकाश कुमार ने समाज व शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। संस्था प्रधान वि मसिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान तहसीलदार नीरज कुमारी, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मतसिंह, विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह, थानाधिकारी गुमानसिंह भाटी, सीए भूपेन्द्रभाई प्रजापत, दिलीपभाई प्रजापत, प्रमोदभाई राजपुरोहित, नरपतसिंह राजपुरोहित, समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, नगाराम प्रजापत, हरिभाई डोरडा, विद्यालय संरक्षक ऊनाराम माली, भाजपा मंडल के भंवरसिंह राजपुरा, पंचायत समिति सदस्य मुकाराम पुरोहित, देवेन्द्रसिंह जाविया, जसवंत प्रजापत, जीतूभाई अग्रवाल, अंबालाल तायल, रामसिंह धरुपड़ा, भगवानसिंह चेकला, गौभक्त आशुसिंह पावटा, राजेन्द्र सुथार, मोहनलाल सुथार, कानाराम देवासी, वि मसिंह उच्चमत, जवानाराम देवासी, कुलदीपसिंह चारण, भूरमल सुथार, मगाराम चौधरी, देवीसिंह पादर, कालूराम पुरोहित, वजिंगभाई गोलाना भी मौजूद थे।

## विश्नोई गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** विश्नोई गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा समाज सुधार, धर्मशाला की व्यवस्थाएं और विकास कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई की अध्यक्षता में विश्नोई धर्मशाला में हुई। कमेटी के महासचिव सुरजनराम साहू ने बताया कि बैठक में धर्मशाला के रखरखाव, नवीन कार्यों के प्रस्ताव और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष किशनलाल सारण ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। साथ ही तीन वित्तीय वर्षों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। कमेटी अध्यक्ष सुखराम विश्नोई ने समाज के सर्वांगीण विकास हेतु लिए गए निर्णयों को लागू करने पर बल दिया। अमृतादेवी संस्थान के कार्यकारी अधिकारी मंगलाराम खोखर ने समाज में बाल विवाह और मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों पर प्रतिबंध की जानकारी दी और समाज को अग्रणी समाज बताया। समाजसेवी जयकिशन सारण ने शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही समाज को उन्नति के पथ पर ले जा सकती है। समाजसेवी किशनलाल कुराडा ने शिक्षा के माध्यम से समाज की तरक्की की बात कही और भामाशाहों से सहयोग की अपील की। प्रो. नरेश सारण ने अमृतादेवी संस्थान को मजबूत करने की आवश्यकता जताई और बताया कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ा सकती है। इस अवसर पर चयनित आइएएस अधिकारियों का मंच से सम्मान किया गया। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रमुख रूप से राणाराम साऊ, पूनम चंद विश्नोई, मंगलाराम खोखर, मांगीलाल सारण, पूनमाराम सारण, गोरधनराम बागड़वा, रामगोपाल धायल, रामावतार मांजू, सदराम एडवोकेट, पीराराम धायल, भगवानाराम पंवार, राजूराम बांगड़वा, सुखराम खोखर, पाबूराम पुनिया, ठाकराराम गोदारा सहित सांचौर, सरनाऊ व चितलवाना क्षेत्र के विश्नोई समाज के लोग उपस्थित रहे।

## आज होगी पेंशनर समाज की मासिक बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा भीनमाल की मासिक बैठक सोमवार को पेंशनर कार्यालय कचहरी रोड विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। पेंशनर समाज भीनमाल शाखा के अध्यक्ष अर्जुनप्रसाद बोहरा ने बताया कि बैठक में पेंशनरों को हाल ही में लागू किए गए नए नियमों की जानकारी दी जाएगी ताकि सभी लाभार्थी समय पर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर सकें। बैठक में कश्मीर में हाल ही में हुई पर्यटकों की हत्या को लेकर विरोध जताया जाएगा। पेंशनर समाज द्वारा उप जिला कलक्टर को प्रधानमंत्री के नाम एक विरोध ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें केंद्र सरकार से कश्मीर में शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। बैठक में पेंशनरों की अन्य समस्याओं व सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## राजयोग केंद्र में बच्चों के लिए समर कैंप आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** शहर स्थित ब्रह्माकुमारीज राजयोग केंद्र पर त्रिदिवसीय समर कैंप 7 मई से आरंभ होगा। शिविर में प्रत्येक दिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक विभिन्न गतिविधियां कराई जाएंगी। राजयोग केंद्र की बीके गीत के अनुसार समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु ज्ञानवर्धक कक्षाएं, मूल्यवर्धन खेल, बौद्धिक प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, योगासन एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यायाम कराए जाएंगे। शिविर में 16 आयु वर्ग तक के बच्चे भाग ले सकेंगे।

# रक्तदान कर जीवन बचाने के प्रयासों को सार्थक बना रहे युवा

## » ओ-नेगेटिव ब्लड डोनेशन से एक दिन की बच्ची को तो ए-नेगेटिव ब्लड डोनेशन से नो माह के बच्चे को मिला जीवनदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** रक्तदान को लेकर समय के साथ लोगों में गजब की जागरुकता आई है। सूचना मिलने पर अधिकतर रक्तवीर सारे काम छोड़कर हर परिस्थिति में अस्पताल या ब्लड बैंक पहुंच रक्तदान कर मरीज के जीवन बचाने के प्रयासों को सार्थक बनाने में पीछे नहीं रहते। ऐसे ही दो मामलों में रक्तवीरों के प्रयास सराहनीय रहे है। एक रक्तवीर सुरेश चौधरी 9 माह के बच्चे के लिए तत्काल रक्तदान को पहुंचे। इस बच्चे के लिए पूराराम चौधरी ने भी रक्तदान किया। दूसरे रक्तवीर जेठाराम देवासी ने एक दिन की बच्ची को बचाने आधी रात को ब्लड बैंक पहुंच रक्तदान किया।

### पहला केस : जेठाराम देवासी ने किया रक्तदान

पहला मामला शनिवार देर रात्रि का है। शहर के एक निजी अस्पताल से मरुधरा ब्लड सेंटर को इमरजेंसी में ओ-नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता की सूचना मिली। स्थिति अत्यंत गंभीर थी, क्योंकि एक दिन की नवजात बच्ची को अत्यधिक पीलिया के कारण तत्काल ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता थी। ब्लड सेंटर ने तत्काल रक्तवीर जेठाराम देवासी से संपर्क किया। मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित जेठाराम ने एक कॉल मिलते ही देर रात ब्लड बैंक पहुंच कर छठवीं बार रक्तदान किया। उनका दिया हुआ अमूल्य रक्त अब नवजात के जीवनरक्षण साबित होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, नवजातों में जब पीलिया अत्यधिक स्तर पर पहुंचता है, तब फ्रेश होल ब्लड ट्रांसफ्यूजन की प्रक्रिया की जाती है जो एक जटिल लेकिन जीवनरक्षक प्रक्रिया होती है। ओ-नेगेटिव ब्लड दुर्लभ माना जाता है और ऐसे में समय पर ब्लड मिलना अपने आप में चमत्कार से कम नहीं होता






### दूसरा केस

सुरेश चौधरी ने 35 किलोमीटर दूर गांव से पहुंच किया रक्तदान, पूराराम चौधरी ने भी रक्तदान उधर करीब 9 माह के नन्हें शिशु को रेयर ब्लड ग्रुप ए नेगेटिव की आवश्यकता पड़ी तो सोनल फाउंडेशन की टीम ने तुरंत सर्ि यता दिखाते हुए सोशल मीडिया एवं ग्रुप में पोस्ट प्रसारित की। इसपर सुरेश चौधरी ने तत्काल भीनमाल से 35 किमी दूर आकर रक्तदान कर बच्चे का जीवन बचाने में सहभागी बने। उनका यह 10वीं बार रक्तदान था। पूराराम चौधरी ने पहली बार (ओ-पॉजीटिव) रक्तदान किया। इन प्रयासों में सोनल फाउंडेशन का कार्य सराहनीय रहा। संस्थापक कैलाशकुमार जैन और रक्त प्रभारी दिलीपसिंह चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विश्वकर्मा मंदिर का मनाया वार्षिकोत्सव

## » ध्वजा चढ़ा कर लिया नशा मुक्ति का संकल्प

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सुथार समाज विकास संस्थान के तत्वावधान में विश्वकर्मा मंदिर की 15वीं वर्षगांठ शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। अरनाय के वनाणी जायलवाल परिवार द्वारा मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई। आयोजन की शुरुआत हवन एवं पूजा-अर्चना से हुई। कार्यं म के मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आइपीएस कांबले शरण गोपीनाथ थे। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की विस्तार से जानकारी दी और समाज को इससे जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशासन को मिल रहे सहयोग के लिए सुथार समाज का आभार भी प्रकट किया। संस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल राजोतिया ने समाज को नशा मुक्ति, बाल विवाह और मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं से दूर रहने का संदेश दिया। कोषाध्यक्ष चेतनराम, भलाराम चोयल, एडवोकेट गणपत सुथार, प्राचार्य मोहनलाल धीर, रमेश पालेचा, जालाराम अगड़ावा और बलवंत सुथार ने भी संबोधित किया। कार्यं म में बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया और समाज द्वारा प्रस्तावित नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। नशामुक्ति का संकल्प किया गया।

### इनका रहा सान्निध्य

इस अवसर पर रायमल वासन, कालूराम मीरपुरा, भीखाराम नागल, चेतनराम पालड़ियां, केसाराम माडण, नागजीराम, मघाराम, धर्माराम सिसावा, किसान नेता जगमालाराम, गोरखाराम धामु, जीवाराम पालेचा, नेनाराम डांगरा, खेराजराम, हरजीराम जायलवाल, राणाराम कवलेचा, बाबूलाल बरड़वा, महेरामाराम छड़ियां, खेताराम मांकड़, लालाराम भाटीप, एडवोकेट निर्मल कुलरिया, ईसराराम सायल, भागीरथ सांकड़, पूनमाराम मीरपुरा, युवा संस्थान अध्यक्ष रमेश पालेचा, हनुमानराम, प्रकाशकुमार, श्रवण पालडिया, भागीरथ मांकड़ झोटड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्रीयादे माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु

**रानीवाड़ा।** शहर के बाइपास सडक मार्ग पर स्थित श्रीयादे माता मन्दिर की 24वां वार्षिकोत्सव रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव में माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रॉय टांक एवं पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने शिरकत की। अतिथियों का ट्रस्ट की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रजापति समाज की प्रतिभाओं को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रहलादकुमार भापडी के अनुसार भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें जोगभारती महाराज द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष टांक ने प्रजापति समाज के लोगों को मंदिर वार्षिकोत्सव पर बधाई देते हुए समाज के बच्चों को शिक्षा पर ज्यादा जोर देने की बात कही। पूर्व विधायक देवल ने कहा कि खुशी की बात है कि श्रीयादे माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर समाज के हजारों लोगों ने शिरकत कर माता के दर्शन पूजन का लाभ लिया।

### यह भी रहे मौजूद

इस दौरान समाज के अध्यक्ष प्रहलादभाई भापड़ी, मुंबई मंडल के अध्यक्ष हरचंदराम धनवाड़ा, डीसा मंडल के अध्यक्ष प्रहलादभाई कासवी, प्रभुराम कोषाध्यक्ष मुम्बई, सांचौर मंडल अध्यक्ष प्रभुराम हाटवा लालपुर, कोषाध्यक्ष केसाराम, आरआइ दीपाराम, प्रिंसिपल मफाराम, सरपंच बाबूलाल, भरतखुशाल, एडवोकेट हरीभाई, सगताराम, भोमाराम हाड़ेतर, मंगलाराम जोधावास, प्रागराम भड़वल, शंकरलाल, हरकेनराम, सवाराम मैत्रीवाड़ा, नारायण कासवी, अमृतलाल प्रतापपुरा, तगाराम केसुरी, दरगाराम लाखणी, कानाराम कारबाल, मानाराम अरणाय, रमेशकुमार भापी, अमराराम गरडाली, भलाराम, तलसाराम, खुशालभाई, कवि दशरथ पथमेड़ा, महेन्द्र अचलपुर, भंवरलाल कुड़ा, मनाराम जारड़ा, माधूराम, टिकमाराम गांग आदि उपस्थित रहे।



# ट्रैफिक जाम से लोग परेशान, ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर की बढ़ती आबादी और बेतरतीब यातायात व्यवस्था ने सांचौर को ट्रैफिक जाम की बड़ी समस्या के हवाले कर दिया है। हर दस से पंद्रह मिनट के अंतराल में लगने वाला जाम लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रहा है जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शहर के प्रमुख स्थान जैसे पीडब्ल्यूडी रोड, विश्नोई धर्मशाला, गौमाता सर्कल, चौधरी धर्मशाला, बडसम बाइपास, न्यू बस स्टैंड रोड और मुख्य बाजार क्षेत्र इन दिनों जाम के स्थायी अड्डे बन चुके हैं। सुबह और शाम के समय तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब स्कूल-कॉलेज और दफ्तरों का समय होता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली बेहद लचर हो गई है। जाम की स्थिति में पुलिसकर्मी कभी-कभार ही नजर आते हैं, जिससे व्यवस्था और भी चरमराती जा रही है। समय पर ट्रैफिक नियंत्रित नहीं होने के कारण लोगों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों और आपातकालीन सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है।

### ट्रैफिक समस्या से बाजार पर पड़ रहा असर

व्यापारियों का कहना है कि ट्रैफिक की समस्या के चलते ग्राहक भी बाजार आने से कतराने लगे हैं। वहीं, आमजन रोजमर्रा के कामों के लिए घर से निकलने में हिचकिचा रहे हैं। कई बार एम्बुलेंस और स्कूली वाहन भी जाम में फंसे नजर आते हैं, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। अब सवाल यह उठता है कि जब शहर में ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी स्पष्ट है तो फिर हर रोज लगने वाले जाम पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहा है? नगरवासियों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से शीघ्र ही प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू किया जा सके और शहर को इस संकट से मुक्ति मिल सके।



# पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** कस्बे के सिरोही तिराया के विवेकानंद सर्किल पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का जोरदार स्वागत किया गया।

जिला कांग्रेस सचिव सुरजपालसिंह राठौड़ ने बताया कि मांडोली नगर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आगमन के बाद उदयपुर रवाना होने के दौरान विवेकानंद सर्किल पर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर पायलट ने सबका अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर भीनमाल विधायक डॉ. समरजीतसिंह, देराम विश्नोई पूर्व प्रधान, शंकरसिंह राठौड़, ईश्वरसिंह चांदना, तेजसिंह राठौड़, शैलेष देवासी ब्लॉक अध्यक्ष बागोड़ा, एडवोकेट शिवनारायण विश्नोई, मगनलाल नामा, रणछोड़ाराम देवासी, खुशाल प्रजापत, हाजी हमीदखान, संजय खोखर, भवसिंह काबावत, भलाराम, खताराम राणा, बगदाराम मेघवाल, भैराराम परियार, भगराज देवासी, ईश्वरसिंह राठौड़, विजय टेलर, श्रवण टेलर, श्रवणसिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुविचार

कार्य ही सफलता की बुनियाद है।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

# आतंक की जड़

भारत में आतंकी घटनाएं पिछले लगभग 40-45 वर्षों से हो रही हैं, परंतु इनमें कुछ घटनाएं इतनी गंभीर रहीं कि उन्होंने तत्कालीन इतिहास को एक नया मोड़ दे दिया। बीते कुछ दशकों की घटनाओं पर दृष्टि डालें तो कुछ आतंकी हमले बहुत आहत करने वाले रहे। इनमें पहली घटना दिसंबर 2001 को हुई, जब जैश आतंकियों ने भारतीय संसद पर हमला किया। इस घटना को लेकर भारत में प्रबल आक्रोश पैदा हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि अब 'आर-पार' की लड़ाई होगी। भारतीय सेना को 'आपरेशन पराक्रम' के अंतर्गत पाकिस्तान पर हमले की तैयारी का निर्देश दिया गया, परंतु अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते राजनीतिक नेतृत्व उस फैसले से पीछे हट गया। दूसरी बड़ी आतंकी घटना तब हुई, जब लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने नवंबर 2008 को मुंबई में एक साथ कई स्थानों पर हमले किए। समुद्र के रास्ते शहर में घुसे आतंकियों ने 166 लोगों को मार दिया। यह भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला था। दुर्भाग्य कहिए या तत्कालीन संप्रग सरकार की कमजोरी, इस भीषण आतंकी हमले का कोई जवाब नहीं दिया गया। आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए जरूर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे नेशनल सिक्योरिटी गार्ड-एनएसजी की इकाइयों को मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद में स्थापित किया गया। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) का गठन किया गया। मल्टी एजेंसी सेंटर की स्थापना हुई और तटीय सुरक्षा योजना बनाई गई, जिसके अंतर्गत समुद्री मार्गों को सुरक्षित किया गया। सितंबर 2016 में उरी में पाकिस्तानी आतंकियों के हमले में सेना के 18 जवानों ने अपनी जान गंवाई। इसके जवाब में गुलाम कश्मीर में सर्जिकल स्ट्राइक की गई। फिर फरवरी 2019 को पुलवामा में भीषण आतंकी वारदात हुई। यहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी से सीआरपीएफ के काफिले पर ऐसी टक्कर मारी गई कि 40 जवान बलिदान हुए। इस पर भारतीय वायुसेना ने बालाकोट में आतंकियों के ठिकानों पर बमबारी की, जिसमें तमाम आतंकी मारे गए। पहलगाम की घटना इसी कड़ी में एक और बेहद बर्बर घटना है। पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी। पर्यटकों से उनका नाम और मजहब पूछा गया और यह सुनिश्चित करने के बाद कि वे मुसलमान नहीं हैं, उनकी हत्या की गई। ऐसा पहली बार हुआ। इस घटना से आक्रोश भी हुआ और हैरानी भी। हैरानी इसलिए, क्योंकि दिल्ली और श्रीनगर से जो सरकारी बयान आते थे, उनसे ऐसा लगता था कि हालात सामान्य हो रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था में कुछ कमजोरी अवश्य थी, जिसके बारे में आवश्यक जांच हो रही है। प्रारंभिक जांच में 15 स्थानीय लोगों का हाथ इस आतंकी हमले में पाया गया है।

### जाति जनगणना

# वैज्ञानिक सैंपल सर्वे का विकल्प नहीं



शाहिद ए. चौधरी

भारत में धर्म अस्थायी है, जाति स्थायी है। व्यक्ति धर्म बदल सकता है, लेकिन जाति नहीं बदल सकता। इसलिए जिन लोगों ने सिद्धांतः जातिविहीन समाज की कल्पना करने वाले इस्लाम को अपनाया, उनमें भी त्यागी, राजपूत, जाट, गुर्जर, दलित आदि जातियां हैं। हद तो यह है कि जातियों में भी उप-जातियां हैं। मसलन, अंसारी (जुलाहे) बिरादरी में तीन उप-जातियां हैं-थमैती, पारवे और देसवाले। यह उप-जातियां आपस में रोटी-बेटी का रिश्ता नहीं रखती हैं। इनमें जो आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक व राजनीतिक असमानताएं हैं, वह जग जाहिर हैं। यह हाल मुस्लिमों की लगभग सभी जातियों का है। इसका अंदाजा सर्वविदित है, लेकिन ठोस डाटा का अभाव है। इसलिए आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जो जाति जनगणना (मुस्लिमों की जातिगत जनगणना सहित) को शामिल किया गया है, वह स्वागत योग्य कदम है।

इमेज

इससे मुस्लिम जातियों की वास्तविक स्थिति भी मालूम हो जाएगी और डाटा की रोशनी में उनके विकास के लिए भी उचित कदम उठाए जा सकेंगे। हालांकि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने मुस्लिमों की दयनीय स्थिति को उजागर कर दिया था, लेकिन उन्हें आरक्षण जैसी सुविधाओं से इसलिए वंचित रखा गया, क्योंकि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रावधान नहीं है। कुछ राज्यों, जैसे आंध्रप्रदेश व कर्नाटक ने मुस्लिमों को 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रयास किया, लेकिन उक्त कारण से कभी अदालत ने तो कभी नई राज्य सरकार ने उस पर विराम लगा दिया। कुछ राज्यों में ओबीसी मुस्लिमों को अवश्य आरक्षण का लाभ प्राप्त है। अनुमान यह है कि जनगणना से जब मुस्लिमों की जातिगत स्थिति सामने आ जाएगी तो उनकी कमज़ोर जातियों के विकास के लिए सरकारों की तरफ से कुछ कदम भी ज़रूर उठाए जाएंगे। बहरहाल, मुस्लिमों में जो सम्पन्न अशरफ जातियां हैं (सैयद, शेख, मुगल, पठान आदि) वह अब भी ख्वाब की दुनिया में ही रहना चाहती हैं या अपने राजनीतिक वर्चस्व को खोना नहीं चाहतीं। उनकी तरफ से यह मुहिम चलाई जा रही है कि जनगणना में धर्म इस्लाम व जाति मुस्लिम लिखवाई जाए। यह हकीकत से शुतुरमुर्ग की तरह बालू में मुंह छुपाना है। मुस्लिम कोई जाति नहीं है। जो भी इस्लाम को मानता है, वह मुस्लिम है। भारतीय उपमहाद्वीप के मुस्लिमों में जातियों का होना एक सामाजिक सच्चाई है, जिस पर अनेक शोध हो चुके हैं, विशेषकर जेएनयू के शोधकर्ताओं द्वारा। इस्लामी विद्वान अशरफ अली थानवी, जिन्हें मुस्लिम हकीम-उल-उम्मत मानते हैं, ने तो अपनी चर्चित पुस्तक 'बहिश्ती जेवर' में बताया है कि मुस्लिमों की कौन सी जातियां आपस में ब्याह कर सकती हैं और कौन सी नहीं। यह बात कुरआन के विरुद्ध अवश्य है, लेकिन ज़मीनी हकीकत यही है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि मुस्लिमों में जातियों के आधार पर राजनीतिक दल व सामाजिक संगठन हैं। अगर सवर्ण मुस्लिमों ने एसएसएमपी (सैयद, शेख, मुगल, पठान) पार्टी बनाई हुई है, तो ओबीसी मुस्लिमों के पसमांदा संगठन हैं। यह जातिगत झुकाव चुनावी मतदान में भी नज़र आता है। यही वजह है कि बीजेपी की दिलचस्पी पसमांदा में बढ़ती जा रही है और उसने इस सिलसिले में अनेक सम्मेलन आयोजित किए हैं। दरअसल, समाजशास्त्रियों के अनुसार भारत के हिन्दुओं व मुस्लिमों में 97.5 प्रतिशत समानताएं हैं। इसलिए यह सोचना ही फिज़ूल है कि उनके व्यवहार या किसी भी मुद्दे पर प्रतिक्रिया में कोई खास अंतर होगा। अगर हम चाहते हैं कि कल को जाति का महत्व कम हो जाए तो हमें सबसे पहले यह समझना होगा कि आज भी जाति का महत्व क्या है? इसके लिए जनगणना, आवश्यक होने के बावजूद पर्याप्त नहीं है। केवल गहरे सैंपल सर्वे ही विस्तृत डायग्नोसिस प्रदान कर सकते हैं। हां, इस बात से इंकार नहीं है कि जाति जनगणना साक्ष्य-आधारित, समावेशी प्रशासन की ओर परिवर्तनकारी कदम हो सकती है अगर उसे ध्यानपूर्वक, स्पष्टता व उद्देश्य के साथ लागू किया जाए। दशकों से हम जाति को अनदेखा करते हुए विकास कर रहे हैं। हमने जीडीपी विकास, डिजिटाइजेशन व ग्लोबल प्रतिस्पर्धा का तो पीछा किया, लेकिन जाति को अक्सर अनदेखा किया, जबकि जाति एक ऐसी संरचना है जो शिक्षा, रोज़गार, हेल्थकेयर, हाउसिंग व न्याय को आकार दे रही है। हम डाटा को लिंग, भूगोल व आयु के आधार पर विभाजित करते हैं, लेकिन सांख्यिकीय की दृष्टि से जाति अनदेखी ही रही है, जबकि जीवन के नतीजों को तय करने में जाति की भूमिका निरंतर बनी रही है। अनदेखा करने की इस प्रवृत्ति ने एक विरोधाभास उत्पन्न कर दिया है। हम आरक्षण नीतियों पर बहस करते हैं बिना यह जाने कि वास्तविक नुकसान का वितरण कहां है और गहरे विभाजित समाज में जाति-तटस्थ नीतियां लागू करने का प्रयास करते हैं। अच्छे उद्देश्य वाली नीतियां भी अक्सर निशाने पर नहीं लगतीं; क्योंकि सूचना का आधार अधूरा होता है। जाति जनगणना इसे सुधारने का अवसर प्रदान करती है। इससे न सिर्फ यह मालूम होगा कि किस जाति की कितनी संख्या है बल्कि यह भी जानकारी मिलेगी कि वह किन आर्थिक व सामाजिक स्थितियों में अपना जीवन व्यतीत कर रही है। यह पहचान स्थापित करना नहीं है बल्कि संरचनात्मक असमानताओं को पहचानना है। कल का जातिविहीन समाज निर्मित करने के लिए आज जो जाति की हक़ीक़त है, उसे समझना ज़रूरी है। लेकिन साथ ही यह समझना भी आवश्यक है कि जनगणना वैज्ञानिक सैंपल सर्वे का विकल्प नहीं है। जनगणना से दायरा मिलता है, गहराई नहीं। जनगणना की भूमिका विविधता का बुनियादी नक्शा प्रदान करने के संदर्भ में है, विस्तृत डायग्नोसिस देने के सिलसिले में नहीं। इससे वह प्रश्न प्रासंगिक हो जाते हैं जो सामाजिक व आर्थिक हकीकत की तस्वीर दिखाते हैं, जैसे शिक्षा, रोज़गार, एसेट कितने हैं और बुनियादी सेवाओं तक कितनी एक्सेस है। यह डाटा जब एकत्र हो जाये तब गहरे, आवश्यकता-आधारित अध्ययनों की ज़रूरत होगी। नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस या स्वतंत्र शोध संस्थाओं द्वारा फोकस सर्वे कराने होंगे ताकि क्षेत्रीय, समुदाय-विशिष्ट आदि असमानताएं मालूम हो सकें। इसी तरह ब्राज़ील व दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में ठोस, साक्ष्य-आधारित नीतियां बनती हैं। इस क़िस्म के डाटा से ही सही जाति-आधारित कल्याणकारी योजनाएं और आरक्षण नीतियां बन सकती हैं। विश्वसनीय साक्ष्य हाथ में होंगे तो नीतिनिर्माता जान सकेंगे कि योजनाओं का लाभ हाशिये पर पड़े लोगों तक पहुंच रहा है या केवल प्रशासनिक श्रेणियों की ही सेवा हो रही है। इससे ही विकास का अधिक समावेशी व स्थायी मॉडल तैयार हो सकेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या जाति जनगणना से जातिगत राजनीति पर विराम लग सकेगा? इस सिलसिले में एक राय तो यह है कि अगर जाति जनगणना से पूर्णतः साबित हो जाता है कि जातियों के शक्तिशाली नेता अपनी जाति के आर्थिक सशक्तिकरण की गारंटी नहीं हैं तो इन नेताओं का सियासी प्रभाव कम हो सकता है।

## पंचांग

सोमवार, 5 मई 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2082 |
| शक संवत् | - 1947 |
| ऋतु | - ग्रीष्म |
| माह | - वैशाख |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - अष्टमी 07.37 तक |
| वार | - सोमवार |
| नक्षत्र | - आश्लेषा 14.03 तक |
| योग | - वृद्धि 24.20 तक |
| करण | - बालव 20.02 तक |
| सूर्योदय | - 06.10 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 07.00 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.03 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 07.12 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - कर्क 14.03 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.09 से 13.01 |
| राहु काल | - 07.45 से 09.21 |
| व्रत, त्यौहार | - दुर्गाष्टमी, सीतानवमी, रवियोग 14.01 प्रारंभ |
| दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## भारतीय संस्कृति और दांपत्य प्रतिष्ठा का प्रतीक सीता नवमी

आर. सी. शर्मा

भारतीय संस्कृति में सीता के आदर्श स्त्रीत्व और पारिवारिक मूल्यों का बहुत सम्मान किया जाता है, इसलिए सीता नवमी की तिथि भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। माना जाता है कि इस दिन देवी सीता धरती से प्रकट हुई थीं यानी इस दिन को उनके जन्म दिवस के रूप में जाना जाता है। बैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व आम तौर पर अप्रैल या कभी कभी मई में आता है। एक धार्मिक मान्यता के मुताबिक त्रेता युग में मिथिला के राजा जनक, जो कि आज के बिहार स्थित जनकपुर क्षेत्र के राजा हुए, किसी धार्मिक कर्मकांड के तहत हल चला रहे थे और तभी उनके हल से एक घड़ा टकराया और उस घड़े से भूमिपुत्री या धरित्री तनया जानकी अथवा मां सीता का जन्म हुआ। माना जाता है कि मां सीता नारी शक्ति, त्याग और पतिव्रता धर्म के प्रतीक के रूप में जीवन और आदर्शों को परिभाषित करती हैं। भारतीय संस्कृति में भगवान राम की तरह ही अपना महत्व रखने वाली मां सीता के इस जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाने के लिए भारतीय जनजीवन में सीता नवमी या जानकी नवमी का पर्व मनाया जाता है। वैदिक पंचांग के मुताबिक इस साल सीता नवमी 5 मई 2025 को सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर शुरु होगी और 6 मई 2025 को सुबह 8 बजकर 38 मिनट पर इसका शुभ मुहूर्त समाप्त होगा। चूंकि सनातन धर्म में उदयातिथि को महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए सीता नवमी 5 मई 2025 को मनायी जाएगी। सीता नवमी का भारतीय समाज में बहुत ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि भारत में मां सीता को आदर्श स्त्रीत्व का प्रतीक माना जाता है। उनकी पवित्रता, उनका पतिव्रता धर्म, उनका समर्पण और त्याग महिलाओं के लिए प्रेरणा है। इस कारण सीता नवमी को विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन में खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उनके जीवन में सुख-शांति आती है। सीता नवमी के दिन भगवान राम और मां सीता माता की पूजा की जाती है और माना जाता है कि इस पूजा से घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आएगी। सीता नवमी का सांस्कृतिक महत्व भी खूब है। मां सीता से जुड़ने के कारण यह तिथि आदर्श स्त्रीत्व का पर्याय बन जाती है और इस तरह सीता नवमी भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती जाती है।

तारीख विशेष

## अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस

दाइयां गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के दौरान तथा बच्चे के जन्म के बाद की अवधि में महिलाओं और उनके परिवारों को देखभाल और सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करती हैं। 5 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोपीय क्षेत्र में दाइयों की भूमिका का जश्न मनाते हैं तथा विशेष रूप से देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के लिए दाइयों को शिक्षित करने, प्रशिक्षण देने, विनियमित करने और लाइसेंस देने के महत्व को पहचानते हैं। हम क्षेत्र में दाई कार्य शिक्षा के स्तर को बढ़ाने, दाई-कार्य पर साक्ष्य-आधारित ज्ञान का सृजन करने, तथा राष्ट्रीय नीतियों को प्रभावित करने में विश्व स्वास्थ्य संगठन/यूरोप के कार्यों को भी प्रदर्शित करते हैं, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली, सुलभ, समतापूर्ण, कुशल और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय दाइयों का दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका है, दाईगिरी के बारे में जानना तथा घर पर प्रसव कराने में इसकी भूमिका के बारे में जानना। अगर आप किसी दाई को जानते हैं या किसी ने आपके बच्चे को जन्म देने में आपकी मदद की है, तो उन्हें धन्यवाद कार्ड भेजना न भूलें या उन्हें कॉल करके बताएं कि आप उनकी सराहना करते हैं। दाइयां उन बच्चों की बहुत परवाह करती हैं, जिनकी वे दुनिया में लाने में मदद करती हैं और उन्हें अपडेट पसंद होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय दाइयों के दिवस पर अपना योगदान देने के लिए आप कई अन्य कदम उठा सकते हैं। क्यों न आप लोगों को दाइयों के बारे में जानकारी देने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाएं? आप इस दिन के लिए एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं, जो लोगों को खूब पसंद आए। इसमें मैराथन से लेकर सार्वजनिक प्रदर्शन, मार्च या रैली तक कुछ भी शामिल है। दूसरा विकल्प सोशल मीडिया अभियान बनाना है। अगर आप इंटरनेट के जानकार हैं और आपकी ऑनलाइन मौजूदगी अच्छी है तो आप लोगों को इसमें शामिल होने और मिडवाइफरी देखभाल के बारे में अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। दाइयों को ऑनलाइन कार्यशाला में अपने अनुभव और ज्ञान साझा करने के लिए आमंत्रित करें। समुदाय के सदस्य प्रसव, प्रसवपूर्व देखभाल और दाई के पेशे के बारे में जान सकते हैं।

### भगवान दादा

# झुग्गी से झुग्गी तक का सफर

कैलाश सिंह

भगवान दादा की ख्याति का राज़ यह था कि वह इस अंदाज़ से डांस करते थे कि हर कोई उन्हें आसानी से कॉपी कर सकता था। उनकी नृत्य प्रतिभा से राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन व गोविंदा जैसे कलाकार भी प्रभावित थे। भगवान दादा के पिता एक टेक्सटाइल कंपनी में मज़दूर थे और एक झुग्गी में रहते थे। भगवान दादा भी मजदूरी ही करते थे, लेकिन किस्मत से उन्हें फ़िल्मी दुनिया में कदम रखने का अवसर मिल गया और वह एक निर्देशक के सहायक हो गए व पर्दे पर छोटी-छोटी भूमिकाएं भी निभाने लगे। लेकिन फिल्मों से इतना संपर्क बनने के बाद यह स्वाभाविक था कि वह सितारा बनने का सपना देखने लगे। उन्हें साल 1951 में आयी फिल्म 'अलबेला' में हीरो बनने का अवसर मिला। इस फिल्म का गीत 'शोला जो भड़के' फिल्म की तरह ही ज़बरदस्त हिट रहा और इसमें भगवान दादा का विशिष्ट डांस स्टाइल छा गया।

इमेज

"कभी काली रतियां कभी दिन सुहाने/किस्मत की बातें तो किस्मत ही जाने/ओ बेटा जी ओ बेटा जी/अरे ओ बाबूजी/किस्मत की हवा कभी नरम कभी गरम।" फिल्म 'अलबेला' के इस क्लासिक गीत का इस्तेमाल 2022 की फिल्म 'लूडो' में भी किया गया था, जिसे हाल ही में मैंने देखा तो भगवान दादा की याद आ गई, जिन पर यह गीत मूलतः फिल्माया गया था। हैरत की बात तो यह है कि भगवान दादा का जीवन भी इसी गीत की तरह ही रहा। वह फर्श से उठे, अर्श तक पहुंचे और फिर फर्श पर ही आ गिरे। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि भगवान दादा का जन्म झुग्गी में हुआ, उन्होंने 298 फिल्मों में बतौर एक्टर काम किया, 34 फिल्मों का निर्देशन किया, भारतीय सिनेमा के पहले डांसिंग-एक्शन हीरो बने, दिलीप कुमार व राज कपूर जैसे कलाकारों को एक्टिंग के गुर सिखाए, जिस बंगले में बाद में राजेंद्र कुमार व राजेश खन्ना सुपर स्टार बने उसके पहले स्टार मालिक वह ही थे और फिर उनका अंतिम समय इतना कठिन व दर्दनाक हालात में बीता कि उनकी मौत झुग्गी में ही हुई? भगवान दादा की ख्याति का राज़ यह था कि वह इस अंदाज़ से डांस करते थे कि हर कोई उन्हें आसानी से कॉपी कर सकता था। उनकी नृत्य प्रतिभा से राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन व गोविंदा जैसे कलाकार भी प्रभावित थे। भगवान दादा के पिता एक टेक्सटाइल कंपनी में मज़दूर थे और एक झुग्गी में रहते थे। भगवान दादा भी मजदूरी ही करते थे, लेकिन किस्मत से उन्हें फ़िल्मी दुनिया में कदम रखने का अवसर मिल गया और वह एक निर्देशक के सहायक हो गए व पर्दे पर छोटी-छोटी भूमिकाएं भी निभाने लगे। इन्हीं भूमिकाओं से उनकी पहचान बनी। वह स्टंट भूमिकाएं भी निभाते थे। लेकिन फिल्मों से इतना संपर्क बनने के बाद यह स्वाभाविक था कि वह सितारा बनने का सपना देखने लगे। उन्हें साल 1951 में आयी फिल्म 'अलबेला' में हीरो बनने का अवसर मिला। इस फिल्म का गीत 'शोला जो भड़के' फिल्म की तरह ही ज़बरदस्त हिट रहा और इसमें भगवान दादा का विशिष्ट डांस स्टाइल छा गया। वह स्टार बन गए। भगवान दादा की छवि एक्शन हीरो की बन गई। वह इस इमेज से बाहर निकलकर कम बजट की आर्ट फ़िल्में करना चाहते थे ताकि उनकी अभिनय प्रतिभा का भी लोग लोहा मानें। इसलिए उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस खोला। वह इतने सफल हुए कि उन्होंने एक सी-फेसिंग बंगला खरीदा। उनके पास सात गाड़ियां थीं (सप्ताह में हर दिन के लिए एक गाड़ी) और नौकरों की लम्बी कतार। उनके पास ऐशोआराम की हर चीज़ थी। (बाद में यही बंगला राजेंद्र कुमार व राजेश खन्ना के पास आया, यानी इस बंगले ने तीन कलाकारों को सूरज बनते व डूबते हुए देखा)। भगवान दादा वास्तव में सुपर स्टार बन चुके थे। लेकिन किस्मत के खेल निराले होते हैं। उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। उन्होंने एक आर्ट फिल्म 'हंसा' बनाने में अपनी सारी कमाई झोंक दी। फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप हो गई। फिर क्या था-एक एक करके हर चीज़ बिकती चली गई बंगला, गाड़ियां, स्टूडियो। सब कुछ चला गया। भगवान दादा अकेले रह गए। फ़िल्मी दुनिया का उसूल है-चढ़ते सूरज को सलाम है, डूबते सूरज की तरफ कोई देखता भी नहीं। भगवान दादा के कंगाल होते ही बॉलीवुड के लोगों ने उनका साथ छोड़ दिया। सिर्फ़ 1-2 लोग ही उनके साथ रहे, वह भी शरमाहुजूरी। वह अपनी बचपन की झुग्गी में लौटकर रहने लगे। उन्हें फिल्मों में एक-दो सीन का काम अवश्य मिल जाता था, लेकिन वह मुंबई जैसे महंगे शहर में आराम से रहने के लिए पर्याप्त न था। आखिरी दिनों में वह एक छोटे से कमरे में अकेले रहते थे। फिल्मों के चमकते सितारे को लोग भूल चुके थे। हां, अंतिम दिनों में दिलीप कुमार ने उनकी कुछ मदद अवश्य की थी, जिससे उनका कुछ इलाज भी हुआ। लेकिन 4 फरवरी 2002 को उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। फर्श से अर्श तक और फिर फर्श पर, भगवान दादा की जीवन गाथा फ़िल्मी सी प्रतीत होती है। इसलिए उनके जीवन पर 2016 में एक मराठी फिल्म 'एक अलबेला' बनी, जिसमें मंगेश देसी ने भगवान दादा की भूमिका निभाई थी और गीता बाली की भूमिका विद्या बालन ने निभाई थी। भगवान दादा और गीता बाली की जोड़ी एक समय में बहुत हिट थी। भगवान दादा का जन्म 1 अगस्त 1913 को भगवान अभाजी पलव के रूप में एक मराठी परिवार में अमरावती में हुआ था। चूंकि उनके पिता मुंबई की एक टेक्सटाइल मिल में मज़दूर थे, इसलिए वह एक झुग्गी में रहते थे। उन्होंने मूक फिल्मों में काम करना शुरू किया और फिर 65,000 के मामूली बजट पर फ़िल्में बनाने लगे। जिसमें कास्टियूम डिज़ाइन से कलाकारों के खाने का तक का सारा इंतजाम वह स्वयं किया करते थे। उन्हें कुश्ती का शौक था इसलिए एक्शन हीरो बने। उन्होंने 1942 में जागृति पिक्चर्स की स्थापना की और निर्माता बन गए।



## गीता सार

**युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्मषः ।**
**सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥ (२८)**

**भावार्थ :**
इस प्रकार योग में स्थित मनुष्य निरन्तर योग अभ्यास द्वारा सभी प्रकार के पापों से मुक्त होकर सुख-पूर्वक परब्रह्म से एक ही भाव में स्थिर रहकर दिव्य प्रेम स्वरूप परम-आनंद को प्राप्त करता है। (२८)

## बोले तो...



बहुत कुछ तब हुआ, जब मैं राजनीति में नहीं था। हालांकि, मैं कांग्रेस की ओर से की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा भी है कि 80 के दशक में जो कुछ भी हुआ, वह गलत था। भाजपा शासनकाल में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर जो डर का माहौल है, वह सच में है।

- राहुल गांधी



केंद्रीकृत केवाईसी सिस्टम बहुत प्रभावी रहेगा, जहां एक जगह केवाईसी होगी और वो सभी जगह अपने आप हो जाएगी। इसकी वैधता की पूरी जांच होगी। अनधिकृत सलाहकार सेवाओं का पता लगाने ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की निरंतर निगरानी की जा रही है।

- तुहिन कांत पांडे



सपा अध्यक्ष को पिछड़ों और दलितों को ठगने की पुरानी आदत है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के फैसले ने अखिलेश की नींद उड़ा दी है। जब तक सपा अध्यक्ष सत्ता में रहे, उन्हें कभी महाराजा सुहेलदेव की याद नहीं आई। अब राजभर समाज को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं।

- ओमप्रकाश राजभर

कुछ अलग | अजब गजब

# बच्ची में गजब हुनर, पैर नहीं, हाथों से चलकर उतरी 72 सीढ़ियां, देखने वाले रह गए दंग!

भारत में इतना टैलेंट है कि आप अंदाजा नहीं लगा सकते। बस उस हुनर को तराशने की जरूरत है। हाल ही में एक बच्ची ने इस बात को साबित कर दिया। इस बच्ची ने पैरों से नहीं, बल्कि हाथों से चलकर 72 सीढ़ियां उतरकर दिखाया और सभी को हैरान कर दिया। बच्ची बड़ी ही आसानी से 50 फीट की ऊंचाई को पार कर गई और सादगी से कहा कि ये उसका रोज का रूटीन है। इंस्टाग्राम यूजर मीठी गोरखपुर की रहने वाली हैं। वो एक होनहार मार्शल आर्ट्स प्लेयर है। वो अक्सर अपनी प्रैक्टिस के वीडियोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं। उन्हें 95 हजार लोग फॉलो करते हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो अपने दोनों हाथों को कदमों की तरह इस्तेमाल कर सीढ़ियां उतरती नजर आ रही हैं। हैरानी इस बात की है कि ऐसा कर के वो 1-2 नहीं, पूरी 72 सीढ़ियां उतरी हैं। मीठी अभी



बच्ची है। वैसे तो उनकी उम्र के बारे में जानकारी नहीं है, पर देखने से वो 12-13 साल से ज्यादा बड़ी नहीं लगतीं। इस वीडियो में मीठी ने कहा कि वो 50 फीट की ऊंचाई से हाथों के जरिए सीढ़ियां उतरेंगी। वो एक पानी की टंकी के ऊपर खड़ी है। फिर वो दोनों हाथों से सीढ़ियां उतरने लगती है। साथ ही वो सीढ़ियां गिनती भी जा रही है। अंत में वो 72 सीढ़ियां उतरकर बिल्कुल सामान्य ढंग से नीचे जाकर खड़ी हो जाती है। बच्ची के इस वीडियो को 97 लाख व्यूज मिल चुके हैं, जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि बच्ची का टैलेंट गजब का है। वहीं एक ने कहा-नाज है हमें आप पर! एक ने कहा कि बच्ची ने बहुत हिम्मत दिखाई है। जबकि कुछ लोग इस हुनर में भी कमियां निकल रहे हैं।

## पाठक पाती

### दुनिया भर में विलंबित न्याय

न्याय में अत्यधिक विलंब केवल पीड़ितों को नहीं, बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र को प्रभावित करता है। न्याय तभी सार्थक होता है, जब वह समयबद्ध हो, अन्यथा वह न्याय न होकर अन्याय में बदल जाता है। विलंबित न्याय केवल भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली और विकसित राष्ट्रों में भी देखने को मिलता है। इसका उदाहरण मिसिसिपी में रिचर्ड गेराल्ड जॉर्डन का मामला है, जिसने 1976 में एक महिला का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। जॉर्डन ने फिरौती के लिए पीड़िता के पति को फोन कर झूठ बोला कि उसकी पत्नी सुरक्षित है। इस जघन्य अपराध के लिए उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी, लेकिन कानून की पेचीदगियों और अपीलों के चलते यह सजा लगभग पांच दशक तक टलती रही। जॉर्डन ने अपने बचाव के लिए हर कानूनी रास्ता अपनाया, लेकिन अंततः सभी अपीलें खारिज हो गईं। मिसिसिपी सुप्रीम कोर्ट ने अब आदेश दिया है कि उसे मृत्युदंड दिया जाएगा, हालांकि यह नहीं बताया गया कि सजा किस विधि से दी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसमें सुधार की जरूरत महसूस होती है, जो समय की मांग भी है।

- अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# वन मंत्री ने किया वनपाल नाका कुंडला का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने टहला रेन्ज के वनपाल नाका कुण्डला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कार्मिक उपस्थिति पंजिका की जांच कर अनुपस्थित कार्मिकों की गैर हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों के सोते हुए पाए जाने पर फटकार लगाते हुए कहा कि अपने कार्य प्रति उत्तरदायी रहते हुए कार्य के प्रति सजग व सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पश्चात मंत्री शर्मा ने टहला में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत हुए प्रदीप पंचोली के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में पहुंचकर उनके राजकीय सेवाकाल को पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक की भूमिका विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर समाज को नई दिशा देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में इनकी सेवाएं सराहनीय रही है। इन्होंने आदर्श शिक्षक के रूप में अपने कार्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन किया है। मंत्री शर्मा ने साउथ वेस्ट ब्लॉक काला कुआं अलवर में अपने प्रतिनिधि पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## वन मंत्री ने जनसुनवाई कर परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।



जनसुनवाई में ग्राम पंचायत पुनर्गठन, सडक, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण की परिवेदनाएं प्रमुख रही जिस पर मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। उन्होंने फरियादियों से कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की गई है जिनका जागरूक रहकर लाभ उठाने के साथ-साथ अन्य लोगों को लाभ उठाने हेतु जागरूक करें।

# पेयजल संकट को लेकर आक्रोश, परशुराम सर्किल पर जाम लगाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर शहर के अखेपुरा मोहल्ले के महिला एवं पुरुषों ने पीने के पानी की मांग करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में परशुराम सर्किल पर जाम लगाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि बढ़ती हुई गर्मी में अलवर शहर के पीएचडी अधिकारी, कर्मचारी तथा भाजपा सरकार की लापरवाही की वजह से आम जन पीने के पानी को तरस रहा है। बीजेपी की सरकार को बने हुए लगभग डेढ़ वर्ष बीत चुका है। लेकिन राजस्थान के अलवर के सांसद केन्द्र में मंत्री है, तथा शहर विधायक राज्य में मंत्री होने के बावजूद अलवर शहर में पीने के पानी की किल्लत मची हुई है तथा शहर के सभी 65 वार्डो में पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। आज परशुराम सर्किल पर जाम के वक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने पीएचडी एईएन तथा अरावली विहार को मौके पर जनता की परिवेदना से अवगत करवाया। पीएचडी एईएन हरिओम जाट ने पांच दिन में अखेपुरा मोहल्ले की किन्नर वाली गली के पानी की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। तथा जब तक बोरिंग गहरी होकर हर घर में पानी नहीं पहुंचेगा तब तक कल से ही टैंकरों से पानी की आपूर्ति का आश्वाशन पीएचडी अधिकारियों ने दिया है। अगर अखेपुरा मोहल्ले की पानी की समस्या का समाधान अगले पांच दिन में नहीं हुआ तो जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में परशुराम सर्किल पर जाम लगा कर प्रदर्शन किया जाएगा, उसमें अगर कानून व्यवस्था खराब होती है। तो उसकी जिम्मेदारी राजस्थान सरकार, पीएचडी अधिकारी तथा जिला प्रशासन की होगी।

# न्यूज़ ब्रीफ

## डॉ. गर्ग ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भरतपुर।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग रविवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर आये। जहां उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन से मुलाकात की। डॉ. गर्ग ने रविवार को जघीना, सहनावली, धौरमुई, पीपला, सूती सहित आधा दर्जन से अधिक गांव का दौरा किया और क्षेत्रिय समस्याओं को जानकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने लोगों के दु:ख दर्द में भी सहभागिता निभाई। डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जनसुनवाई की।

## हज के मुकद्दस सफर के लिए माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर किया रवाना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** चूरू जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 58 स्थित मोहल्ला ईदगाह में सऊदी अरब में हज के मुकद्दस सफर के लिए आरिफ खान दोलतखानी एवं उनकी बहिन रोशनी बानों एवं अमरीन बानों का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर हज के मुकद्दस सफर के लिए रवाना किया गया तथा शुभकामनाएं व मुबारकबाद पेश की गई। इस अवसर पर रियाजत अली खान ने कहां की हज यात्री हज पर जाकर देश में अमन चौन खुशहाली एवं भाईचारा तथा देश की तरक्की एवं उन्नति के लिए दुआ करेंगे। इस अवसर पर अल्लाउद्दीन खान, एडवोकेट सलिम खान, मोलाना अनिश रजा, हाजी अली खान, नवाब खान, इदरीश खान, इमरान इलियासी, मोहम्मद अली, निरंजन सांखला, नवाब खान, सत्तार खान, सहित बड़ी संख्या में गणमानी लोगों उपस्थित थे।

## विराट शास्त्रीय संगीत संध्या 11 मई को सालासर में

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** सालासर बालाजी धाम में बाबूलाल पुजारी (चेयरमेन), अजीत व प्रमेन्द्र पुजारी के सौजन्य से 11 मई, रविवार को सालासर के पंडित पार्किंग स्थल पर रात्रि 10 बजे से विराट शास्त्रीय संगीत संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ संगीत प्रेमी महावीर प्रसाद पुजारी व कार्यक्रम संयोजक गिरधर शर्मा ने बताया कि इस सांगीतिक अनुष्ठान में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कथक गुरु पंडित जगदीश गंगानी के संयोजन में कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ोदरा के 22 दलीय कलाकारों द्वारा कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति सहित मुंबई की शास्त्रीय गायिका गौरी पठारे द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय गायन का कार्यक्रम आयोजित होगा। पुजारी परिवार ने अधिकाधिक संख्या में संगीत रसिकों को इस आयोजन का आनंद प्राप्त करने की अपील की है।

## शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए नवाचारी शिक्षक सुनिल बैरासर व नवीन चौधरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ क्षेत्र के शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में कार्यरत शिक्षक सुनिल बैरासर व राजकीय प्राथमिक विद्यालय नाईयों की ढाणी बेवड़ के शिक्षक नवीन चौधरी को जिला मुख्यालय चूरू में आयोजित गुरू वंदन सम्मान कार्यक्रम में शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया जिला मुख्यालय चूरू में आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम खुशाल दास यूनिवर्सिटी के सौजन्य से विधायक चूरू हरलाल सहारण, चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक गोविन्द सिंह राठौड़, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक संतोष महर्षि, पूर्व कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय डी के सैनी, दिनेश जुनेजा एम डी एसकेडी यूनिवर्सिटी अतिथियों के सानिध्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिक्षा रत्न सम्मान 2025 का विषय ज्ञान का दीप जलाएं, शिक्षकों का मान बढ़ाएं, शिक्षा को जो ले गए नए शिखर पर अब हैं, उनके सम्मान के अवसर पर रखा गया था। शिक्षक सुनिल बैरासर निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कर नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं उनके द्वारा चलाए गए लाइब्रेरी नवाचार, विद्यार्थियों के लिए ओएमआर शीट आधारित जीके प्रतियोगिता, पर्यावरण के प्रति निरंतर पौधारोपण व वितरण, पक्षियों के लिए विद्यालय व गांव में परिंडा व पक्षीघर, विद्यालय में भामाशाह प्रोत्साहन को बेहतर गति प्रदान हुई है।



## बिना पुलिस सत्यापन वाले कार्मिकों पर होगी कार्यवाही



**सादुलपुर।** जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के निर्देशनुसार तारानगर पुलिस ने विभिन्न जगहों पर दबिश देकर चेक किया। थाने एएसआई सुमेरसिँह मीणा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में रविवार को कस्बे में होस्टल,पीजी, ढाबे, सराये, धर्मशाला, ईंट भट्टों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को चेक किया गया एवं सभी पुलिस सत्यापन के लिए पाबंद किया गया। मीणा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश है कि इन सबके प्रबंधकों द्वारा इनका पुलिस सत्यापन नहीं करवाया जाता है। ऐसे आसामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा कानून व्यवस्था, सामाजिक सोहार्द बिगाड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# योग से होता है शारीरिक विकास : डॉ. मनोज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** ढांढ़ण में 2 राज- बटालियन एन सी सी के कैम्प कमांडेंट लेफ्टि कर्नल सुनील कुमार के नेतृत्व में चल रहे द्वितीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में योगाभ्यास में सम्बोधित करते हुए डॉ. मनोज योगाचार्य ने कैडेट्स को आहार, जीवनचर्या और गहरी खांस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर योगाचार्य ने बताया कि योग युवाओं के लिए रोजगार को स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है और साथ ही व्यक्तिगत स्वास्थ्य को भी सुधारता है। हमें अपनी जीवनचर्या में सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक आहार को औषधि के रूप में गृहण करना चाहिए जिसमें सुबह की चाय को त्यागकर परम्परागत दही रोटी का कलेवा, खाने में मोटा अनाज, सलाद आदि से अपनी आंतों के प्रवाह को सही किया जा सकता है। गर्ल्स कैडेट को विशेषकर रात को दूध पीने की आवश्यकता पर चर्चा की। कैम्प कमांडेंट लेफिफ्ट कर्नल सुनील कुमार ने बताया कि योग द्वारा व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक क्षमताओं में बढ़ोतरी होती है।

# मूंदीताल में विशाल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूंदीताल में विशाल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पधारे चूरू सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि हमने विकास को ही ध्येय मानकर लगातार काम किया है जिसके चलते लगातार आपका आशीर्वाद मिला है। स्कूली शिक्षा, खेल, फसल बीमा, सड़क जैसे क्षेत्रों में हमने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। विधायक नरेन्द्र बुडानिया ने कहा कि हमने विकास के नये मापदण्ड स्थापित किए हैं। नहर जैसा प्रोजेक्ट किसानों का सुनहरा भविष्य है। कार्यक्रम की शुरुआत से शहीद ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं पहलगाम हमले में दिवंगत हुए भारतीयों के सम्मान में मौन रखा गया। मुख्य अतिथियों ने इस एक ही ग्राम पंचायत के 30 डॉक्टर्स को पुरस्कार वितरित किए और कहा कि एक पंचायत से इतनी बड़ी संख्या में डॉक्टर निकलना बहुत बड़ी बात है। उप सरपंच कविता सहारण ने बताया कि कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़, प्रदेश सचिव अमरसिंह सांगवान, चैयरमेन तारानगर प्रियंका बानो, प्रधान संजय कस्वां, जिप सदस्य विमला कालवा, मोहरसिंह ज्याणी, युवा नेता संजय पूनियां, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ खान, हरिसिंह बेनीवाल, लाल मोहम्मद भियाणी, सरपंच मीरा देवी, सरपंच मानसिंह रैबारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण व ग्राम पंचायतवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# उत्कृष्ट कार्य के लिए लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी के शिक्षक सम्मानित



**चूरू।** श्री खुशालदास यूनिवर्सिटी हनुमानगढ़ द्वारा आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम में लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ के छह शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि चूरू में आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम में विद्यालय के गौरव शर्मा, विक्रम सिंह शेखावत, जितेंद्र कुमार शर्मा, कोकिला शर्मा और मुकेश भार्गव सहित कुल छह शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवा हेतु प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सारण, एसपी जय यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्राचार्य ने सभी सम्मानित शिक्षकों को साधुवाद दिया।

# फुलेरा रेलवे स्टेशन पर महासंघ द्वारा नि:शुल्क जल सेवा शुरू, यात्रियों को गर्मी से राहत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रविवार को दैनिक रेल यात्री महासंघ के तत्वावधान में फुलेरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए नि:शुल्क शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेशन अधीक्षक सतीश रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आर.सी. वर्मा, भंवरलाल, पार्षद पूजा भाटी, डॉ. गणेश दाधीच और पूनम कुमावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ अध्यक्ष विष्णु कयाल ने की। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात फीता काटकर जल सेवा का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस दौरान महासंघ अध्यक्ष विष्णु कयाल ने बताया कि प्रतिवर्ष गर्मियों में यह सेवा स्टेशन पर संचालित की जाती है, जिसमें फुलेरा के नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहता है।उद्घाटन के बाद अतिथियों और महासंघ पदाधिकारियों ने स्वयं यात्रियों को ठंडा पानी पिलाया। इस सेवा में भाग लेने वालों में रजनी कुमावत, सुमित्रा नाथावत, राजेन्द्र इंदौरा, श्यामलाल सैनी, विजय गोपाल दाधीच, शेष नारायण सैनी, श्रवण वर्मा, चिरंजीलाल मेहरा, गजेंद्र कुमावत, राजेंद्र सैनी, अजय तारवान, सुनील सैनी, मुकेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, संजय भाटिया, श्याम सिंह चौहान, सुमित्रा नाथावत सहित अनेक स्वयंसेवक मौजूद रहे।



# सुगम व्यापर सुनिश्चित करने उद्योगों के समस्या निवारण करने समन्वय करें सभी विभाग : जिला कलेक्टर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार )अलवर जिला इकाई द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार संगोष्ठी एवं सामूहिक भोज का आयोजन गायत्री मंदिर रोड स्थित अपना मैरिज होम में किया गया। संगोष्ठी में संगठन द्वारा निर्णय लिया गया कि जिले के सभी सदस्य पत्रकारों का (जार ) अलवर ईकाई की ओर से दुर्घटना बीमा कराने , पत्रकारों का परिचय पत्र बनाने और परिवार में बहन बेटी की शादी में कन्यादान करने से संबंधित निर्णय लिए गए। यह निर्णय जार अलवर के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी ने सर्वसममति से लिया। इससे पहले जिले भर के पत्रकारों ने पत्रकारिता के समक्ष आ रही चुनौतियों और इसके समाधान की दिशा विषय पर मंथन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुभाष तिवाड़ी, स्वदेश कपिल, अवधेश सिंह, धर्मेन्द्र अदलकखा, सुरेश पंडित, अमित भारद्वाज, लक्ष्मीनारायण लक्ष्य, सुजीत कुमार, समरदीप गुप्ता, प्रदीप यादव, मनोज गुप्ता व संरक्षक महिपाल शेखावत ने विचार व्यकत किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों को रियायती दरों पर आवास योजना अलवर में शुरू कराने के लिए शीघ्र ही नगर विकास न्यास सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं अलवर (जार) का प्रतिनिधि मंडल जयपुर जाकर इस मामले में मुखयमंत्री से मिलेंगे। इस अवसर पर जिले के पत्रकारों का अभिनंदन किया गया जिसमें समरदीप गुप्ता, विपिन मेंहदीरत्ता,राहुल बावलिया, मनीष बावलिया, जगदीश शर्मा, राहुल जोशी, पीयूष उपाध्याय, रूप सिंह, रोहित शर्मा, धर्मेन्द्र स्वामी, महेन्द्र अवस्थी, गोपाल सिंह सोलंकी, यूडी खान, जितेन्द्र सेतिया, रमेश मीणा, छगन चेतीवाल, चंद भूषण शर्मा, कौशल पंडित, अरकत गांधी, विपिन सेतिया, मनीष अरोड़ा, रूपेश शर्मा, अर्चना जैन व रुचि सोलंकी, राकेश खंडेलवाल, नीरज पांडे, निरंजन सैनी आदि थे। संचालन धर्मेन्द्र अदलकखा और अवधेश सिंह ने किया। अंत में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने आभार जताया।

# पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, एक महिला की मौत 26 घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर के क्षेत्र में साहवा से शोक सभा से लौट रही पिकअप गाड़ी गांव झाड़सर काधलान के पास अनियंत्रित होकर पलटी गई। हादसे में एक महिला कि मौत हो गई वहीं 26 घायल हो गए। सभी घायलों को तारानगर के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से 5 गंभीर घायल होने पर उन्हें हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया। हादसे के बाद अफरा तफरी का मौहौल हो गया। इधर सूचना पाकर तारानगर और साहवा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को तारानगर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है, वहीं घायलों का ईलाज जारी है।

# जोधपुर- पुणे नई ट्रेन सेवा शुरू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





▶▶ केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी एवं सांसद लुंबाराम चौधरी ने दिखाई हरी झंडी

**सिरोही।** भारतीय रेलवे द्वारा राजस्थान को एक और बड़ी सौगात दी गई। रविवार को नई ट्रेन की सौगात मिलने पर आबूरोड में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। जोधपुर पुणे वाया आबू रोड पिंडवाड़ा होते हुए जोधपुर नई रेल सेवा चालू करने के लिये आम जनों की कई वर्षों से मांग की जा रही थी जो रविवार को पूरी हुई। रविवार को हड़पसर पुणे जोधपुर एक्सप्रेस के आबूरोड पहुंचने पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं जालौर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विदित है,कि इसी रेलगाड़ी को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुणे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था जो आबूरोड पहुंचने पर ट्रेन के पायलट का केंद्रीय मंत्री चौधरी व सांसद लुंबाराम चौधरी ने माला एवं साफा पहनकर स्वागत किया। सांसद चौधरी ने नई रेल सेवा चालू करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू का हार्दिक आभार व्यक्त किया। सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि यह सिर्फ एक ट्रेन की शुरूआत ही नहीं, बल्कि भारत के विकास, संपर्क और सामाजिक समावेशन की ओर एक अहम कदम भी है। और कहा पिछले 70 सालों में जो नहीं हुआ वह बीते 10 सालों में हुआ है. 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का रीडेवलपमेंट हो रहा है. 34,000 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक जोड़े गए हैं । कई वर्षों से प्रवासियों की मांग चली आ रही थी कि पुणे से जोधपुर एक नई ट्रेन सेवा चालू की जाए जो मांग अब पूरी हुई। यह ट्रेन पुणे से शुरू होकर कल्याण, सूरत,अहमदाबाद,आबूरोड,पिण्डवाङा,जवाई बांध, जोधपुर जैसे मुख्य शहरों को जोड़ने का काम करेंगी। इससे न केवल आमजन को यात्रा में लाभ होगा बल्कि इससे व्यापार, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगसीराम कोली, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ ,आबूरोड नगर पालिका अध्यक्ष मगनदान चारण, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल, चिराग रावल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दक्षा देवड़ा, भूपेंद्र सांभरिया,अजय नाथ ढाका, विजय गोठवाल, भागवत सिंह परमार, दिनेश कुमार, सागर राणा ,रमेश वैष्णव,मुकेश मोदी, निखिल कुमावत, भेरू गोयल, स्वीटी शर्मा, सीमा त्रिवेदी, शिवम् सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद ने झाड़ोली में लगाए परिंडे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिंडवाडा।** भारत विकास परिषद द्वारा झाडोली में लगाये परिंडे/ गर्मियों में पक्षियो को पानी पीने हेतु भारत विकास परिषद द्वारा तरमकेश्वर मंदिर व रेफरी माता राम नाड़ी में परिंडे लगाए जिससे पक्षी आराम से ठंडी छाव में पानी पी सके अब तक भारत विकास परिषद द्वारा 190 परिंडे पिंडवाड़ा के आस पास लगा चुका है जीवदया प्रकल्प प्रभारी गोविंद सिंह चौधरी अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल सचिव विजय गौतम कोषाध्यक्ष भगवत सिंह जसवंत सिंह चौहान , भेराराम प्रजापत, लक्ष्मीनारायण खंडेलवाल ,सुखराज दिनेश पुरोहित ,विमल कुमार ,पुजारी मीठालाल रावल आदि उपस्थित थे ।




# भगवान विश्वकर्मा का मनाया वार्षिक उत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जभगवान विश्वकर्मा की निकली शोभायात्रा**

सुथार वास में भगवान विश्वकर्मा मंदिर परिसर में चारों ओर गूंजते भगवान विश्वकर्मा के जयकारे, उत्साह व उमंग के बीच बेंड बाजे व डीजे की धुन पर नाचते श्रद्धालुओ का रेला भक्ति से सरोबार था। समाजबंधु उत्साह के साथ जयकारे लगाते आराध्य देव की भक्ति से सराबोर नाचते-गाते शरीक हुए शोभायात्रा में जहां श्रद्धालु महिलाएं मंगल गीतों का गान कर रही थी।

**सिरोही।** शहर के सुथार वास में वास्तुकला और शिल्पकला कौशल में सर्वश्रेष्ठ देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा मंदिर का तृतीय वार्षिक महोत्सव रविवार को हजारों समाज बंधुओं की उपस्थिति में हर्षोउल्लास से मनाया गया। विश्वकर्मा वंश सुथार मंदिर कमेटी छह परगना द्वारा आयोजित इस वार्षिक महोत्सव के अवसर पर विभिन्न मार्गों से शोभायात्रा समेत विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। विश्वकर्मा वंश सुथार मंदिर कमेटी छह परगना के अध्यक्ष लक्ष्मणलाल भीमाजी सुथार ने कार्यक्रमों की दी जानकारी। सुथार ने बताया कि बाद में विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। जो आयुर्वेद अस्पताल, राजमाता धर्मशाला, शाहजी की वाडी ,बस स्टैंड रोड,सरजावाव दरवाजा सहित प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी । शोभायात्रा के दौरान आकर्षक रथ पर विराजित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को चंवर ढुलाते भक्त एवं पालकी में सवार भगवान की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालु वंदना करते नजर आए। भगवान विश्वकर्मा जी के तृतीय वार्षिक महोत्सव में महाप्रसादी का लाभ श्रीमती अंबादेवी स्व तलसाजी रूपाजी सुथार एवं स्व.श्रीमती भागूदेवी स्व मगनजी भूबाजी सुथार ने प्राप्त किया।

# आध्यात्मिक उत्साह और जनसमूह का अद्भुत संगम वराड़ा हनुमान मेला

▶▶ भव्य आयोजन में जनप्रतिनिधियों और साधु-संतों ने की आयोजक परिवार की सराहना
▶▶ सभी अतिथियों और लाभार्थियों का सम्मान



**सिरोही।** जावाल निकटवर्ती वराड़ा स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को आयोजित धार्मिक मेले ने आस्था, परंपरा और जन-एकता का ऐसा अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया, जो वर्षों तक स्मरणीय रहेगा। विक्रम संवत 2082 वैशाख शुक्ल षष्ठी के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। आयोजन की गरिमा सांसद लूंबाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित,पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, प्रधान हसमुख मेघवाल, उपप्रधान नारायण सिंह देवड़ा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जोगेंद्रसिंह सिलोर सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं धर्मप्रेमियों की उपस्थिति से और भी बढ़ गई। सभी गणमान्य अतिथियों ने मंच से आयोजक परिवार-स्वर्गीय छोगाजी झालाजी पलायसा की स्मृति में किए गए इस धार्मिक आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक समरसता और परंपरा की सशक्त कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बनते हैं। मेले में परम पूज्य रामदास महाराज (जोधपुर), कृष्णानंद महाराज (हरिद्वार), प्रज्ञानंद महाराज (रायपुर) एवं शांतानंदगिरी महाराज (बेंगलुरु) के प्रवचनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भजन-सत्संग की इस श्रृंखला में भक्तिभाव की अनूठी अनुभूति हुई। पलायसा परिवार के गोपाल,राजेश,मनोज, विपुल एवं योजित इस आयोजन के मुख्य लाभार्थी रहे,जिन्होंने पूरे आयोजन की व्यवस्थाएँ सेवा-भाव से निभाईं। वक्ताओं ने मंच से इन सभी का सार्वजनिक रूप से बहुमान किया और प्रशंसा की। इस अवसर पर श्री वराडा हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारीलाल पुरोहित,उपाध्यक्ष शेलसिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष पुनमाराम सुथार, सचिव राजाराम देवासी व सदस्य वसंत लुहार, वेलाराम घांची, झालाराम मेघवाल, तोलाराम प्रजापत, मुनीम वसंत पुरोहित समेत समस्त ग्रामवासियों का समावेश रहा। मेले मे आसपास से सभी गांवों के छत्तीसकौम समाज बन्धुओ ने शिरकत कर कार्यक्रम को सफल बनाया और आयोजन में योगदान दिया। रात्रि भजन संध्या में सुप्रसिद्ध कलाकार रामेश्वर माली व मीनाक्षी वैष्णव एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियाँ देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं सरदारसिंह राजपुरोहित ने माता के स्वांग में शानदार नृत्य प्रस्तुत कर संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस में डुबो दिया।

# सचिन पायलट का कालंद्री में स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** सिरोही आगमन पर पूर्व उपमुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट का प्रदेश सचिव हरीश परिहार ने किया स्वागत। पूर्व उपमुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट का सिरोही आगमन पर कालंद्री में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हरीश परिहार के नेतृत्व मे कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। विधानसभा सिरोही शिवगंज उपाध्यक्ष यूवा कोंग्रेस नटवर सिंह कालंद्री ने बताया कि मांडोली मंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम से सड़क मार्ग द्वारा सिरोही आगमन पर प्रदेश सचिव हरीश परिहार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पायलट का स्वागत किया किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र कालन्द्री द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर नशा मुक्ति केंद्र के बारे में जानकारी प्रदान की इस अवसर पर पूर्व पार्षद सोहन सितारा, महेंद्र बिंदल, जबर सिंह, महेंद्र धवल सहित कांग्रेसजन रहे उपस्थित।



# मंडार-रेवदर क्षेत्र में तरबूज- खरबूजे की खेती में भाग्य आजमा रहे किसान





**मंडार।** मंडार-रेवदर क्षेत्र में अधिकतर किसान गुजरात की तर्ज पर क्षेत्र में तरबूज ओर खरबूजे की खेती में भाग्य आजमा रहे हैं। मंडार कृषि अधिकारी पूराराम चौहान से बताया कि इस बार रेवदर ब्लॉक में 110 हेक्टेयर में तरबूज और खरबूज की खेती की जा रही है। पिछले साल किसानों ने 80 हेक्टेयर में खेती की थी। अच्छा उत्पादन होने से 30 हेक्टेयर रकबा की खेती है। किसान श्रवण कुमार किरमाली,गलबा राम माली, शांतिलाल चौधरी, रावता राम प्रजापत , मुकेश माली , बलवंत माली, शांतिलाल माली ने बताया कि इस बार किसानों ने क्षेत्र में आलू की पैदावार के बाद किसान खरबूजा और तरबूज की खेती करने लगे हैं। खाद बीज विक्रेता रेवाराम माली, दिनेश कुमार प्रजापति, सोफिन व भरत कुमार प्रजापत, पुनमा राम चौधरी डाया राम ,जयंती लाल चौधरी ने बताया कि खरबूजे के बीज का दाम 25 हजार व तरबूज के दाम 32 हजार रुपए प्रति किलो है। एक बीघा भूमि में 150 ग्राम तरबूज के बीज लगते हैं। रोग नहीं लगे तो किसानों को अच्छी आमदनी होती है। मंडियों में दस रुपए और फुटकर में 10 से 15 रुपए किलो है। गुजरात से खरबूजा और तरबूज की आवक है। किसान श्रवण कुमार ने बताया एक हेक्टेयर में 90 से 1 लाख के आसपास खर्च बैठता है। इसमें बीज और दवाई सहित मजदूरी शामिल है। एक बीघा भूमि पर 15 से 20 हजार के आसपास खर्च आता है। क्योंकि बेहतरीन क्वालिटी के खरबूज के बीज 28 हजार रुपए किलो के भाव से मिलते हैं। साथ ही एक बीघा में 250 ग्राम बीज लगता है। इस खर्च के साथ किसान को फसल तैयार होने पर आमदनी अच्छी मिलती है। किसान तरबूज और खरबूजे की खेती में भाग्य आजमाते हैं।

**तरबूज को इसलिए कहते मौसम का राजा**

तरबूज में 97% पानी होता है। यह शरीर में ग्लूकोज की मात्रा पूरा करता है, कुछ स्त्रोतों के अनुसार तरबूज रक्तचाप संतुलित रखता है। तरबूज की तासीर ठंडी होने के कारण यह गुस्से को भी कम करता है। मन शांत रखता है। पेट के पाचन तंत्र को मजबूत करता है और सभी विकारों खत्म करता है।

# सिरोही: आठ सालों में पांच बार पारा 40 डिग्री से ऊपर

**सिरोही।** सिरोही जिले का मौसम दो साल बाद फिर बदल गया है। अप्रैल में फिर से 40 डिग्री से ऊपर तापमान रहा। हीट वेव यानी लू चलने के साथ झुलसाने वाली गर्मी पड़ी। अप्रैल के 30 दिनों में इस बार 14 दिन पारा 40 डिग्री के ऊपर रहा और अधिकतम 41.4 डिग्री तक बढ़ा। सिरोही जिले में 8 सालों में इस बार अप्रैल का तापमान 5 वीं बार 40 डिग्री से ऊपर रहा है। साल 2021 और साल 2022 में पारा 40 डिग्री से ऊपर रहा था। इसका कारण यह कि इस बार वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर कम रहा है। इससे मौसम शुष्क रहा और गर्म हवाओं से तापमान बढ़ा और हीटवेव चली। मौसम विभाग के मुताबिक मई में तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा।



■ अगले सप्ताह फिर तेज गर्मी

मई की शुरुआत 40 डिग्री तापमान के साथ हुई और 7 दिनों से यहां का पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा है। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में मौसम बदलने और पारा गिरने की संभावना जताई है। दिन अधिकतम न्यूनतम 28 अप्रैल 40.6 21.2 29 अप्रैल 41.4 23.5 30 अप्रैल 41.0 24.0 1 मई 40.5 24.2 2 मई 40.4 20.9 3 मई 40.1 23.7 अब आगे क्या : मई में भी पड़ेगी तेज गर्मी : मौसम केंद्र नई दिल्ली से मई-जून के लिए जो फोरकास्ट पिछले दिनों जारी किया था।

उसमें मई में तेज गर्मी और तापमान औसत से ऊपर रहने का पूर्वानुमान है। मई के पहले सप्ताह की स्थिति देखें तो 8-9 मई तक राज्य के लोगों को भीषण गर्मी से राहत रहेगी। यहां बैक टू बैक तीन सिस्टम आ रहे हैं। मई के दूसरे सप्ताह के आखिरी से राजस्थान में वापस गर्मी तेज होगी और हीट वेव का दौर शुरू होगा। अप्रैल में गर्मी सामान्य से ज्यादा रहने के बाद मई के पहले सप्ताह में तापमान कम रहने की संभावना है।

# प्राकृतिक खेती से होगा पृथ्वी का संरक्षण : चौधरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**माउंट आबू।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान पूरी मेहनत के साथ देश के पालन पोषण करने में प्रयासरत रहता है। धरती में विभिन्न प्रकार की रासायनिक खादें डालकर उसे विकृत बनाया जा रहा है। धरती का संरक्षण करने के लिए जैविक खेती व प्राकृतिक खेती की तरफ अपने कदम बढ़ाने होंगे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का देश को आर्थिक व सामाजिक रूप से विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शोषित, पीड़ित व वंचित समाज को सशक्त बनाने के लिए मीडियाकर्मियों को नेत्र हमेशा खुला रहता है। उन्होंने कहा कि मीडिया की कठिनाइयों को संज्ञान में लाकर केंद्र में चर्चा करने के बाद उन्हें दूर करने की हर संभव कोशिश की जाएगी। ब्रह्माकुमारी संगठन देश भर की मीडिया को एकत्रित कर विश्व में शान्ति स्थापना करने का कार्य कर रहा है जिसके लिए संस्था साधुवाद की पात्र है। जो समाज के हर वर्ग को एक साथ लेकर वसुधैव कुटुम्बकम की वास्तविक भावनाओं को परिलक्षित कर रही है। देश में अशांति फैलाने वाली ताकतों को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से सतर्क है। हर व्यक्ति अधिकार की बात करता है लेकिन मीडिया कर्तव्यों का बोध कराने में हमेशा अग्रसर रहता है। सच्चाई, संगत, सोसायटी भी समाज उत्थान के घटक हैं। मेडिटेशन आत्मा को परमात्मा से मिलाने का सशक्त माध्यम है। संगठन के विज्ञान व तकनीकी प्रभाग के अध्यक्ष मोहन सिंहल ने कहा कि हर व्यक्ति की नजर हमेशा मीडिया मंच की तरफ ही रहती है। मीडिया संसार के हर कोने में हो रही घटनाओं को पल झपकते ही एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता है। इसी तरह से राजयोग भी मन को एक सेकेंड में इस लौकिक जगत से अलौकिक जगत ब्रह्माण्ड में रहने वाली परमशक्ति से जोड़ देता है। जिससे जीवन में परमात्म शक्ति का समावेश होने से हर कार्य सुगम हो जाता है। संगठन के महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सविता अरोड़ा, दिल्ली जनभावना एडिटर डॉ. विवेक गौतम, सोनीपत डीआईपीआरओ राकेश गौतम, ओम शान्ति मीडिया एडिटर डॉ. बीके गंगाधर, राजयोग प्रशिक्षिका बीके योगिनी बहन ने भी मीडिया के विभिन्न विषयों के तहत मीडिया को सशक्त बनाने, समाज को नई दिशा देने, वर्तमान चुनौतियों में मीडिया की सकारात्मक भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## वैष्णव वैरागी समाज का सामूहिक विवाह 6 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला वैष्णव वैरागी समाज (च.स.) सिरोही के तत्वावधान में आगामी 6 मई को प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह समारेख का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां शुरु कर दी गई है। कमेटी के जिलाध्यक्ष सुरेश वैष्णव ने बताया कि आयोजन में पांच जोडे परिणय सूत्र में बंधेगे। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है, जिसमें वैष्णव वैरागी समाज के सिरोही, जालौर, पाली, सांचौर, जोधपुर के करीब 5-7 हजार लोग उपस्थित रहेंगे। सामूहिक विवाह को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन के लिए सिरोही समेत अन्य जिले के लोगों को पत्रिका देकर आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं समाज के भामाशाहों की ओर से बेटियों को भेंट स्वरूप फ्रीज, वॉशिंग मशीन, सिलाई मशीन आदि दिया जाएगा।


## श्रद्धालुओं ने शिव पार्वती विवाह प्रसंग को सुना



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**माउंट आबू।** सत्संग आश्रम लाल मंदिर में शिव महापुराण कथा वाचक दीदी रमता शर्मा ने बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन के प्रभाव व शिव पार्वती विवाह के प्रसंगों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया। दीदी रमता शर्मा ने बताया कि जो मनुष्य बारह ज्योतिर्लिंगों का दर्शन करता है उसे अपने समस्त पापों से छुटकारा मिल जाता है। उस पर भगवान शिव की कृपा सदैव बनी रहती है। दैहिक, दैविक, भौतिक कष्ट उसके पास भूल कर भी नहीं आते भगवान शंकर की कृपा से वह सारी बाधाओं, समस्त रोगो, शोकों से छुटकारा पा जाता है। ज्योतिर्लिंगों के दर्शन से भक्तों के जन्म, जन्मांतर के सारे पाप, कष्ट दूर हो जाते हैं। ज्योतिर्लिंग भक्तों को सुख शांति समृद्धि और मोक्ष प्रदान करते हैं, भक्तों को धन वैभव, प्रसिद्धि प्रदान करते हैं। भक्तों का आध्यात्मिक जीवन पूर्ण होता है उसे परम शांतिदायक शिवधाम की प्राप्ति होती है।

# आदर्श विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम घोषित



■ भारजा आदर्श विद्या मंदिर में परीक्षा परिणाम घोषित होने पर छात्रों को सम्मानित करते अतिथि

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** विद्या भारती द्वारा संचालित श्रीमती रेणु देवेंद्र मोदी आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक भारजा में स्थानीय परीक्षा परिणाम जारी किया गया। विद्या मंदिर के मीडिया प्रमुख भरत कुमार ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मोहनलाल, मुख्य अतिथि गोविंदराम, विशिष्ट अतिथि डूंगाराम, नरिंगाराम, वनाराम, गणपत, विक्रम समस्त अभिभावक गण की मौजूदगी में घोषित किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परीक्षा प्रभारी राजेन्द्र एवम रामलाल द्वारा परीक्षा परिणाम की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य पंकज कुमार कुम्हार द्वारा विद्यालय का परिचय एवं विद्यालय के क्रमोन्नति की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिन को आदरणीय अतिथियों द्वारा मेडल द्वारा सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम के दौरान आचार्य रामलाल रबारी, हार्दिक परिहार, राजेंद्र रबारी, पोपट मेघवाल, प्रवीण मेघवाल, भंवर घांची, जोगेंद्र मेघवाल, दीपक सुथार, राहुल प्रजापत आचार्या पूजा पुरोहित, भावना सैन, संतोष सोनी एवं छात्र - छात्रा उपस्थित रहे।

## एक मुश्त ऋण समाधान योजना आरम्भ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को राजस्थान वित्त एवं विकास सहकारी निगम द्वारा स्थानीय कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध करवाए व्यावसायिक व शिक्षा ऋणों की ऋण वसूली के लिए एक मुश्त ऋण समाधान योजना आरम्भ की हैं। निगम ने अल्पसंख्यक वर्ग को उपलब्ध कराए गए ऋण को प्रथम चरण में 1 मई से 30 सितम्बर तक समस्त बकाया मूलधन राशि एक मुश्त जमा करने पर ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज में शत प्रतिशत छूट दी जाएगी एवं द्वितीय चरण 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक समस्त बकाया मूल राशि सामान्य ब्याज जमा करने पर छूट दी है।

# चार घरों व चार मंदिरों के टूटे ताले

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





▶▶ वासाडा गांव में अज्ञात चोरों की धमालचौकड़ी
▶▶ नगदी और सोने चांदी के जेवरों पर किए हाथ साफ

**मंडार।** अज्ञात चोरों ने वासाडा गांव में धमाचौकडी मचाकर चार घरों तथा चार मंदिरों के ताले तोड़ कर जेवर और नगदी चरेरी की है। अज्ञात चोरों ने गांव के हनुमान मंदिर, सारणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महादेव मंदिर, कृष्ण मंदिर तथा क्षेमकरी माता मंदिर के दान पेटी से नगदी तथा चार मकानों के ताले तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात तथा नगदी चुरा लेकर गए। जिसमें एक भील परिवार की चचेरी बहन की शादी होने से बीती रात ही गुजरात नाडियाड से विवाह का सामान तथा जेवर लेकर आया था। सूचना मिलते ही एएसआई मोहनलाल विश्नोई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अज्ञात चोर एक संदूक को जंगल में छोड़ गए थे। ज्ञातव्य रहे पिछले दिनों से मंडार क्षेत्र में अज्ञात चोर बंद मकानों तथा घरों को निशाना बना रहे हैं। लगातार चोरियां होने के बाद भी चोर हाथ नहीं लगने से लोगों में भय व्याप्त है। वासाडा निवासी केहराराम ने बताया कि उसका पुरानी आबादी में रोड पर मकान है। वह रोजगार को लेकर परिवार के साथ गुजरात नाडियाड गुजरात रहता है। घर पर विवाह होने के कारण शादी का सामान लेकर वासाडा आया था। घर के अन्दर सामान रखकर दरवाजे का ताला लगाकर लाइट नहीं होने के कारण वह परिवार सहित भील वास में उसके काका तोला राम के मकान पर चला गया था। रविवार सुबह 8 बजे घर पर आकर देखा तो घर के दरवाजे ताला टूटा हुए थे तथा घर का सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। घर के अन्दर जाकर देखा तो लोहे की पेटी तथा तिजोरी के ताले टूटे हुए थे। तिजोरी लोहे की पेटी व बैग में रखे सोने चांदी के सारे जेवर अज्ञात चोर चोरी करके लेकर गए। पडोस में काका के मकान का भी ताला टूटा हुआ था।

मगर गनीमत रही की घर में से कोई सामान चोरी नहीं हुआ। वासाडा निवासी भूराराम ने रिपोर्ट देकर बताया कि वासाडा की पुरानी आबादी में उसका व भाई वचनाराम, राजुराम,पोपटराम पुत्र चुनाराम जाति पुरोहित के मकान आये हुये है। वह राजूराम तथा पोपटराम परिवार सहित खेत पर रहते है।वचनाराम शनिवार गांव वासाडा आये था। जो अपना सामान घर पर रखकर परिवार सहित उसके खेत पर आ गये थे। सुबह वचनाराम घर पर आये तो सामान बिखरा पड़ा था। सोने चांदी के जेवरात तथा बैग में रखे 27,200 रुपए नगद गायब थे। गांव के केहराराम पुरोहित ने बताया कि हनुमान मंदिर के भंडारे से पांच तथा महादेव, कृष्ण तथा क्षेमकरी माता तीनों मंदिरों के भंडारों को तोड़कर चोरों ने नगदी चोरी कर ले गए।

## तेज हवा के साथ बारिश

▶▶ हवा से कच्चे आवास पर लगे पतरे उड़े



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** अर्बुदांचल में शनिवार देर रात को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। देखते ही देखते आसमान में बिजली कौंधने लगी। तेज हवा बहने लगी। कुछ ही देर में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक चली बारिश के चलते वातावरण में ठंडक व्याप्त हो गई। तापमापी में पारे ने गोता लगा लिया। लोगों को कहर बरपाती गर्मी से आंशिक राहत मिली। रविवार सुबह से ही आसमान में सूर्य देव बादलों की ओट में रहे। लेकिन, दिन चढने के साथ ही बादलों व सूर्यदेव के बीच आंखमिचौली का खेल लगातार जारी रहा। हालांकि बारिश से उमस के सिर उठाने से गर्मी से लोग बेहाल रहे। कच्चे आवास के उड़े पतरे तेज हवा के साथ देर रात को बारिश के चलते सियावा के मालियावास में एक आवास के पर लगे लोहे के पतरे उड़ गए। मालियावास निवासी राणाराम गरासिया के कच्चे आवास पर लगे लोहे के पतरे उड़ गए। घर में रखा दैनिक उपभोग का सामान तितर-बीतर हो गया।

# लोहार्गल धाम गुर्जर धर्मशाला परिसर में नवनिर्मित मंदिर में पांच पीढ़ियों सहित विराजे भगवान देवनारायण

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नवलगढ़।** तीर्थराज लोहार्गल स्थित गुर्जर धर्मशाला परिसर में नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पांच पीढ़ियों सहित भगवान देवनारायण की मूर्ति स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व शनिवार को ईसरादास पगल्या धाम धनावता के महंत सांवतराम भगत, बलदेवाचार्य धाम कालाकोटा के बाहुबलद्वाराचार्य महाराज, यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री महाराज, कृष्णदास महाराज, सीतारामदास महाराज, प्रहलाददास महाराज, भींवादास महाराज, बनवारीदास महाराज सहित संतों के सानिध्य में गोल्याणा से लोहार्गल तक ऐतिहासिक कलश यात्रा व मूर्ति नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई थी। रविवार सुबह 6.15 बजे से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू हुए। मंदिर शिखर पर कलश की स्थापना की गई। इसके बाद मंदिर में बनाए गए अलग-अलग मंडप में भगवान देवनारायण व उनके पूर्वजों की मूर्तियां स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

**मंदिर में कुल 6 मंडपों में मूर्तियां स्थापित :** नवनिर्मित देवनारायण भगवान मंदिर में भूतल पर तीन व प्रथम तल पर तीन मंडप बनाए गए हैं। इनमें मुख्य मंडप में भगवान देवनारायण व उनके भ्राता भूणाजी महाराज तथा देवनारायण भगवान की पूजा के मुख्य प्रतीक के रूप में मिट्टी की विशेष ईंटें स्थापित हैं। इनके अलावा अन्य मंडपों में देवनारायण भगवान के पिता महाराजा सवाई भोज व साढ़ू माताजी, महाराज सवाई भोज के पिता बाघसिंह महाराज, बाघसिंह महाराज के पिता हरिरामजी महाराज, हरिरामजी महाराज के पिता मांडल महाराज तथा बगड़ावत वंश की गायों के गवाल गोसेवक साढू माताजी के भतीजे नापाजी महाराज व गो माता की मूर्ति स्थापित हैं।

**देवनारायण भगवान मंदिर में मुख्य रूप से मिट्टी की ईंटों की पूजा होती है :** धार्मिक ग्रंथों के अनुसार चौहान वंश के राजा सवाई भोज व माता साढ़ुजी की भक्ति के प्रताप से वर्तमान भीलवाड़ा जिला बदनोर आसींद स्थित मालेश्वरी डूंगरी में कमल के पुष्प पर भगवान देवनारायण बाल्य अवस्था में प्रकट हुए थे। भगवान देवनारायण ने समाज के बुराइयों को मिटाया तथा गाय को माता मानकर गोसेवा के लिए समाज में विशेष जागृति पैदा की। पृथ्वी लोक छोड़कर जाते समय भगवान देवनारायण ने संदेश दिया कि मैं केवल मिट्टी की ईंटों में रहूंगा और जल व नीम के पत्तों से मेरी पूजा होगी। इसी कारण देवनारायण भगवान के मंदिरों में पुष्कर के पास नाग पहाड़ में मिलने वाली मिट्टी की ईंटें स्थापित करके उनकी पूजा की जाती है।

**सवा करोड़ नारायण मंत्र का होगा जप :** देवनारायण भगवान मंदिर में मूर्ति स्थापना के बाद 108 कुंडीय श्रीदेवनारायण महायज्ञ के लिए स्थापित यज्ञशाला शिखर पर कलश आरोहण किया गया। ईसरादास पगल्या धाम धनावता के महंत सांवतराम भगत के सानिध्य व यज्ञाचार्य चिरंजीव शास्त्री के आचार्यत्व में दोपहर तीन बजे बाद यज्ञशाला में 108 यजमानों की उपस्थिति में देवताओं की पूजा संपन्न हुई।

# मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन



**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वाधान में रविवार को पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड पर मधुमेह चिकित्सा शिविर एमजेएफ लॉयन स्वर्गीय मानाराम जांगिड़ की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी उमरावती देवी एवं सुपुत्रों के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया गया। मधुमेह चिकित्सा शिविर में 63 रोगियों का पंजीयन किया गया। जिनकी निशुल्क बीपी शुगर की जांच की गई एवं परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरुका, लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां रोगियों को एक माह की निशुल्क प्रदान की गई। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वाधान में ही बहुउद्देशी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 28 रोगियों का पंजीयन कर परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. नरुका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां क्लब मेडिसिन बैंक से रोगियों को सात दिवस की निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, एमजेफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, लॉयन महिपालसिंह, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन शकुंतला पुरोहित, एममजेफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, लॉयन अशोक सोनी एवं दानदाता परिवार के शुभकरण जांगिड़ सहित अन्य जन उपस्थित थे। मधुमेह चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन महिपाल सिंह एवं बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर की संयोजिका लॉयन विनिता शर्मा थी।

## न्यूज ब्रीफ

### डीवाईएफआई की बैठक हुई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** रविवार को नौजवान सभा जिला कमेटी की बैठक शिक्षक भवन झुंझुनूं में जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला महासचिव योगेश कटारिया ने बताया कि बैठक में एक मई से 30 जून तक चलने वाले सदस्यता अभियान, ग्राम और वार्ड कमेटी निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा कर संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने बताया कि नौजवान सभा जिला कमेटी के प्रत्येक सदस्य को कमेटी निर्माण व सदस्यता अभियान की अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही डीवाईएफआई मलसीसर के अध्यक्ष नईम खान धनूरी, महासचिव सुरेश कुमार पूनियां, एसएफआई जिला महासचिव प्रिया चौधरी को सर्वसम्मति से जिला कमेटी में आमंत्रित किया गया। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जानूं व जिले के इंचार्ज अजीत पूनियां मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर, जिला महासचिव योगेश कटारिया, जिला उपाध्यक्ष हेमलता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण सैनी, जिला संयुक्त सचिव देव जैदिया, जिला संयुक्त सचिव पूजा नायक, अजहरुद्दीन गहलोत, राहुल सैनी, सिकंदर पहाड़ियान, एसएफआई जिलाध्यक्ष आशीष पचार, आशु चौधरी, साबिर भाटी इत्यादि मौजूद रहे।

### सिंघाना में हरी लकड़ियों से भरी पिकअप जब्त



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** हरी लकड़ियों के अवैध व्यापार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे वन विभाग ने सिंघाना में हरी खेजड़ी से भरी एक पिकअप गाड़ी को और जब्त किया है। झुंझुनूं डीएफओ उदाराम सियोल के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी (वन सुरक्षा) संदीप लोयल के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। रेंजर संदीप लोयल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने सिंघाना कुठानिया मार्ग पर नाकाबंदी कर तलाशी शुरू की। जिसमें एक पिकअप गाड़ी में खेजड़ी की लकड़ी भरकर ले जाई जा रही थी। मौके से गाड़ी को जब्त कर सिंघाना निवासी मनीष सैनी को हिरासत में लेकर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### पीटीईटी-2025 आवेदन के लिए अंतिम अवसर आज

**झुंझुनूं।** राज्य स्तराय शिक्षक पात्रता परीक्षा दा वषाय बाएड पाटाइटा-2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर पांच मई कर दी गई है। जिला समन्वयक डॉ. प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आवेदन से वंचित रहे अभ्यर्थियों द्वारा ईमेल एवं दूरभाष पर तिथि बढ़ाए जाने के लिए निरंतर निवेदन किया जा रहा था। इसलिए आवेदन का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। पीटीईटी परीक्षा में पहली बार अभ्यर्थी द्वारा चयनित भाषा हिंदी या अंग्रेजी में ही प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाया जाएगा। अभ्यर्थी ध्यानपूर्वक फॉर्म भरें। पीटीईटी-2025 की वेबसाइट एवं ई-मित्र से 500 रुपए शुल्क जमा कर आवेदन कर सकते हैं। किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा सभी 41 जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी।

### डेढ़ लाख रुपए वापस लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

### अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** अग्रवाल वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन झुंझुनूं में संपन्न हुआ। संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि सम्मेलन में 14 युवक एवं तीन युवतियों के बायोडाटा एकत्रित हुए। उनका पंजीयन कर बायोडाटाओं का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पवन कुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जुगलकिशोर मोदी, मनीष बगड़िया, अरुण बंसल, प्रमोद अग्रवाल, जगदीशप्रसाद मित्तल, सोनू अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, महेश कुमार, राजकुमार गुप्ता, गोविंद अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद एवं काफी संख्या में अग्र बंधु एकत्रित हुए।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर एवं पदेन सदस्य सचिव जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति श्रीनिधि बी टी ने बताया कि सांसद करौली-धौलपुर भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में 5 मई को प्रातः 11 बजे जिला परिषद के सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### महेश बसावतिया ने शिक्षा मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विप्र सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से उनके जयपुर आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा मंत्री का विप्र सेना का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया व झुंझुनूं में भजनलाल शर्मा की डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर चर्चा करने साथ झुंझुनूं जिले के विकास को डबल इंजन सरकार की संवेदनशीलता इसी से प्रदर्शित होती है कि शेखावाटी को यमुना जल का सपना जल्द ही साकार होकर यथार्थ के धरातल पर दिखाई देगा। इस अवसर पर उनके साथ अभिषेक जोशी मंड्रेला, अनिरुद्ध चौमाल, जितेंद्र शर्मा सांखू आदि मौजूद थे।

### जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आज

**धौलपुर।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख की अध्यक्षता में 5 मई को सायं 3 बजे जिला परिषद सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

# 30वें निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर में 87 लोग लाभान्वित

जागरूक टाइम्स संवाददाता





**कुचामन सिटी।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में गुणमाला देवी कमलकुमार कैलाश चन्द पाण्ड्या के सौजन्य से 30 वां निःशुल्क हड्डी, जांच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास रविवार को 10 बजे से 2:30 तक को आयोजित किया गया। शिविर संयोजक वीर रतन लाल मेघवाल, वीर संजय अग्रवाल, वीर कमल गौड़, वीर निर्मल पाड़िया डाक्टर जितेश जैन गवर्निंग मेम्बर वीर सुभाष पहाड़िया ने शिविर शुभारंभ किया। वीर नरेश कुमार झाझंरी ने बताया कि शिविर 32 लौगो एक्सरे व 31 रक्त सम्बंधित जांचें निशुल्क की गई। कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर संदीप पांड्या के अनुसार शिविर में सीकर, लाडनु जावला, डेगाना,मीठडी, जिलीया, पलाडा, परबतसर मारोठ, मोलासर व कुचामन के 87 लोगों ने शिविर से लाभान्वित हुए व परामर्श लिया। वीर अध्यक्ष रामावतार के अनुसार शिविर में तेजकुमार बडजात्या, आदित्य जैन, गोरव, महेश लढा, बोदु कुमावत, सुरजीत वैष्णव ने शिविर में सराहनीय सहयोग किया। वीर सुभाष पहाडिया ने सभी सहयोग कर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कुचामन दौरा

# स्टेशन पर विश्रामगृह के लिए अटेंडेंट की नियुक्ति के दिए निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**कुचामन सिटी।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ शर्मा ने कुचामन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। वे जयपुर से जोधपुर दौरे के दौरान यहां रुके। कुचामन विकास समिति के उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर मंत्री के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने उनका स्वागत किया। शिष्टमंडल ने दुपट्टा और साफा पहनाकर शर्मा का सम्मान किया। उन्हें गीता प्रेस की कल्याण पत्रिका का विशेषांक भी भेंट किया। समिति ने स्टेशन पर हुए विकास कार्यों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। सदस्य मुरारी गोड़ ने रामेश्वरी देवी, कल्याण चन्द मंत्री विश्रामगृह की जानकारी दी। उन्होंने मई में विश्रामगृह के लोकार्पण का समय मांगा। साथ ही विश्रामगृह के लिए एक अटेंडेंट की नियुक्ति का अनुरोध किया। महाप्रबंधक ने तुरंत अधिकारियों को अटेंडेंट की नियुक्ति के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पीसीएमओ मदन लाल देवरा, पीसीसीएम सीमा शर्मा, वरिष्ठ डीओएम लोकेश सिंह, वरिष्ठ डीईएन पुनिया और डीटीई जसवीर चौधरी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने नए बने आधुनिक विश्रामगृह और समिति की गतिविधियों की प्रशंसा की।

# पूर्व सरपंच के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**खिरोड़।** तीर्थराज लोहार्गल स्थित मीणा धर्मशाला एवं मीन भगवान मंदिर परिसर में रविवार को टोडपुरा के पूर्व सरपंच स्वर्गीय बंशीधर मीणा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोहार्गल मीणा धर्मशाला एवं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा की अध्यक्षता में आयोजित सभा में समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। किशोरपुरा ने कहा कि स्व. बंशीधर मीणा जनप्रतिनिधि के साथ ही बड़े समाजसेवक भी थे। उनके द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों को सदैव याद रखा जाएगा। समाज के नेता वीरेंद्र भामरवासी ने कहा कि बंशीधर मीणा हमेशा समाज और गांव के लिए काम करते थे। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरजाराम मीणा ने भी उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् रतनलाल मीणा जोधपुरा ने किया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक एकता के साथ हम सब को एकजुटता से काम करना चाहिए। कार्यक्रम को पूर्व सरपंच पंकज मीणा, रामनिवास मीणा, केशरदेव मीणा, गोमाराम मीणा, बच्चाराम नांगल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राकेश मीणा पचलंगी, डॉ. रामचंद्र मीणा सीथल, जगदीश मीणा टोडी, सोनाराम उदयपुरवाटी, नथ्थु मीणा, हरिसिंह मीणा, सुगनाराम मीणा, रोहिताश भोड़की, विजय गांधी गुरारा, रमेश, केसरदेव मीणा, बचनाराम मीणा नांगल, सोनाराम मीणा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पिलानी में जिला स्तरीय ओपन तैराकी प्रतियोगिता आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पिलानी।** कस्बे के बिरला स्कूल में रविवार सुबह झुंझुनूं जिला तैराकी संघ द्वारा ओपन तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों के तैराकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत 50 मीटर पुरुष फ्री स्टाइल स्पर्धा से हुई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के तैराकी कोच लाल साहब सिंह, संघ के कोषाध्यक्ष वीरेंद्रसिंह राठौड़, बिरला स्कूल के कोच धर्मेन्द्र नागल, जीवन रक्षक कुलदीप, प्यारेलाल शर्मा, स्विमिंग पूल प्लांट ऑपरेटर महेंद्र वर्मा तथा उपस्थित अभिभावकों की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता के परिणामों में 50 मीटर फ्री स्टाइल (पुरुष) में प्रथम स्थान काव्य कुमार (व्यक्तिगत प्रवेश), द्वितीय व तृतीय स्थान पर ऋषभ चौधरी व आयुष्मान यादव (बिरला पब्लिक स्कूल), 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक (पुरुष) में प्रथम स्थान आदित्य (व्यक्तिगत प्रवेश), द्वितीय व तृतीय स्थान पर रजनीश सिंघल व आयुष्मान यादव (बिरला पब्लिक स्कूल), मंथन चौधरी (नवलगढ़) ने व्यक्तिगत प्रवेश में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर व 100 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बैक स्ट्रोक तथा 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान ऋषभ चौधरी, द्वितीय स्थान आयुष्मान यादव (दोनों बिरला पब्लिक स्कूल), वंश (बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी) ने 100 व 200 मीटर बैक स्ट्रोक, 400 मीटर फ्री स्टाइल तथा 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने दी। उन्होंने सभी तैराकों को समय रहते स्विमिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया की यूआईडी (एसएफआई यूआईडी) बनवाने व बैंक खाता"खुलवाने की सलाह दी।

# स्व. अशोक कुमार तुलस्यान की पुण्यस्मृति में नवनिर्मित लॉयंस शीतल जल मंदिर का लोकार्पण किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में पंसारी अस्पताल बगड़ रोड परिसर में स्वर्गीय अशोककुमार तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी उर्मिलादेवी तुलस्यान एवं सुपुत्र उत्तमकुमार तुलस्यान द्वारा संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान के संयोजन में नवनिर्मित लॉयंस शीतल जल मंदिर का लोकार्पण रविवार को दानदाता तुलस्यान परिवार द्वारा फीता खोल कर, शिलालेख नाम पट्टिका का अनावरण करके किया गया। इससे पूर्व दानदाता तुलस्यान परिवार का क्लब की ओर से माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढ़ाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम कुशल संचालन अध्यक्षीय सलाहकार परमेश्वर हलवाई द्वारा किया गया। सभी आगंतुकों का धन्यवाद संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान ने दिया। क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा एवं पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल ने शीतल जल मंदिर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन है, गर्मी के इस समय मौसम में शीतल जल राहगीरों को उपलब्ध करवाना तुलस्यान परिवार द्वारा निश्चय ही बहुत ही श्रेष्ठ कार्य किया गया है। इस अवसर पर दानदाता तुलस्यान परिवार से उर्मिला देवी तुलस्यान, उत्तमकुमार तुलस्यान, मेघा तुलस्यान, भव्य तुलस्यान, राजकुमार तुलस्यान, क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लायन श्रवण केजड़ीवाल, क्लब अध्यक्षा लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, शकुंतला पुरोहित, विनिता शर्मा, डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, महिपाल सिंह, रतनलाल शर्मा, भागीरथ प्रसाद जांगिड़, अशोक सोनी, डॉ. एनएस नरुका, डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, एमजेएफ लॉयन मनोज सिंह टीकेएन, शुभकरण जांगिड़, अमित जगनानी, नवीन केडिया, सुनिल सहल, रजत टीबड़ा, राहुल टीबड़ा, अंकित हंसासरिया, प्रदीप सिंह शेखावत, सत्यनारायण सैनी एवं विवेक केडिया सहित अन्यजन उपस्थित थे।

# 'नैतिक मूल्यों के ह्रास से समाज हो रहा प्रभावित'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बड़गांव।** मीडिया सेवा प्रभाग के बैनर तले चल रहे चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के खुले सत्र में देशभर से आए मीडियाकर्मियों ने मीडिया की नैतिकता, जवाबदेही और स्व मूल्यांकन पर अपने अनुभव साझा किए।

सम्मेलन का विषय था वैश्विक शांति व सद्भाव के अग्रदूत के रूप में मीडिया की भूमिका। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों के ह्रास और सत्य शब्दों के अर्थ खोने से समाज का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती मीडिया तकनीक के बीच स्व-मूल्यांकन, नैतिकता और जवाबदेही का संतुलन बनाए रखना जरूरी है। चौधरी ने कहा कि नैतिकता हमारे चरित्र और व्यवहार का हिस्सा है। यह हमारे संस्कारों में निहित है। मीडियाकर्मियों का दायित्व है कि वे बिना किसी पक्षपात और दबाव के, सच को सकारात्मक तरीके से प्रकाशित करें।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज की धर्मशाला का उद्घाटन

## देर रात तक भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु भक्तगण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** स्थानीय कस्बे में श्री महालक्ष्मी श्रीमाली ब्राह्मण सेवा संस्थान के तत्वावधान में समाज के भामाशाह परिवार की ओर से धर्मशाला के जिर्णोद्धार के बाद रविवार को विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद गाजों-बाजों व ढोल नगाड़ों के साथ फीता काट कर नवनिर्मित धर्मशाला का उद्घाटन किया गया। इस दौरान दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रीमाली ब्राह्मण समाज बंधुओं सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। श्री महालक्ष्मी श्रीमाली ब्राह्मण सेवा संस्थान के संतोष त्रिवेदी ने बताया कि गांव में श्री महालक्ष्मी मंदिर परिसर के पास समाज की धर्मशाला लंबे समय से क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसका अशोक हरिशंकर व्यास परिवार एवं सुनिल भंवर लाल त्रिवेदी परिवार की ओर से समाज की धर्मशाला का जिर्णोद्धार करवाया गया था। श्रीमाली ब्राह्मण सेवा संस्थान के सानिध्य में आज विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद भामाशाह परिवार द्वारा फीता काट कर नवनिर्मित धर्मशाला का उद्घाटन किया गया। इस दौरान प्रवीण व्यास, जयप्रकाश त्रिवेदी, राजेन्द्र त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी, कैलाश त्रिवेदी, नरेश व्यास, अरविंद ओझा बिसलपुर, कैलाश व्यास, गंगा शंकर देसूरी, अशोक त्रिवेदी, कमलेश त्रिवेदी, विनोद त्रिवेदी सहित आस-पास गांवों से बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहें। इस कार्यक्रम में 90 वर्षिय हुलीबाई कलकत्ता से विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।



### एक शाम महालक्ष्मी माता के नाम भजन संध्या

लोकगायिकाओं के साथ पहुंची भजन पार्टीयों ने भजनों में गाई महालक्ष्मी मां की महिमा नगर के ब्रह्मपुरी मोहल्ले में महालक्ष्मी मंदिर परिसर में धर्मशाला परिसर का जिर्णोद्धार के बाद आयोजित महोत्सव पर एक शाम महालक्ष्मी माता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में राजस्थान की सुप्रसिद्ध लोकगायिकाओं के साथ अन्य भजन पार्टीयों ने गणपति वंदना के बाद एक से बढ़कर एक महालक्ष्मी माता के भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

### भामाशाह परिवार का बहुमान

महालक्ष्मी मंदिर परिसर में धर्मशाला जिर्णोद्धार के लाभार्थी परिवार अशोक हरिशंकर व्यास एवं सुनिल भंवर लाल त्रिवेदी परिवार के सभी सदस्यों का श्रीमाली ब्राह्मण सेवा संस्थान सांडेराव की ओर से समाजिक परंपरा अनुसार चुनरी साफा व शाल ओढ़ाकर फूल मालाओं के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# आई माता वडेर की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रतिभाओं का सम्मान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** सीरवी समाज उन्दरथल द्वारा श्री आई माता वडेर की प्राण प्रतिष्ठा की 16वीं वर्ष गांठ के उपलक्ष्य में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सीरवी समाज उन्दरथल की 30 प्रतिभाओं को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह और गीता देकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सुरेश सीरवी, अध्यक्ष सीरवी युवा परिषद, भेरा महाराज, डा. मांगीलाल सीरवी सर्जन, बाबुलाल सीरवी जेईएन, रमेश सीरवी करणवा, भरत सीरवी अध्यक्ष को-ऑपरेटिव सोसायटी ढालोप, जितेन्द्र सीरवी दादाई, लकमाराम सीरवी बडौद, गजाराम सिंदरा वडेर अध्यक्ष, रामलाल सेणचा, कोकाराम सेणचा, चंदाराम सिंदरा, लालाराम वरपा, छतराराम लचेटा, जगदीश आगलेचा, महेन्द्र मुलेवा आदि उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सुरेश सीरवी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने व युवाओं को आगे बढ़ने एवं सामाजिक एकता बनाए रखने की बात कही, जितेन्द्र सीरवी ने समाज की राष्ट्र में भागीदारी एवं सांस्कृतिक दृष्टि से समाज को समक्ष बनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम के आयोजन में सीरवी प्रवासी बन्धुओं एवं भामाशाहों की भागीदारी भी विशेष सराहनीय रही। मंच संचालन डा. घीसाराम सीरवी उन्दरथल ने किया।

# खिंवाड़ा बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी गठित

## निर्मल आचार्य सचिव मनोनीत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बे के आराध्य देव खिंवाड़ा बालाजी के बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष केवलचंद मांडोत ने नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए उपाध्यक्ष पद पर अमृतलाल खांटेड, गौतमचंद डागा व रामलाल सीरवी, सचिव पद पर एडवोकेट निर्मल आचार्य, उप सचिव सोहन लाल सोनल, कोषाध्यक्ष फतेहचंद सोलंकी, सह कोषाध्यक्ष भंवरलाल तेली, संगठन सचिव रोकड़चंद सेवग, सह संगठन सचिव चंद्र सिंह राजपुरोहित को मनोनीत किया गया। इसी तरह मेला कमेटी के अध्यक्ष पद पर बहादुर सिंह उदावत व उपाध्यक्ष पद पर शैतान सिंह रावणा राजपूत को मनोनीत किया गया है।



# जयकारों के साथ ठाकुर जी मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बे में स्थित ठाकुरजी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रविवार को ठाकुरजी के जयकारों व मंगल गीतों के संग ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर मंदिर पुजारी गणपतदास वैष्णव, जितेन्द्रसिंह कोटेचा, हेमंत वैष्णव, आनंद कंवर, मीना कोटेचा, रेखा वैष्णव, दाकू कंवर, युवराज सिंह, शैतानसिंह गोयल सहित कई धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

# घाणेराव : बालाजी मंदिर में चढ़ाई ध्वजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** घाणेराव सादड़ी सड़क मार्ग पर स्थित हनुमान सागर कृषि फार्म पर शनिवार की देर शाम को बालाजी मंदिर की तृतीय वर्षगांठ महोत्सव को लेकर सुंदरकांड और भजन संध्या आयोजित की गई। वहीं रविवार की सुबह धूमधाम के साथ मंदिर पर भक्त परिवार की ओर से ध्वजारोहण किया। उसके बाद वर्षगांठ महोत्सव में उपस्थित भक्तों ने बालाजी की महाप्रसादी को ग्रहण किया। इससे पूर्व शनिवार की शाम को पण्डितों के सानिध्य में बालाजी मंदिर के प्रांगण में सुंदरकांड कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया, करीब दो घंटे तक चले सुंदरकांड कार्यक्रम से माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं रात्रि



नौ बजे एक शाम बालाजी के नाम भजन संध्या कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें भजन गायकों ने बालाजी के दरबार मे शानदार भजन प्रस्तुत कर उपस्थित भक्तों को बाला हनुमानजी की भक्ति से सरोबार कर दिया। वहीं देररात तक चली भजन संध्या का भक्तों ने लुप्त उठाया। रविवार की सुबह लाभार्थी धनराज पुत्र रूपाराम माली परिवार धूमधाम के साथ ध्वजारोहण करने के लिए मंदिर पहुंचे। जहां पण्डितों की ओर से पूजा अर्चना करने के बाद मंत्रोच्चार के बीच धूमधाम के साथ बालाजी मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर दर्शन किए। उसके बाद दोपहर में मंदिर प्रांगण में महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं वर्षगांठ महोत्सव में संत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# पाली में साध्वी की सूर्य साधना

**पाली।** पाली में राष्ट्र और गौ रक्षा की कामना को लेकर 30 वर्षीय साध्वी निष्ठा प्रिया दोपहर की तेज धूप में बैठकर सूर्य उपासना कर रही हैं। साध्वी के आस-पास पांच धूणा प्रज्जवलित रहते हैं। ऐसे में उनके आस-पास का अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच जाता है। ऐसी भीषण गर्मी में साध्वी द्वारा इस तरह की उपासना करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उनके दर्शन के लिए आश्रम श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन स्थित कुटीर आश्रम की साध्वी निष्ठा प्रिया सूर्य उपासना से राष्ट्र, गौ, गंगा, गायत्री और सनातन धर्म की रक्षा उद्देश्य से यह अनुष्ठान और साधना कर रही हैं। 21 दिन की यह साधना उन्होंने 30 अप्रैल से शुरू की जो 20 मई को पूरी होगी। साध्वी रोजाना दोपहर 12 से शाम चार बजे तक यह उपासना आसमान के नीचे खुले में बैठकर करती हैं। साध्वी निष्ठा प्रिया ने 14 वर्ष की उम्र से ही भक्ति का मार्ग अपना लिया था। यह उनकी 12वीं सूर्य साधना है।

### खोडियार माता मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक मेला

# भजन संध्या और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महोत्सव संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** लुणावा स्थित चमत्कारी आई श्री खोडियार माता मंदिर में 22वां वार्षिक मेला महोत्सव आयोजित किया गया। यह आयोजन दो दिवसीय रहा, जिसमें तीन और चार मई को विभिन्न कार्यक्रम हुए। शनिवार रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक राहुल पवार, अनिता, गुरुराज मारवाड़ी और निकिता कुमावत ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। उनके भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरे दिन सुबह नौ से 12 बजे तक माताजी और भक्तों का सम्मान किया गया। इस दौरान ध्वजा, पोशाक, बाल भोग और महाआरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया गया।



मंदिर अध्यक्ष गुलाब राम कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में रतनसिंह पुनाडिया, धीरेंद्र पुनाडिया, प्रतापराम सुथार, हितेंद्र वैष्णव, जयनारायण वैष्णव और डूंगाराम मेघवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सिरोही, पाली, जालोर और मेवाड़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम का मंच संचालन विक्रम आदिवाल ने किया।

# पाली में दो पक्षों मे मारपीट, चार घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में शनिवार की रात दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट में चार जने घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तखतगढ़ थाने के हेड कॉन्स्टेबल मकसुद खान ने बताया कि घटना शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे तखतगढ़ थाना क्षेत्र के नया खेड़ा में हनुमान मंदिर के पास हुई। नया खेड़ा निवासी चंपालाल पुत्र नरसाराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी। जिसमें आरोप लगाया कि नया खेड़ा गांव निवासी छैलसिंह पुत्र प्रभुसिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई तो उसने मारपीट की और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। रिपोर्ट में बताया कि बीच बचाव में आए उसके भाई अचलाराम और भतीजी पुष्पा से भी मारपीट की गई। वहीं



दूसरे पक्ष के छेलसिंह ने रिपोर्ट दी। जिसमें अचलाराम, चंपाराम पर रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट लेकर जांच शुरू की। फिलहाल चारों घायलों का उपचार जारी है।

# चारभुजा मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा, भगवान को धराया 56 भोग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** स्थानीय कस्बे में रविवार को कुमावत समाज की ओर से धार्मिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत चारभुजा मंदिर पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ध्वजारोहण कर भगवान को छप्पन भोग लगाया। इससे पूर्व धार्मिक कार्यक्रम को लेकर शनिवार की रात्रि में मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित भक्तों को भजन गायकों ने शानदार भजन प्रस्तुत कर चारभुजा नाथ की भक्ति से सरोबार कर दिया। वहीं रविवार की सुबह आठ बजे मंदिर पर ध्वजा चढ़ाने के लिए केरली बास से भक्त सोहनलाल पुत्र केसाजी कुमावत परिवार के साथ कुमावत समाज के लोग बेंड-बाजे और गाजे-बाजे के साथ चारभुजा मंदिर तक पहुंचेगी। मंदिर में भगवान श्री चारभुजानाथ की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के पश्चात धूमधाम के साथ ध्वजा चढ़ाई गई। कुमावत, दिलीप कुमावत परिवार की ओर से चढ़ाई गई। वहीं छप्पन भोग का चढ़ावा उदाराम पुत्र चमनाजी कुमावत द्वारा पूजा अर्चना



इस दौरान भगवान को छप्पन भोग का विशेष चढ़ावा अर्पित किया। वहीं ध्वजा के मुख्य लाभार्थी सोहनलाल कुमावत, मूलाराम कुमावत, प्रेम के साथ मंत्रोच्चार के बीच 56 भोग लगा गया। वहीं कार्यक्रम में देसूरी क्षेत्र के सक्षत्रिय कुमावत समाज के लोग उपस्थित थे।

# भामाशाह ने वाटर कूलर और फिल्टर प्लांट भेंट किया

**पाली।** शहर के मेला दरवाजा स्थित डा. एमएस लोढ़ा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पेयजल समस्या देखते हुए समाजसेवी मोहम्मद हुसैन शेख साबरी ने वाटर कूलर एवं फिल्टर भेंट किया। पार्षद प्रतिनिधि शहजाद शेख ने बताया कि स्कूल में बच्चों के लिए शीतल जल की समस्या थी। इसके बाद भामाशाह को प्रेरित कर वाटर कुलर लगवाया।

# भवई नृत्य कलाकार परिहार लोक कला रत्न से सम्मानित

**पाली।** जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 30 अप्रैल को आयोजित पद्मश्री गुलाबो सपेरा महोत्सव में पाली के भवई नृत्य कलाकार सुनील परिहार को लोक कला रत्न से सम्मानित किया गया। एक पैर से दिव्यांग सुनील परिहार 25 साल से सात देशों में भी कई शो कर चुके हैं।

# जोधपुर-पुणे ट्रेन का रानी स्टेशन पर पहला नियमित ठहराव

## भाजपा कार्यकर्ताओं समेत लोगों ने ड्राइवर को माला पहनाकर किया स्वागत

**रानी।** राजस्थान के रानी रेलवे स्टेशन पर जोधपुर-पुणे ट्रेन के पहले नियमित ठहराव का भव्य स्वागत किया गया। ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची। भाजपा मंडल अध्यक्ष जयंतीलाल वैष्णव और नगर पालिका उपाध्यक्ष डालचंद चौहान ने नेतृत्व किया। उन्होंने ट्रेन के ड्राइवर का साफा और माला पहनाकर सम्मान किया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। स्टेशन पर ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोगों ने खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। कार्यक्रम में बिजोवा मंडल अध्यक्ष उत्तम सिंह राजपुरोहित, मंडल महामंत्री भरत जीनगर, गोविंद लाल परमार, जयंतीलाल जैन और सुमेर सेमलानी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। डायराम चौधरी, बी एल भाटी, भारत बोराणा और ईश्वर सिंह राजपुरोहित भी शामिल हुए। इंदर सिंह राजपुरोहित, शंभू सिंह राजपुरोहित, अशोक अरोड़ा और अन्य स्थानीय नेता भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।



# मूर्ति स्थापना के साथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** निकटवर्ती शोभावास में श्री काला गौरा भैरूजी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार को मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति स्थापना के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इससे पहले दो दिन तक भजन संध्या व धार्मिक अनुष्ठान समेत कई आयोजन किए गए। शनिवार को पंडित विशाल दवे और भोपाजी नारायण लाल अणेवा के सानिध्य में शुभ मुहूर्त में विधि विधान से मूर्ति स्थापित की गई। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए और कुलदेवी को याद किया। बाद में मंदिर शिखर पर कलश स्थापित किया गया और जयकारों के साथ पुष्प वर्षा की गई। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई और





हवन यज्ञ किया गया। दो दिन तक रात में भजन संध्या के साथ अनेक अनुष्ठान आयोजित हुए। प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन भजन गायक प्रभु माधव ने शानदार भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने को मजबूर कर दिया। देर रात तक भजन संध्या चलती रही। इसी बीच प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चढ़ावे की बोलियां लगाई गई। वहीं, मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों का बहुमान किया गया। अतिथियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर मोहनलाल चौहान, छगनलाल शोभावास, चंपालाल चौहान, नारायण लाल सिनदरली, रुपाराम कुरचल, वकताराम शोभावास सहित आना चौताला के पंच गण और समस्त चौहान परिवार शोभावास और सिनदरली के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# खुले नाले में गिरा सांड, मशक्कत के बाद निकाला

**पाली।** महंत सूरजदास महाराज के सानिध्य में संचालित सुरभि गोसेवा संस्थान द्वारा शनिवार को एक बैल भटवाडा के पास खुले नाले में गिरने की सुचना मिली। सुचना के तुरंत बाद सुरभि गोसेवा संस्थान व एनिमल रेस्क्यू संस्था टीम मौके पर पहुंची। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नगर परिषद की जेसीबी की सहायता से सांड को नाले से बाहर निकाला। दिनेश बंजारा, भूपेंद्र कीर, भरत पंवार व स्थानीय गौभक्त मौजूद रहे।

# फालना-बाली में पानी की सप्लाई बंद

**बाली।** जलदाय विभाग के सहायक अभियंता भंवरलाल पिंडेल ने जानकारी देकर बताया कि फालना फिल्टर प्लांट और खिंदारा जवाई हैडवर्क पर बिजली सप्लाई बंद होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# राहगीरों के आकर्षण का केन्द्र अमलतास के पेड़

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** अरावली पर्वतमाला की गोद में बसे अरावल क्षेत्र में इन दिनों अमलतास के वृक्ष पिले फूलों के साथ-साथ फलों से लंबे-लंबे गुच्छों से भर गए हैं। ऐसे में राहगिरों के आकर्षण का केन्द्र बन गए हैं। आम की तरह दिखने वाले अमलतास का वृक्ष एक औषधिय पेड़ है। इसके फल आमतौर पर दाद, खुजली, खांसी व बुखार में उपयोग लिया जाता है। इस पेड़ पर अप्रैल व मई माह में ही फूल व फल खिलते हैं। अमलतास को संस्कृत में व्याधिघात, नृप्रद्रुम, आरग्वध, कर्णिकार, मराठी में बहावा, कर्णिकार, गुजराती में गरमाष्ठो, बंगला में सोनालू तथा लैटिन में कैसिया फिस्चुला कहते हैं। शब्दसागर के अनुसार हिंदी शब्द अमलतास संस्कृत अम्ल (खट्टा) से निकला है। भारत में इसके वृक्ष प्रायः सब प्रदेशों में मिलते हैं। तने की परिधि तीन से पांच कदम तक होती है, किंतु वृक्ष बहुत ऊंचे नहीं होते। धूपकाल (अप्रैल, मई) में पूरा पेड़ पीले फूलों के लंबे लंबे गुच्छों से भर जाता है। ऐसा माना जाता है कि फूल खिलने के बाद 45 दिन में बारिश होती है। इस कारण इसे गोल्डन शॉवर ट्री व इंडियन रेन इंडिकेटर ट्री भी कहा जाता है। शीतकाल में इसमें लगने वाली, हाथ सवा हाथ लंबी, बेलनाकार काले रंग की फलियां पकती हैं। इन फलियों के अंदर कई कक्ष होते हैं। जिनमें काला, लसदार, पदार्थ भरा रहता है। वृक्ष की शाखाओं को छीलने से उनमें से भी लाल रस निकलता है। जो जमकर गोंद के समान हो जाता है। फलियों से मधुर, गंधयुक्त, पीले कलझवें रंग का उड़नशील तेल मिलता है।



फोटो : विशाल सुथार

# पाली में नीट यूजी-2025 परीक्षा आयोजित

**पाली।** पाली में रविवार को नीट यूजी- 2025 परीक्षा का आयोजन किया गया। शहर के पांच केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। जहां कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित हो रही है। परीक्षा को लेकर सुबह 11 बजे से 1.30 बजे तक अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। मेटल डिटेक्टर, बॉयोमेट्रिक जांच के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। इसके साथ ही जिन लड़कियों ने कानों, नाक में गहने पहन रखे थे वे खुलवाएं गए। इसके साथ ही मन्नत के धागे, बेल्ट आदि खुलवाए गए। कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। परीक्षा को लेकर सिटी कोऑर्डिनेटर बनाए गए एचएल मीणा ने बताया कि परीक्षा को लेकर 2016 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। पाली शहर में बांगड़ कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, बांगड़ स्कूल, मिल एरिया गर्ल्स स्कूल, बालिया स्कूल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस बार दिव्यांगों की श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थी को परीक्षा देने के लिए एक घंटा अतिरिक्त दिया गया है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विभाग: प्रमुख अभियंता (मेकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल)
नं. ई.ई. मैक. (एस)/695/एम एंड ई दि. 02.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

महापालिका आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा पात्र बोलीदारों से मद दर आधार पर निम्न कार्यों हेतु **प्रतिशत दर आधार** पर ऑनलाइन **ई-निविदाएं** आमंत्रित है। बोली प्रारंभ की दिनांक व समय एवं बोली समापन की दिनांक व समय निविदा सेक्शन अंतर्गत बीएमसी वेबसाइट तथा पर साथ ही महाटेंडर पोर्टल पर विस्तृत निविदा सूचना में वर्णित है।

| क्र.सं. | | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025-एमसीजीएम-1176362-1 | एक वर्ष हेतु हिंदु स्मशान भुमि फेस- । तथा ॥, जी/दक्षिण वॉर्ड में पीएनजी फरनेस (3 नग) का संपूर्ण संचालन अनुबंध कार्य। |
| 2 | 2025-एमसीजीएम-1176335-1 | दो वर्ष हेतु सी वॉर्ड में जे.एस.एस. हिंदु स्मशान भुमि फेस- । में वायु प्रदुषण नियंत्रण प्रणाली का संपूर्ण संचालन एवं रखरखाव अनुबंध कार्य। |

इच्छुक निविदाकार निविदा की अधिक जानकारी हेतु महापालिका वेबसाइट http://portal.www.mcgm.gov.in या एनआईसी पोर्टल http://mahatenders.gov.in देखें।

PRO/298/ADV/2025-26 कार्य. अभि. मैक. (दक्षिण)

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# दिल्ली का गेम बिगाड़ेगी एसआरएच



**नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स जब 5 मई की शाम राजीव गांधी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से टकराएंगे तो मैदान पर गजब का माहौल होगा। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। दिल्ली के लिए एक हार यानी प्लेऑफ का रास्ता मुश्किल।**

## आज राजीव गांधी स्टेडियम में हैदराबाद और डीसी होंगे आमने सामने



### हर हाल में चाहिए दिल्ली को जीत

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। टीम को अपने पिछले दो मैच में घरेलू मैदान पर नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली ने अपने पिछले पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं और टीम लीग के इस महत्वपूर्ण चरण में और झटकों से बचने की कोशिश करेगी।

### गेम बिगाड़ने उतरेगी सनराइजर्स?

दूसरी ओर पिछले साल फाइनल तक पहुंचने वाली सनराइजर्स हैदराबाद इस बार प्लेऑफ से पहले ही बाहर हो गई। टीम अपने पास मौजूदा अनुभव का फायदा नहीं उठा पाई। कमिंस की अगुआई में शमी, ट्रेविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और जयदेव उनादकट कोई भी अपने कद के अनुरूप नहीं खेल पाए।

### अक्षर पटेल इंजर्ड

अक्षर पटेल चोट से जूझ रहे हैं। वह 30 अप्रैल को नाइटराइडर्स के खिलाफ फील्डिंग करते समय बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से चले गए थे। देखना यह होगा कि वह चोट से उबरकर सनराइजर्स के खिलाफ खेलते हैं या नहीं। अक्षर ने हालांकि चोटिल होने के बाद भी 23 गेंद में 43 रन की उम्दा पारी खेली थी। अगर वह चोट से पूरी तरह नहीं उबरते हैं तो उन्हें गेंदबाजी में समस्या हो सकती है। अक्षर ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया और अगर वह नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा।

# केकेआर ने राजस्थान को 1 रन से हराया



नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीज रविवार, को बेहद रोमांचक मुकाबला हुआ। ये दोनों की टीमें 2 अंक हासिल करने के लिए इस मैच की आखिरी बॉल तक लड़ीं। मैच की लास्ट बॉल पर राजस्थान को जीत के लिए तीन रनों की जरूरत थी और 2 रन बनाने पर मैच ड्रॉ हो जाता। लेकिन राजस्थान के बल्लेबाज केवल एक ही रन बना सके और दूसरे रन के लिए दौड़ते वक्त जोफ्रा आर्चर रन आउट हो गए। राजस्थान की टीम ये मैच जीतते-जीतते हार गई।

### राजस्थान के कप्तान ने किसे ठहराया दोषी?

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कोलकाता के खिलाफ मिली हार के बाद बड़ा बयान दिया है। रियान पराग ने इस मैच की हार का दोषी खुद को ही ठहराया है। मैच खत्म होने के बाद पराग ने कहा कि 'मैं आखिरी 2 ओवर तक मैच में टिकने की प्लानिंग कर रहा था, लेकिन मैं 18वें ओवर में ही आउट हो गया। आईपीएल के इतिहास में केकेआर ने दूसरी बार एक रन से मुकाबला जीता है, जबकि राजस्थान रॉयल्स एक रन से सबसे ज्यादा आईपीएल मैच हारने वाली संयुक्त रूप से पहली टीम बन गई है। आईपीएल के इतिहास में अब तक 15 बार ऐसा हुआ है जब टीम को महज एक रन से जीत मिली। हैरान करने वाली बात ये है कि इसमें से तीन बार राजस्थान रॉयल्स की टीम हार वाली टीमों में शामिल है, जो एक शर्मनाक रिकॉर्ड है। 3 या इससे ज्यादा बार अन्य कोई टीम आईपीएल में एक रन से मुकाबला नहीं हारी। राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले 2024 और 2012 में एक-एक रन से मुकाबला गंवाया था।

# गिलक्रिस्ट ने धोनी के फैसले की आलोचना

## खलील अहमद से 19वें ओवर में गेंदबाजी से नाखुश दिखे

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स को रोमांचक मुकाबले में दो रन से हराया। एमएस धोनी के नेतृत्व वाली चेन्नई सुपर किंग्स नौ मुकाबले हार चुकी है टूर्नामेंट में अब आगे नहीं बढ़ पाएगी। प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली चेन्नई पहली टीम थी। वहीं एडम गिलक्रिस्ट चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी द्वारा खलील अहमद को 19वें ओवर में गेंद देने के फैसले से नाखुश दिखे। तेज गेंदबाज खलील अहमद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर में 32 रन दिए और फिर पारी के आखिर में गेंदबाजी करने के लिए आए। रोमारियो शेफर्ड ने उनके ओवर में 33 रन बटोरे, जिसकी बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 213 रन बनाए।

### जडेजा से करा सकते थे गेंदबाजी



गिलक्रिस्ट ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि क्या कोई बड़ा अंतर लाया जा सकता था। खलील के पास वापस जाना जोखिम भरा था क्योंकि उन्होंने शुरुआती ओवर में ही 32 रन दे दिए थे। शायद कंबोज को दे सकते थे। यह देखते हुए कि नूर ने कहां समाप्त किया, स्पिन के एक अतिरिक्त ओवर के साथ जडेजा जा सकते थे। उन्होंने 45 डॉट गेंदें भी फेंकी।'' उन्होंने कहा, ''धोनी वह अभी भी नहीं दिखाता कि वह दुखी है। मुझे बस आश्चर्य है कि क्या अंदर से उसके लिए अभी भी एनर्जी पैदा हो रही है। क्या दिमाग अभी भी उसके लिए उतनी ही चतुराई से काम कर रहा है जितना हमेशा होता है, जैसे-जैसे वह अंत के करीब और करीब आता है।

# आयुष म्हात्रे के नाम अनचाहा रिकॉर्ड




■ आईपीएल में नर्वस 90S में आउट होने वाले सबसे युवा बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 94 रनों की पारी खेल अपनी प्रतिभा को दिखाया। 214 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए म्हात्रे ने मात्र 48 गेंदों पर 9 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से ये पारी खेली। उनको पवेलियन का रास्ता लुंगी एनगिडी ने आउट कर दिखाया। अपने पहले आईपीएल शतक से चूकने के बाद म्हात्रे काफी निराश होंगे, मगर नर्वस 90s में आउट होकर उन्होंने अपने नाम अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज किया। यह रिकॉर्ड है आईपीएल के इतिहास में नर्वस 90s में आउट होने वाले सबसे युवा बल्लेबाज का। पहले ये रिकॉर्ड पृथ्वी शॉ के नाम था। शॉ 19 साल 141 दिन की उम्र में केकेआर के खिलाफ 99 के निजी स्कोर पर आउट हुए थे। अब यह रिकॉर्ड टूट चुका है।

# ड्रग्स केस में फंसे कगिसो रबाडा

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। आईपीएल 2025 के बीच निजी कारणों का हवाला देते हुए वो स्वदेश लौट गए थे। ऐसा लगा कि कुछ दिनों बाद वो गुजरात टाइटंस के साथ जुड़ जाएंगे, लेकिन अब उनके वापस लौटने के पीछे की असली वजह सामने आ गई है। कगिसो रबाडा ने खुद चुप्पी तोड़ते हुए बड़ा खुलासा किया है।




रबाडा ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि उन्हें नशीली दवाई के उपयोग के कारण अस्थायी रूप से प्रतिबंध कर दिया गया है। बता दें कि आईपीएल 2025 में सिर्फ दो मैच खेलने के बाद रबाडा साउथ अफ्रीका लौट गए थे। ड्रग्स केस में फंसने के बाद कगिसो रबाडा की तरफ से एक स्टेटमेंट जारी किया गया है, जिसमें लिखा है- जैसा कि बताया गया है, मैं हाल ही में निजी कारणों से आईपीएल 2025 के बीच साउथ अफ्रीका लौट आया। इसका कारण एक नशीली दवाई का उपयोग है जो सही पाया गया है।


# म नो रं ज न



## सनी देओल के बॉर्डर 2 का लुक वायरल

सनी देओल फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग में बिजी है। इसी बीच फिल्म में सनी का लुक कैसा होगा, सेट से फोटोज सामने आई हैं। फिल्म 2026 में रिलीज होगी। फिल्म जाट को लेकर लाइमलाइट में बने सनी देओल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग के लिए देहरादून में हैं। फिल्म के सेट उनका लुक रिवील हुआ। बॉर्डर 2 के सेट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि फिल्म में सनी देओल का लुक कैसा होगा। बढ़ी दाढ़ी, कैप और खाकी वर्दी में सनी को फोटोज सामने आई है। आपको बता दें कि जाट की रिलीज के कुछ दिनों बाद सनी देओल अपनी फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग के लिए देहरादून पहुंचे। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर यहां के खूबसूरत नजरों की झलक भी दिखाई थी। सनी देओल की बॉर्डर 2 में वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ लीड रोल में हैं। बताया जा रहा है कि जल्दी ही ये स्टार्स भी शूटिंग सेट पर पहुंचेंगे। फिल्म 2026 में रिलीज होगी। बॉर्डर 2 डायरेक्टर जेपी दत्ता की 1997 में आई फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। बता दें कि बॉर्डर ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाया था। डायरेक्टर जेपी दत्ता ने बॉर्डर को 10 करोड़ के बजट में बनाया था और फिल्म ने 65.57 करोड़ का कलेक्शन किया था। 1997 में सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों की लिस्ट में बॉर्डर दूसरे नंबर पर थी। बॉर्डर में सनी देओल के साथ जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी, पुनीत इस्सर आदि कलाकार थे।

## बॉलीवुड एक्टर को डेट कर रहीं सारा तेंदुलकर



बॉलीवुड में 'गली बॉय' फिल्म से एंट्री करने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी एक्टिंग के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चाओं में बने रहते हैं। बता दें कि सिद्धांत चतुर्वेदी का नाम पिछले दिनों अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नंदा से जोड़ा जा रहा था। क्योंकि दोनों को कई बार साथ में देखा गया था। लेकिन लंबे समय से दोनों नजर नहीं आए। वहीं अब खबर आ रही है कि सिद्धांत चतुर्वेदी सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर को डेट कर रहे हैं। वहीं सारा का नाम भी पिछले दिनों क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ जोड़ा जा रहा था।फिल्मफेयर की रिपोर्ट्स की माने तो सारा तेंदुलकर को कई बार सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ देखा गया है। जिसके बाद से दोनों के डेटिंग की खबरें तेजी से फैलने लगीं। वहीं सोर्स की माने तो दोनों ने अपने रिलेशनशिप की शुरुआत ही की है और दोनों अपने इस रिश्ते को प्राइवेट रखना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों का बॉन्ड एक दूसरे के साथ काफी अच्छा है। दोनों को एक दूसरे की कंपनी अच्छी लगती है। दोनों एक दूसरे के साथ काफी कंफर्टेबल फील करते हैं। इसीलिए दोनों ना तो इस रिश्ते को लेकर कुछ कहना चाहते हैं और ना ही इसे खराब करना चाहते हैं।

## बॉलीवुड सबसे फेक इंडस्ट्री : बाबिल खान



बाबिल खान हिंदी सिनेमा के फेमस स्टार किड्स में से एक हैं। 2022 में ओटीटी फिल्म कला से अपने करियर की शुरुआत करने दिवंगत दिग्गज अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल का नाम इस वक्त लगातार सुर्खियां बटोर रहा है, जिसकी वजह एक विवादित वीडियो है। जिसमें उन्होंने बी टाउन का टारगेट किया था। कंट्रोवर्सी के चलते उन्होंने वीडियो डिलीट करने के साथ-साथ अब इंस्टाग्राम हैंडल को भी डिएक्टिव कर दिया है। बाबिल ने रविवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया था। जिसमें वह रोते हुए बॉलीवुड को लेकर विवादित बयान दिए थे। इसके अलावा उन्होंने इंडस्ट्री के कई फेमस स्टार किड्स पर भी निशाना साधा था। वीडियो में बाबिल बोलते हैं कि कई लोग हैं जैसे शनाया कपूर, अनन्या पांडे, अर्जुन कपूर और सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल और आदर्श गौरव। कई हैं और भी कई नाम हैं। बॉलीवुड काफी खराब है। बॉलीवुड काफी रूड है। वहीं दूसरे वीडियो में बाबिल बोलते हैं कि बॉलीवुड सबसे फेक इंडस्ट्री है। लेकिन कुछ लोग हैं जो चाहते हैं बॉलीवुड बेहतर हो, लेकिन यह बकवास है। वीडियो के एंड में वह रोते हुए भी दिखते हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले इरफान की 5वीं डेथ एनिवर्सरी पर बाबिल ने इरफान के साथ अपनी बचपन की फोटो शेयर की थी। उन्होंने लिखा था, आपके साथ और आपके बाद भी लाइफ चल रही है। जल्द मैं वहां आऊंगा। आपके साथ, आपके बिना नहीं और हम फिर हम साथ में भागेंगे।

## पाक एक्ट्रेस की पब्लिक टॉयलेट्स में लगी तस्वीरें



जम्मू-कश्मीर में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार से हर भारतीय नाराज है और अपने-अपने तरीके सेव गुस्सा जाहिर कर रहा है। अब एक पाकिस्तानी एक्ट्रेस की तस्वीरें मुंबई के पब्लिक टॉयलेट्स में लगी पाई गई हैं। जिस एक्ट्रेस की तस्वीरें मुंबई के म्युनिसिपल टॉयलेट्स में मिली हैं, उनका नाम है माहिरा खान। माहिरा वही एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने शाहरुख़ खान के साथ फिल्म 'रईस' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। मुंबई बेस्ड एक्टिविस्ट फैजान अंसारी ने माहिरा की तस्वीरें मुंबई के पब्लिक टॉयलेट्स में लगवाई हैं। उनकी मानें तो यह उनका पाकिस्तान को सबक सिखाने का तरीका है। एक एजेंसी से बातचीत के दौरान फैजान ने कहा कि उन्होंने एक अभियान के तहत मुंबई के पब्लिक टॉयलेट्स में माहिरा खान की तस्वीरें लगवाई हैं। इसके जरिए वे मैसेज देना चाहते हैं कि पूरा पाकिस्तान सिर्फ टॉयलेट साफ़ करने लायक है। फैजान अंसारी ने अपने बयान में यह भी कहा कि सिर्फ माहिरा खान ही नहीं, वे हानिया आमिर, फवाद खान, आतिफ असलम और 'पसूरी' फेम अली सेठी जैसे अन्य पाकिस्तानी कलाकारों के पोस्टर भी टॉयलेट्स में लगाने वाले हैं। माहिरा खान के बारे में ज्यादा बात करें तो वे 2006 से एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में काम कर रही हैं। उन्होंने शुरुआत रेडियो जॉकी के तौर पर की थी। लेकिन 2011 में पाकिस्तानी फिल्म 'बोल' से उन्होंने एक्टिंग वर्ल्ड में कदम रखा।

## फिर किलर बनेंगी तापसी पन्नू



### हसीन दिलरुबा का तीसरा पार्ट कंफर्म

एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने अलग-अलग जॉनर में काम किया है। तापसी ने नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म हसीन दिलरुबा में एक किलर का किरदार निभाया था। तापसी की क्राइम थ्रिलर फिल्म हसीन दिलरुबा फैंस को खूब पसंद आई थी। इसके बाद इस फिल्म का सीक्वल आया था। फैंस को वो सीक्वल भी बहुत पसंद आया था। अब इस फिल्म के तीसरे पार्ट की तैयारी चल रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हसीन दिलरुबा के तीसरे पार्ट की स्क्रिप्ट राइटिंग पर काम चल रहा है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने पोर्टल को बताया, "यह प्लेटफॉर्स के लिए सबसे सफल टाइटल्स में से एक है। इसलिए उद्देश्य है एक ज्यादा मजेदार, जूसी और थ्रिलिंग पार्टी 3 बनाना है।" फिल्म के पार्ट 3 की चर्चा कब शुरू हुई जब तापसी पन्नू ने कुछ हफ्तों पहले फिर आई हसीन दिलरुबा की एक क्लिप शेयर की थी। उसके साथ कैप्शन था- "पागलपन को याद कर रही हूं।

दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# राजधानी में पकड़ी गईं छह बांग्लादेशी महिलाएं

नई दिल्ली। दिल्ली में पूर्वी जिला पुलिस ने बिना वैध दस्तावेजों के शहर में रह रही छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मंडावली पुलिस स्टेशन की एक टीम ने एक महिला को पकड़ा, जिससे पूछताछ के बाद पहाड़गंज इलाके से पांच अन्य महिलाओं को भी हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मीम अख्तर (23), मीना बेगम (35), शेख मुन्नी (36), पायल शेख (25), सोनिया अख्तर (36) और तानिया खान (34) के रूप में हुई है। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (FRRO) की सहायता से महिलाओं के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई शुरू की गई है। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी दी है।



### अवैध रूप से बसाने वाले गिरोह का खुलासा

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत की सीमा में प्रवेश कराकर उनको बसाने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में गैंग लीडर समेत 6 बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा फर्जी दस्तावेज तैयार कराने, इनके रहने, नौकरी लगवाने वाले तमाम इंतजाम करवाने वाले पांच भारतीय नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। गिरोह देश की दूसरी सीमाओं से बांग्लादेशी नागरिकों को अपने एजेंट के जरिए भारत की सीमा में प्रवेश करवाते थे। इसके बाद उनको देश के दूसरे शहरों में भेजकर फर्जी कागजातों के आधार पर इनके आधार समेत दूसरे दस्तावेज तैयार करवा देते थे। इसके बाद यह लोग बड़ी आसानी से भारत में रहते थे। यहां यह लोग छोटे-मोटे काम करते थे। गिरोह इनको काम दिलवाने में मदद करने के अलावा सब्सिडी भी दिलवाने में मदद करते थे।

### ऐसे हुआ गिरोह का खुलासा

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार ने बताया कि 12 मार्च 2025 को उनकी टीम को खबर मिली कि पहाड़ी नंबर-2, तैमूर नगर, न्यू फ्रेंड्स कालोनी में एक बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहा है। पुलिस ने असलम उर्फ मासूम (25) को एरिया से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि वह बांग्लादेश का रहने वाला है। टीम ने उसके पास से भारत का आधार कार्ड और बांग्लादेशी आईडी बरामद की। जांच में पता चला कि आरोपी सब्सिडी भी ले रहा था। पुलिस ने न्यू फ्रेंड्स कालोनी थाने में उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। असलम से पूछताछ के बाद पुलिस को गिरोह सरगना चांद मियां का पता चला। इसके बाद एक-एक कर पांच और बांग्लादेशी नागरिकों को दबोच लिया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

असलम उर्फ मासूम, मो. अली हुसैन, मो. मीजान, फातिमा अफरोज, रादिश मुल्ला, हरिनगर आश्रम, दिल्ली निवासी मो. अनीस, तैमूर नगर दिल्ली निवासी राजन कुमार यादव, ओल्ट जसोला गांव निवासी रहीसुद्दीन अली, फरीदाबाद निवासी शब्बीर तथा असम निवासी लुकमान अली।

### बरामद किया सामान

फर्जी कागजातों के आधार पर बने 11 आधार कार्ड, बांग्लादेशी नागरिकता के कागजात, एक कंप्यूटर, चार हार्डडिस्क, कलर प्रिंटर, आंख और फिंगर स्कैन करने वाली मशीन, फर्जी जन्म और जाति प्रमाण पत्र, 9 मोबाइल व 19 हजार कैश और अन्य सामान।

# अब एक ही एप में मिलेंगी चुनाव संबंधी सुविधाएं

▶▶ 40 से ज्यादा मौजूदा एप्स होंगे खत्म



नई दिल्ली। चुनाव आयोग अब देशभर के करोड़ों मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा डिजिटल बदलाव करने जा रहा है। आयोग जल्द ही ECINET नामक एक सिंगल-प्लेटफॉर्म एप लॉन्च करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह एप चुनाव आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत कर देगा। ECINET एप को खास तौर पर बेहतर यूज़र इंटरफेस और सरल यूजर एक्सपीरियंस के साथ तैयार किया जा रहा है, जिससे मतदाता और अधिकारी बिना किसी झंझट के चुनाव से जुड़ी हर जानकारी तक पहुंच सकें। अब बार-बार अलग-अलग एप्स डाउनलोड करने और पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी।

### मोबाइल-डेस्कटॉप पर मिलेगी जानकारी

इस आधुनिक प्लेटफॉर्म की कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ग्यानेश कुमार ने मार्च 2025 में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में की थी। जिसमें चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी भी मौजूद थे। उपयोगकर्ता अब अपने मोबाइल से ही जरूरी चुनावी जानकारी तक पहुंच पाएंगे। इस ऐप पर अपलोड की जाने वाली सभी जानकारियां केवल अधिकृत चुनाव अधिकारी ही दर्ज करेंगे।

### ये एप्स होंगे ECINET में शामिल

इस नई पहल के तहत चुनाव आयोग Voter Helpline App, Voter Turnout App, cVIGIL, Suvidha 2.0, ESMS, Saksham और KYC App जैसे पॉपुलर एप्स को भी ECINET में मर्ज कर देगा। गौरतलब है कि इन एप्स को अब तक 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।

### 100 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को फायदा

ECINET से न केवल 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं को सुविधा होगी, बल्कि देशभर के 10.5 लाख बूथ लेवल अफसर, 15 लाख राजनीतिक एजेंट्स, 45 लाख से ज्यादा पोलिंग अधिकारी, 15,597 असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 4,123 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अफसर और 767 जिला चुनाव अधिकारी (DEO) भी इससे जुड़ेंगे। ECINET का डेवलपमेंट अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुका है और इसकी कार्यक्षमता, उपयोग में सरलता और साइबर सुरक्षा को लेकर कड़े ट्रायल्स किए जा रहे हैं।

भाजपा विधायक दल की बैठक

# दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र का एलान

▪ प्राइवेट स्कूल फीस एक्ट होगा पेश

नई दिल्ली। दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए दो दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया। इस सत्र में प्राइवेट स्कूल फीस एक्ट को विधानसभा में पेश किया जाएगा। दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने कहा कि विधायक दल की बैठक आने वाले विधानसभा सत्र की तैयारी को लेकर थी और सभी विधायकों ने आपस में अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि 125 साल में दिल्ली में मई में इतनी बारिश कभी नहीं हुई और एक घंटे के अंदर जलभराव की समस्या हल हो गई। हमारी मानसून की सही तैयारी चल रही है और हम सफल होंगे। साथ ही



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में मेडिकल लीगल एविडेंस एंड पेशेंट रिपोर्टिंग पोर्टल का शुभारंभ किया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य मेडिको-लीगल दस्तावेजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही को बढ़ाना है। इस अवसर पर गृह मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एक वैन भी लॉन्च की गई।

# राजस्थान के छात्र की हृदयगति रुकने से मौत

## लगा हुआ था पेसमेकर

पंतनगर। उत्तराखंड में पंतनगर विवि के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में पीएचडी द्वितीय वर्ष के छात्र की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मृतक छात्र हर्षित जानी (30) राजस्थान का निवासी बताया जा रहा है। वह यहां चितरंजन भवन-2 (छात्रावास) के कमरा नंबर-27 में रहता था। विवि चिकित्सालय के डा. विजय विश्वास के अनुसार छात्र को पहले से पेसमेकर लगाया गया था। जिसमें हो सकता है किसी डिफेक्ट के चलते उसकी मौत हुई है। छात्र को जब विश्वविद्यालय चिकित्सालय में लाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसकी पुष्टि के लिए उसे जिला अस्पताल रुद्रपुर रेफर कर दिया गया है।



# अभी तक पाकिस्तान से लौटे 1571 भारतीय

अमृतसर। अमृतसर में अटारी सीमा पर शनिवार को पाकिस्तान वापस जाने के लिए पाकिस्तानी नागरिक नहीं पहुंचे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में वीजा पर एक-दूसरे देश गए लोगों को वापस भेजने का क्रम शुरू किया गया था, लेकिन शनिवार को दोनों ओर से किसी भी नागरिक का आना नहीं हुआ। इसके चलते दोनों देशों की ओर से अटारी व वाघा सीमा पर गेट नहीं खोले गए। शाम को भारत में रिट्रीट सेरेमनी भी गेट बंद करके हुई। रिट्रीट सेरेमनी देखने रोजाना के मुकाबले बहुत ही कम दर्शक व पर्यटक थे।



### 1035 पाकिस्तान लौटे

### नहीं पहुंचा कोई वाहन

▪ अटारी सीमा पर शनिवार को वाहन भी नहीं पहुंचे थे। पिछले कुछ दिनों से अटारी सीमा पर लोगों का हुजूम उमड़ रहा था। पाकिस्तान से वीजा पर भारत आए लोगों को देश छोड़ने का आदेश केंद्र सरकार की ओर से दिया गया था। जो लोग समय सीमा पर नहीं आए, उन्हें पुलिस ने डिपोर्ट किया था। शनिवार को अटारी सीमा के समीप सन्नाटा पसरा रहा।

### 1571 भारतीय लौटे

अभी तक के रिकॉर्ड के अनुसार पाकिस्तान से 1571 भारतीय वापस भारत आ चुके हैं, जबकि भारत से 1035 पाकिस्तानी वापस अपने मुल्क जा चुके हैं। अब दोनों देशों ने एक-दूसरे देश आने जाने की समय सीमा समाप्त कर दी है। भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अगर कोई पाकिस्तानी भारत में गैर कानूनी ढंग से रहता पाया जाता है तो उसे कानून के अनुसार तीन वर्ष की कैद या तीन लाख रुपए जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अब सरकार की सुरक्षा एजेंसियां भारत में गैर कानूनी ढंग से छिपकर बैठे पाकिस्तानियों को पकड़ने का अभियान शुरू करेंगी।

# सीमा के घर हंगामा, सिरफिरे के खिलाफ केस दर्ज

ग्रेटर नोएडा/रबूपुरा। पाकिस्तानी से आई सीमा हैदर के घर में घुसने वाले आरोपी के खिलाफ रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में सीमा हैदर की सास एवं सचिन मीणा की मां रितु देवी ने कोतवाली रबूपुरा में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में रितु देवी ने आरोप लगाया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने शनिवार को उनके घर का दरवाजा जबरन खोलने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुलने पर वह व्यक्ति जोर-जोर से चिल्लाने लगा और हंगामा करने लगा। घर के अन्य सदस्यों के अनुसार उस समय घर के अंदर महिलाएं एवं बच्चे मौजूद थे, जिससे सभी काफी डर गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। पुलिस ने रितु देवी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि शनिवार को सचिन



व सीमा निवासी रबूपुरा के घर के पास एक व्यक्ति के होने की सूचना प्राप्त थी। सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति तेजस झानी निवासी सुरेन्द्र नगर गुजरात को गिरफ्तार किया गया है। उक्त व्यक्ति की मानसिक हालत ठीक प्रतीत नहीं हो रही है। विस्तृत पूछताछ के उपरांत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सीमा को डिटेंशन सेंटर में रखने की मांग

सीमा हैदर की जमानत कराने वाले अधिवक्ता हेमंत पराशर का कहना है कि जिस तरह पाकिस्तान से आए आतंकियों द्वारा निर्दोष भारतीयों की हत्या गई है, उसके बाद भारत सरकार ने सख्त फैसला लेते हुए पाकिस्तान के वीजा धारकों को उनके देश भेजा जा रहा है। इसलिए भारत सरकार से अपील है कि अवैध तरीके से भारत आई सीमा हैदर को भी तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान भेजा जाए। भले ही उन्होंने तब सीमा की जमानत कराई थी, लेकिन अब वह चाहते हैं कि सीमा हैदर को पाकिस्तान भेजा जाए। कागजों में आज भी वह सीमा हैदर के अधिवक्ता हैं। उनका कहना है अगर सीमा को पाकिस्तान नहीं भेजा जा सकता है तो कम से कम उन्हें जब तक मामला न्यायालय में लंबित है, उनको डिटेंशन सेंटर में रखा जाए। कुछ लोग कह रहे हैं कि सीमा को भारत की नागरिकता मिलेगी। जबकि सीमा को भारत की नागरिकता कभी नहीं मिल सकती है क्योंकि वह अवैध तरीके से भारत आई है। पूर्व में जो महिलाएं पाकिस्तान से आईं, वह भारतीयों पुरुषों के साथ गर्भवती होने के बाद मां बनीं तो उन्हें नागरिकता मिल जाती थी। लेकिन यह कानून बहुत पहले समाप्त हो चुका है।

# बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल ट्रैप



▪ 20 लाख रुपए की पहली किस्त लेते धरा

▪ रिश्वत की राशि लेकर गनमैन हुआ फरार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय से बड़ी खबर सामने आई है। बांसवाड़ा के बागीदौरा से भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को रिश्वत मामले में ट्रैप किया गया है। यह कार्रवाई उस समय हुई, जब विधायक के गनमैन के जरिए 20 लाख रुपये की पहली किस्त के रूप में कथित रिश्वत ली जा रही थी। बताया जा रहा है कि कुल 2.5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। ACB की टीम ने जयकृष्ण पटेल को हिरासत में ले लिया है और फिलहाल विधायक आवास पर कार्रवाई जारी है। वहीं, रिश्वत की रकम लेकर फरार हुए गनमैन की तलाश की जा रही है। इस मामले को लेकर ACB के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा आज शाम 5:30 बजे प्रेस वार्ता करेंगे, जिसमें कार्रवाई से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। विधायक की गिरफ्तारी से प्रदेश की सियासत में हलचल मच गई है और सभी की नजरें अब आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# कोटा : आरटीओ इंस्पेक्टर ने काटा ट्रेलर का चालान

## गुस्साए चालक ने कुचलकर मार डाला

कोटा। कोटा ग्रामीण के मंडाना थाना इलाके में आरटीओ के एक इंस्पेक्टर को ट्रेलर ने कुचलकर मार डाला। बताया जा रहा है कि इंस्पेक्टर ने ट्रेलर का चालान काटा था। इससे उसका चालक गुस्साया हुआ था। उसी के चलते उसने इंस्पेक्टर को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही महकमे के अधिकारी सन्न रह गए। पुलिस ने शव को स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। घटना के बाद परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में जबर्दस्त आक्रोश फैल गया है। पुलिस के अनुसार यह वारदात शनिवार को दोपहर बाद कोटा झालावाड़ हाइवे नंबर 52 पर गोपालपुरा गांव के पास हुई। आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार गोपालपुरा के पास अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान वहां आए तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनको कुचल दिया। हादसे में आरटीओ इंस्पेक्टर की गाड़ी की क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा एक बोलेरो का ड्राइवर देवेंद्र भी घायल हो गया।



घटना की जानकारी मिलते ही मंडाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उसने इंस्पेक्टर नरेश कुमार और बोलेरो चालक को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। वहां नरेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर डा. रविंद्र गोस्वामी और कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर समेत परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा और पूरी घटना की जानकारी ली। घटना में इंस्पेक्टर नरेश की मौत के बाद उनके परिजनों में कोहराम मच गया और वे अस्पताल पहुंचे। देर रात चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इंस्पेक्टर नरेश की मौत के बाद परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में सुरक्षा की बात को लेकर आक्रोश फैल गया। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने उनसे बातचीत की। उन्होंने आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# चलती ट्रेन में गूंजी किलकारी

सवाई माधोपुर। कहते हैं कि जन्म और मरण पर किसी का जोर नहीं चलता। ऐसा ही कुछ सवाई माधोपुर में हुआ, जब एक महिला को चलती ट्रेन में प्रसव पीड़ा हुई और उसने ट्रेन के टॉयलेट में ही बच्चे को जन्म दे दिया।



गर्भवती ने बच्चे को दिया जन्म, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। सवाई माधोपुर आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर जयप्रकाश बघेल के मुताबिक सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय की हम्मीर पुलिया कच्ची बस्ती निवासी कन्हैया अपनी गर्भवती पत्नी पूजा और तीन बच्चों के साथ गंगापुर सिटी से नंदादेवी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर सवाई माधोपुर लौट रहा था। जैसे ही गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन से रवाना होकर ट्रेन ने स्पीड पकड़ी, पूजा को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, उसने कन्हैया को इसकी जानकारी दी लेकिन पूजा की पीड़ा लगातार बढ़ती गई और असहनीय हो गई। इस पर पूजा ट्रेन के टॉयलेट में चली गई। कन्हैया ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से मदद की गुहार लगाई। पति-पत्नी की हालत देखकर कुछ सहयात्री मदद के लिए आगे आए और तुरंत रेलवे गार्ड और जीआरपी को सूचना दी लेकिन तब तक पूजा ने ट्रेन के टॉयलेट में ही बच्चे को जन्म दे दिया। सहयात्रियों और कन्हैया की मदद से पूजा को टॉयलेट से बाहर निकाला गया और टॉयलेट के पास ही जच्चा-बच्चा को लिटा दिया गया। इसी दौरान ट्रेन सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई। यात्रियों की सूचना पर पहले से मौजूद जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे अस्पताल का स्टाफ मौके पर पहुंचा। जैसे ही ट्रेन रुकी रेलवे अस्पताल की टीम ने मां और नवजात की जांच की और दोनों को स्वस्थ पाया। इसके बाद जच्चा-बच्चा को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया गया, जहां दोनों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

# जितना खेलेगा, उतना निखरेगा बिहार का लाल

## वैभव सूर्यवंशी ने जीता मोदी का भी दिल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



ने बिहार के पटना में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह को वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर कहा कि बिहार के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने सबका ध्यान खींचा है, वो जितना खेलेगा वो उतना निखरेखा। मोदी ने कहा कि 'हम सभी ने आईपीएल में बिहार के बेटे वैभव सूर्यवंशी का शानदार प्रदर्शन देखा है। वैभव ने इतनी कम उम्र में इतना बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। उनके खेल के पीछे उनकी मेहनत तो है ही, लेकिन अलग-अलग स्तर पर मैच खेलने से भी उन्हें मदद मिली है। इसका मतलब है 'जो जितना खेलेगा, वह उतना ही खिलेगा।' प्रधानमंत्री ने रविवार को बिहार में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाएगा और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के दौरान बिहार के अलग-अलग हिस्सों में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत में खेल अब एक संस्कृति के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं।



# सड़क हादसा देख प्रियंका गांधी ने रुकवाया काफिला

कोझिकोड। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार रात केरल के ईंगप्पुझा इलाके में एक सड़क हादसा होते देखा, तो उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवा दिया। उन्होंने अपने काफिले में मौजूद डाक्टर को मौके पर बुलाया और घायलों का प्राथमिक इलाज करवाया। इसके बाद उन्होंने एंबुलेंस में मौजूद मेडिकल टीम को निर्देश दिया कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जाए। यह हादसा कोझिकोड जिले में हुआ, जब कोयिलांडी निवासी नौशाद और उनके परिवार की कार की टक्कर एक दूसरी कार से हो गई। इस दौरान प्रियंका गांधी का काफिला वहां से गुजर रहा था। उन्होंने न केवल रुककर घायलों से बात की बल्कि उनकी हालत की जानकारी भी ली। प्रियंका गांधी इन दिनों वायनाड के तीन दिवसीय दौरे पर केरल में हैं। इस दौरान उन्होंने कई इलाकों का दौरा किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। कांग्रेस की ओर से साझा वीडियो में देखा गया कि प्रियंका गांधी घायलों से बातचीत कर रही थीं।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर टकराए कई वाहन

## पांच की मौत, आठ घायल

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। गौरतलब है कि हादसा किसी एक वाहन के साथ नहीं हुआ बल्कि कई वाहन एक के बाद एक दूसरे से टकराए, जिनमें पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह ओंगोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर पहली दुर्घटना सुबह करीब 4:50 बजे हुई। जहां टायर पंक्चर होने के कारण लेन 1 पर खड़े ट्रक को पोल्ट्री वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे चालक और दो क्लीनर की मौत हो गई। इसके तुरंत बाद, एक वाहन ने पोल्ट्री वाहन को टक्कर मार दी, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना के कारण एक किलोमीटर से अधिक लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। ट्रैफिक जाम के कारण अमरावती से तिरुपति जा रही एक कार ने एक खड़े ट्रक को टक्कर मार दी, जिसमें गुंटूर जिले के छह यात्री सवार थे। एक दूसरे ट्रक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी, जिससे कार दो भारी वाहनों के बीच में फंस गई। इसके चलते दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए।

